5 page 1_01.qxd 10/4/2023 9:25 PM Page 1




अगर मेरे मां बाप भी यही सोचते.....

पेज- 6

# दैनिक भरोसा मित्र

ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की



परियोजनाओं को ... पर ...

पेज- 3

■ वर्ष:1 ■ अंक: 26 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादकः सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ गुरुवार ■ 05 अक्टूबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117


## न्यूज डायरी

### ईडी ने ममता बनर्जी के भतीजे व उसकी पत्नी को पूछताछ के लिए बुलाया

**कोलकाता :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ममजा बनर्जी के भतीजे,टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी को नया समन जारी किया। उसकी पत्नी रुजिरा को भी पूछताछ के लिए बुलाया है। जानकारी के अनुसार ईडी ने पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में अभिषेक बनर्जी को बुलाया है। उसकी पत्नी रुजिरा को भी 11 अक्तूबर को बुलाया है।

### बैंकॉक के मॉल में चली गोलियां, दो की हत्या

**बैंकॉक:** यहां के सबसे बड़े और सबसे महंगे शॉपिंग स्थलों में से एक सियाम पैरागॉन मॉल में मंगलवार दोपहर हुई गोलीबारी में एक चीनी नागरिक सहित दो लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने इस शूटिंग के मामले में एक किशोर बंदूकधारी को एक घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि संदिग्ध ने नकली हैंडगन का इस्तेमाल किया था जिसे असली गोलियां चलाने के लिए मॉडिफाई किया गया था।

### छापे के बाद आप सांसद संजय सिंह गिरफ्तार

**नई दिल्ली :** दिल्ली के शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार सुबह आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के आवास पर छापेमारी की। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। ईडी ने 11 घंटे लंबी पूछताछ के बाद आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार किया है। इससे पहले दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी हुई थी।विपक्षी दल और केंद्र सरकार आमने-सामने आ गई। विपक्षी दल केंद्र पर आरोप लगाकर इसे बदले की कार्रवाई बता रहे हैं। भाजपा ने इन आरोपों को लेकर पलटवार किया है।प्रेस वार्ता में भाजपा नेता गौरव भाटिया ने कहा कि देश और दिल्ली की जनता जानती है कि शराब घोटाले के मुख्य सरगना अरविंद केजरीवाल है, उन्हीं के इशारे पर दिल्ली में ये शराब घोटाला हुआ।

### सिक्किम में ग्लेशियर से बनी झील फटने से तबाही

**गंगटोक :** बीती रात आई बाढ़ से तबाही का कारण बादल फटना नहीं, ग्लेशियर से बन झील बताया गया है,जिससे भरी तबाही हुई है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, इसी तरीके की घटना उत्तराखंड के चमोली और केदारनाथ में भी हुई थी। सिक्किम के तीन जिले मंगन, गंगटोक और पाक्योंग सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। सड़कें, हाईवे और पुल ताश के पत्तों की तरह ढह गई। वीडियो में तबाही का मंजर साफ देखने को मिल रहा है।इससे पूर्व तीस्ता नदी में अचानक आई बाढ़ में सेना के 23 जवान भी लापता हो चुके हैंऔर दो लोगों की मौत हो चुकी है।

### रणबीर कपूर को ईडी का समन,हवाला से पैसे लेने का आरोप

**मुंबई :** फिल्म अभिनेता रणबीर कपूर को ईडी ने बुधवार को समन भेजा है। एजेंसी ने उन्हें 6 अक्टूबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। महादेव ऑनलाइन बेटिंग ऐप के 5 हजार करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस में रणबीर का नाम आया है।

कोर्ट ने कहा : केंद्र सरकार दोनों राज्यों के बीच में इस विवाद का हल निकालने के लिए पहल करे

# एसवाईएल पर पंजाब सरकार को सुप्रीम फटकार

### केंद्र सरकार को पंजाब में एसवाईएल नहर बनने की प्रक्रिया को लेकर सर्वे शुरू करने का आदेश

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एसवाईएन नहर विवाद सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को फटकार लगाई है। कोर्ट ने पंजाब की सरकार का सख्त हिदायत देते हुए कहा कि वह इस मामले में राजनीति न करे। कोर्ट ने केंद्र सरकार को पंजाब में एसवाईएल नहर बनने की प्रक्रिया को लेकर सर्वे शुरू करने का आदेश दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को केंद्र सरकार के सर्वे करने की प्रक्रिया में मदद करने के लिए कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार को इस मामले में केंद्र सरकार दोनों राज्यों को बीच में इस विवाद का हल निकालने के लिए पहल करे। हरियाणा में एसवाईएल नहर बनाने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई है लिहाजा पंजाब भी इस समस्या का हल निकालने की दिशा में काम करे

**2024 में होगी अगली सुनवाई**

कोर्ट ने कहा कि हम लंबे समय से चल रहे इस विवाद का हल निकालने की दिशा में काम कर रहे हैं। उम्मीद है कि पंजाब सरकार भी इस दिशा में काम करेगी।


इस संबंध में कोर्ट ने केंद्र सरकार से यह भी रिपोर्ट मांगी कि पंजाब में एसवाईएल नहर के निर्माण के मौजदा हालात कैसे हैं। सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई जनवरी 2024 के दूसरे हफ्ते में करेगा ।

**हरियाणा गया सुप्रीम कोर्ट की शरण में**

जब पंजाब ने हरियाणा से 18 नवंबर,1976 को 1 करोड़ रुपए लिए और 1977 को पंजाब ने एसवाईएल के निर्माण को मंजूरी दी। बाद में उसने नहर के निर्माण को लेकर आनाकानी शुरू कर दी। इस पर 1979 में हरियाणा ने इस नहर के निर्माण की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट की शरण में गया और याचिका दायर कर दी।



### मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जताया सुप्रीम कोर्ट का आभार



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एसवाईएल के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी किए गए आदेशों पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए उसका आभार जताया। उन्होंने पंजाब सरकार से सुप्रीम कोर्ट के आदेश की पालना सुनिश्चित करने की मांग की। सीएम ने कहा कि एसवाईएल हरियाणा की जीवनरेखा है और हरियाणावासियों का हक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पंजाब सरकार सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों पर अविलंब अमल करेगी। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से अपील की कि वह एसवाईएल के सर्वे का कार्य बिना देरी के पूर्ण करवाकर हरियाणा को वर्षों से लंबित उसका हक़ दिलवाने का कार्य करे।

### भगवंत मान ने अमित शाह के सामने उठाया था मुद्दा



बता दें कि बीते दिनों देश के गृहमंत्री अमित शाह अमृतसर आए थे। इस दौरान उन्होंने पंजाब, हरियाणा और हिमाचल के राज्यों के मुख्यमंत्रियों से मुलाकात की थी। इस मुलाकात में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एसवाईएल का मुद्दा उठाया था।

### जब उड़ाया था हरियाणा का मजाक

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि हमारे पास किसी राज्य को देने के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है। जितना पहले से जा रहा है, वह जा ही रहा है। उन्होंने यह तंज भी कसा था कि जब पंजाब में बाढ़ का पानी आया तो तब हरियाणा ने क्यों मांगा कि यह पानी हमें दिया जाए।

### ''मै सुप्रीम कोर्ट के फैसले का दिल की गहराइयों से स्वागत करता हूं : विज



हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज कहा कि ''मैं आज माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले का दिल की गहराईयों से स्वागत करता हूं, क्योंकि हरियाणा की जनता एसवाईएल का पानी लेने के लिए सालों से इंतजार कर रही है''। उन्होंने कहा कि एसवाईएल के पानी का इंतजार खेतों और लोगों को है परंतु पंजाब अपनी हठधर्मिता नहीं छोड रहा है। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि जिस प्रकार से आज माननीय सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब को कहा है इसका रास्ता प्रषस्त होगा और एसवाईएल जल्द ही बनकर तैयार होगी। विज आज यहां पत्रकारों द्वारा एसवाईएल के संबंध में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय के बारे पूछे गए प्रष्न का उत्तर दे रहे थे।

### हरियाणा के लिए राहत की बात : धनखड़



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ का कहना है कि इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट का अंतिम निर्णय हरियाणा के पक्ष में आ गया है।यह राहत और संतोष की बात है। उन्होंने कहा कि हरियाणा और दिल्ली दोनों की वास्तविक जरूरतों को देखते हुए,अब वक्त आ गया है कि पंजाब सरकार बहानेबाजी छोड़कर जल्द से जल्द एसवाईएल नहर के निर्माण में सहयोग करे। उन्होंने कहा कि पानी की मात्रा के घटने -बढ़ने के हिसाब से बीच बीच में माप की जा सकती है, पिछले छह दशकों के संघर्ष के बाद शांतिपूर्ण तरीक़े से हरियाणा को उसका हक मिलना चाहिए।धनखड़ ने जोर दिया कि पंजाब और दिल्ली दोनों राज्यों में आप की सरकार है, इसलिए अब इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

### एशियन गेम्स : भारत ने एक स्वर्ण और तीन कांस्य पदक जीते

**हांगझोऊ, एजेंसी ।** एशियाई खेलों में 11वें दिन भारत को कुल 12 पदक मिले। इसमें तीन स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। एशियाई खेलों में 11वां दिन भारत के लिए बेहद शानदार रहा। भारत ने कुल 12 पदक जीते। इसमें तीन स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य शामिल हैं। बता दें कि इस प्रतियोगिता में यह सिर्फ दूसरा दिन था, जब भारत ने 10 से ज्यादा पदक जीते। इससे पहले आठवें दिन भारत को 15 पदक मिले थे। पानीपत के नीरज चोपड़ा अपने चौथे प्रयास में जैवलिन को 88.88 मीटर दूर फेंकते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। नीरज के अलावा किशोर जेना ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल को अपने नाम किया।एशियन गेम्स के इतिहास में जैवलिन थ्रो में भारत ने पहली बार एकसाथ गोल्ड और सिल्वर मेडल जीता है। पारूल चौधरी और अन्नू रानी ने 5000 मीटर महिला फाइनल और महिला जेवलिन में स्वर्ण पदक जीते। भारतीय क्रिकेट टीम ने नेपाल को मात देकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। भारतीय महिला हॉकी टीम ने भी अंतिम-4 में अपनी जगह बनाई।

## सीएम ने पुलिसकर्मियों का वर्दी भत्ता ढाई गुना बढ़ाया

# पुलिस देश के प्रति सेवा का सम्मान : मनोहर

### प्रदेश के थानों की अब होगी रैंकिंग, एक से 7 तक मिलेंगे स्टार

**शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र**

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को करनाल में हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में आयोजित प्रोबेशनर सब इंस्पेक्टर की दीक्षांत परेड समारोह में प्रोबेशनर सब इंस्पेक्टर का मनोबल बढ़ाते हुए उनसे आह्वान करते हुए कहा कि पुलिस केवल एक रोजगार नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और देश के प्रति सेवा का सम्मान है। इसलिए पुलिसकर्मियों को सदैव अपनी वर्दी का सम्मान रखते हुए जन सेवा के लिए स्वयं को समर्पित करना चाहिए। आपक कंधे पर जो बैज लगा हैए हम सभी उसका सम्मान बढ़ाते हैं और यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी होनी चाहिए



कि पुलिस बल का सम्मान बना रहे। दीक्षांत परेड समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री ने प्रोबेशनर उप निरीक्षक बैच संख्या.20 में प्रथम रहे प्रोबेशनर सब इंस्पेक्टर सचिन कुमार, द्वितीय स्थान पर रहे प्रोबेशनर सब इंस्पेक्टर मंजित और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रोबेशनर सब इंस्पेक्टर टीना को प्रशंसा पत्र व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। दीक्षांत समारोह में कुल 441 प्रोबेशनर सब इंस्पेक्टर ने कर्तव्य परायणता की शपथ ली और जन सेवा के लिए स्वयं को समर्पित किया। इनमें 380 पुरुष तथा 61 महिलाएं शामिल हैं।

सीएम ने सुझाव देते हुए कहा कि जिस प्रकार पुलिस अधिकारियों की पदोन्निति होती है और वर्दी पर स्टार बढ़ते जाते हैंए उसी प्रकार पुलिस थानों की भी स्टार रैंकिंग होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्दी पर स्टार एक व्यक्ति की पहचान के लिए ठीक हो सकता हैए लेकिन पुलिस थानों को भी उच्च बनाने के लिए एक नई पहल करनी चाहिए। इसमें थाने का संचालनए कार्य का वातावरणए स्वच्छताए सुंदरताए भवन इत्यादि श्रेणियों को शामिल करते हुए स्टार रैंकिंग दी जानी चाहिए। अलग-अलग मापदंडों के लिए एक से लेकर 7 तक स्टार मिलेंगे तो नागरिकों का विश्वास भी उस थाने की ओर उतना ही ज्यादा बढ़ेगा।

### हर पुलिस लाइन में खुलेगी ई.लाइब्रेरी

मनोहर लाल ने कहा कि शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने व गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के लिए सरकार ने निरंतर कदम उठाए हैं। हर पुलिस लाइन में ई.लाइब्रेरी खुलवाई जाए, ताकि पुलिसकर्मियों के बच्चे भी बेहतर तरीके से पढ़ाई कर सकें। पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य की जांच भी लगातार करवाई जानी चाहिए। सीएम ने परेड में शामिल जवानों तथा उनके माता पिता को बधाई देते हुए कहा कि माता-पिता के सहयोग के बिना बच्चे पुलिस में शामिल होकर ऐसी चुनौती भरे काम में इस प्रकार की सफलता प्राप्त नहीं कर पाते हैंए इसलिए आप सब का भी बहुत आभार। उन्होंने कहा कि इन युवाओं ने जीवन अर्जन के लिए नहीं बल्कि देश और समाज की सेवा के रूप में जो रास्ता चुना है, वह सम्मानजनक है।

### गुरुग्राम में मोनू मानेसर पर हिंदू संगठनों की बैठक अब 7 को



नूंह। हरियाणा के गुरुग्राम में गौरक्षक मोनू मानेसर के गांव मानेसर स्थित भीष्म मंदिर में बुधवार को हिंदू संगठनों की बैठक हुई। बैठक में मुख्य मुद्दा राजस्थान के नासिर-जुनैद हत्याकांड और नूंह हिंसा के आरोपी मोनू मानेसर की जमानत रहा। इस मामले में संगठन अब 7 अक्टूबर को दोबारा बैठक कर आगे की रणनीति पर फैसला लेंगे। इस दौरान संगठनों ने नूंह हिंसा के दूसरे आरोपी कांग्रेस विधायक मामन खान को मंगलवार को मिली रिहाई पर भी रोष जताया। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेसी विधायक मामन खान को जमानत मिल सकती है तो मोनू जेल में क्यों है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक साजिश के तहत मोनू मानेसर को राजस्थान पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं कुछ दिन पहले विहिप की मीटिंग में इमरान नाम के संदिग्ध युवक के मिलने के बाद बैठक में पत्रकारों समेत सभी बाहरी लोगों को एंट्री नहीं दी गई है।

# आपराधिकता के मामले में सांसदों को मुकदमे से छूट पर सुपीम कोर्ट विचार करेगी

### नोट के बदले वोट मामले में 1998 के फैसले की समीक्षा के लिए संविधान पीठ का गठन किया था

**एजेंसी**

**नई दिल्ली,** सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संविधान पीठ ने बुधवार को कहा कि अगर किसी सांसद के मामले में



आपराधिकता जुड़ी पाई जाएगी तो उन्हें मिली कानूनी छूट पर विचार किया जाएगा। सांसदों-विधायकों को मुकदमे से छूट देने वाले 1998 के आदेश की समीक्षा की जाएगी। सांसदों और विधायकों पर संसद और विधानसभाओं में भाषण देने या वोट देने के लिए रिश्वत लेने जैसे मामलों में मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। इस संविधान पीठ के अध्यक्ष मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ हैं। बुधवार को सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि हमें इस बात पर विचार करना होगा कि अगर मामले में आपराधिकता जुड़ी है तो क्या तब भी सांसदों-विधायकों को विशेषाधिकार का फायदा दिया जाए या नहीं। इस पीठ में मजस्टिस एएस बोपन्ना, जस्टिस एम एम सुंदरेश, जस्टिस पीएस नरसिम्हा, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल हैं। बता दें कि बीती 20 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने नोट के बदले वोट मामले में 1998 के फैसले की समीक्षा के लिए संविधान पीठ का गठन किया था।

## एशियन गेम्स में हरियाणवी खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी


# खिलाड़ियों ने अब तक जीते 21 मेडल

### खेल के क्षेत्र में हरियाणा ने बनाई अपनी अलग पहचान, दूसरे राज्य भी कर रहे अनुसरण

**शशि भूषण सैनी, भरोसा मित्र**

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में हरियाणा सरकार द्वारा बनाई गई खेल नीति, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर व खिलाड़ियों को मुहैया करवाई जा रही सुविधाओं की बदौलत प्रदेश के खिलाड़ी विश्व पटल पर हरियाणा का नाम चमका रहे हैं। चीन में चल रहे एशियन गेम्स में भी हरियाणा के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे देशभर के कुल 655 खिलाड़ियों में से 85 खिलाड़ी हरियाणा से हैं। अब तक भारतीय खिलाड़ियों ने कुल 74 मेडल जीते हैं। इनमें 21 मेडल हरियाणा के खिलाड़ियों के नाम हैं। 6 गोल्ड, 3 सिल्वर और 10 ब्रॉन्ज मेडल लेकर हरियाणा के खिलाड़ी देश की पदक तालिका में काफी आगे बने हुए हैं। महिला हो या पुरुष खिलाड़ी हर खेल में प्रदेश के युवा छाए हुए हैं।

निशानेबाजी में हरियाणा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है।



10 मीटर एयर पिस्टल टीम इवेंट में फरीदाबाद के शिवा नरवाल ने गोल्ड मेडल जबकि अंबाला जिले के रहने वाले सरबजोत सिंह ने 10 मीटर पिस्टल टीम इवेंट में स्वर्ण पदक और मिक्स्ड में सिल्वर पदक हासिल किया। 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल में फरीदाबाद के आदर्श सिंह ने टीम इवेंट में ब्रॉन्ज और करनाल के अनीश भानवाला ने ब्रॉन्ज मेडल जीता है। साथ ही, 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में फरीदाबाद की रिदम सांगवान और झज्जर की मनु भाकर ने गोल्ड पर निशाना साधा। शूटिंग में ही 10 मीटर एयर पिस्टल में झज्जर की पलक ने व्यक्तिगत श्रेणी में गोल्ड और टीम इवेंट में सिल्वर मेडल हासिल किया। इसी स्पर्धा में कुरुक्षेत्र की रमिता ने टीम इवेंट में सिल्वर और व्यक्तिगत श्रेणी में ब्रॉन्ज मेडल पर निशाना लगाया।

क्रिकेट में भारतीय महिला टीम ने गोल्ड पर कब्जा जमाया, इस टीम में रोहतक की शैफाली वर्मा शामिल थीं। यमुनानगर के गांव शाहपुर के युवा खिलाड़ी परमिंदर सिंह ने रोइंग क्वाड्रपल स्कल में कांस्य पदक जीता। पंचकूला के आर्यन पाल सिंह घुमन ने पुरुषों की 3000 मीटर स्पीड स्केटिंग रिले रेस में कांस्य पदक जीता है। एथलेटिक्स में सोनीपत की सीमा पूनिया ने डिस्कस थ्रो में ब्रॉन्ज मेडल जबकि महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज में फरीदाबाद की प्रीति लांबा ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके अलावा रोहतक की प्रीति पंवार ने बॉक्सिंग में 54 किलो ग्राम भारवर्ग में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। वहीं रोहतक के ही परवीन हुड्डा ने 57 किलो ग्राम भारवर्ग में ब्रॉन्ज पर कब्जा जमाया। साथ ही हिसार के नरेंद्र बेरवाल ने बॉक्सिंग में 92 प्लस किलोग्राम भारवर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में खेलों का एक ऐसा माहौल तैयार हुआ है कि आज हरियाणा खेलों का हब बन चुका है।

**आरोप** | एसवाईएल का पानी न मिलने से प्रदेश के हजारों गांवों के लोग आज पीने के पानी को तरस रहे हैं

# हरियाणा के हितों के साथ खिलवाड़ कर रहे सीएम : अभय

### बोले: यह प्रदेश का दुर्भाग्य है कि मुख्यमंत्री आज तक न तो एसवाईएल के लिए प्रधानमंत्री से कोई बात की और न ही एक हफ्ते पहले अमृतसर में हुई उत्तर क्षेत्रीय परिषद की बैठक में एसवाईएल मुद्दे को उठाया

**शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र**

**चंडीगढ़ :** इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा कि एसवाईएल हरियाणा की जीवन रेखा है और एसवाईएल का पानी न मिलने से जहां हरियाणा प्रदेश के किसानों की लाखों एकड़ जमीन बंजर हो गई है वहीं प्रदेश के हजारों गांवों के लोग आज पीने के पानी को तरस रहे हैं। चौ. ओम प्रकाश चौटाला ने हरियाणा का



मुख्यमंत्री रहते एसवाईएल की कानूनी लड़ाई लड़ी थी जिसके परिणामस्वरूप सुप्रीम कोर्ट ने एसवाईएल नहर बनाने का निर्णय हरियाणा के पक्ष में सुनाया था लेकिन बावजूद उसके आज तक न तो पंजाब ने और न ही केंद्र सरकार ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया इनेलो पार्टी ने एसवाईएल का पानी हरियाणा को मिले उसके लिए एक साल सडक़ों पर उतर कर आंदोलन भी किया और इसी संदर्भ में इनेलो पार्टी की तरफ से हरियाणा के मुख्यमंत्री को एक पत्र भी लिखा था जिसमें मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री से मिलकर एसवाईएल पर अपना पक्ष मजबूती से रखने को कहा था। लेकिन यह प्रदेश का दुर्भाग्य है कि मुख्यमंत्री ने आज तक न तो एसवाईएल के लिए प्रधानमंत्री से कोई बात की और न ही एक हफ्ते पहले अमृतसर में हुई उत्तर क्षेत्रीय परिषद की बैठक में एसवाईएल मुद्दे को उठाया, जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री ने की थी और उसमें खट्टर समेत पंजाब और हिमाचल के मुख्यमंत्री ने हिस्सा लिया था।

## खबर फटाफट

### जातिगत की बजाय आर्थिक आधार पर हो जनगणना : रामकिशन राघव

**सोहना :** गांव भौंड़सी के प्रमुख समाजसेवी व भाजपा के मंडल अध्यक्ष रामकिशन राघव, शिक्षाविद श्याम राघव, पंडित अमरकिशोर शर्मा, नंबरदार भागीरथ राघव, ब्लाकसमिति उपचेयरमैन रहे राजेश राघव तथा पंडित छाजूराम भौंड़सिया का कहना है कि केन्द्र सरकार को देश में जातिगत जनगणना की बजाय आर्थिक आधार पर जनगणना कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में अमीर व गरीब 2 ही समाज है। जाति, वर्ग, क्षेत्र के आधार पर समाजों को आपस में बांटना राष्ट्रहित में नहीं है। आज जरूरत इस बात की है कि पूरे देश में जातिगत मतगणना की बजाय आर्थिक आधार पर मतगणना कराकर यह पता लगाया जाए कि पूरे देश में कितने प्रतिशत लोग गरीब है। आर्थिक आधार पर की गई मतगणना के आधार पर गरीबों के उत्थान, समृद्धि, उन्नति के लिए और नई-नई योजनाएं बनाकर उन्हें लागू कर अमीर-गरीब के बीच सदियों से चली आ रही खाई को पाटा जा सके।

### रंग-रूप से नहीं, कर्मों से होती है पहचान :धर्मेन्द्र खटाना

**सोहना :** नगरपरिषद के वार्ड-2 के तहत लगने वाले गांव बेरका के धर्मेन्द्र खटाना एडवोकेट ने कहा है कि किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके रंग-रूप से नहीं बल्कि उसके कर्मों से होती है। उन्होंने यह उदगार गुर्जर भवन के लिए अपने ऐच्छिक कोष से 11 लाख रुपए की धनराशि देते वक्त व्यक्त किए। धर्मेन्द्र खटाना ने कहा कि खुशी की बात है कि सोहना में गुर्जर समाज गुर्जर भवन बनाने के लिए आगे आया है। इसमें समाज के हर छोटे-बड़े व्यक्ति को सहयोग करने में आगे आना चाहिए और शिक्षा के प्रति समाज के प्रत्येक परिवार को जागरूक बनना चाहिए। उन्होंने नारी शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि आज प्रत्येक क्षेत्र में महिलाएं पुरुष समाज के कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। एक नारी के शिक्षित होने पर ससुराल व मायका दोनों को ही फायदा मिलता है। इसलिए घर-घर में शिक्षा का उजियारा फैलना चाहिए। सभी को अपने बच्चों विशेषकर पुत्रियों को उच्च शिक्षा दिलानी चाहिए। उन्होने आग्रह किया कि प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए अपनी दैनिक दिनचर्या में से कम से कम आधा घंटा प्रतिदिन समाज के लिए निकालना चाहिए। पर्यावरण पौधारोपण, शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ समाज में व्याप्त जातपात, पार्टीबाजी, दहेज प्रथा, नशाखोरी जैसी बुराइयों के खिलाफ आम जनमानस को जागरूक बनाने में सहयोग करना चाहिए।

### जुआ खेलने के आरोप में 2 जुआरी गिरफ्तार, 2120 रुपए बरामद

**सोहना :** गांव भौंड़सी की मारूतिकुंज कॉलोनी स्थित नंबरदार वाटिका चौक के समीप एक स्थान पर छापेमारी करके पुलिस ने जुआ खेल रहे 2 युवकों को पकड़ा है जबकि अन्य युवक भाग निकलने में कामयाब हो गए। पकड़े गए आरोपियों की पहचान राजू तथा सुरेन्द्र के रूप में हुई है। इन जुआरियों के पास से तलाशी के वक्त 2120 रुपए की नकदी, ताश की गड्डी बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन के अनुसार पुलिस को मुखबिर खास से सूचना मिली कि गांव भौंड़सी की मारूतिकुंज कॉलोनी स्थित नंबरदार वाटिका चौक के समीप एक स्थान पर जुआ खेला जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और घेराबंदी डाल जुआ खेल रहे युवकों को जैसे ही पकड़ना चाहा, एकदम अफरा-तफरी मच गई। इसी का फायदा उठाकर कई जुआरी भाग निकले जबकि 2 जुआरी पुलिस की गिरफ्त में आ गए।

### करंट लगने से बंदर घायल,उसके साथियों ने रोका रास्ता

**सोहना :** बुधवार को वार्ड-पांच में दमकल उपकेन्द्र से आगे स्थित भैरो मंदिर के बाहर बंदरों की टोली के बिजली की लाइन पर उछलकूद मचाते वक्त अचानक एक बंदर बिजली करंट की चपेट में आ गया। बिजली करंट की चपेट में आए बंदर के चिल्लाने और धड़ाम से नीचे गिरने से बंदरों ने केडीएम स्कूल से दमकल उपकेन्द्र होकर बाजार में जाने वाले रास्तों पर करीब 2 घंटे तक रास्ता रोके रखा। 50 से ज्यादा की तादाद में मौजूद बंदरों की टोली रास्तों पर घायल बंदर के पास बैठ गई और आते-जाते राहगीरों को काटने के लिए बंदरों को दौड़ते देख राहगीर उल्टे पांव भागने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों ने जैसे-तैसे लोगों के साथ मिलकर बंदरों को भगाया। तब कहीं जाकर बंदरों के कब्जे से रास्ते को खाली कराया जा सका है।

### हृदयाघात से बचने के लिए जीवनशैली में लाएं बदलाव : डा. यादव

**सोहना :** वरदान अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर में बुधवार को हृदय रोगियों को जागरूक बनाने के लिए एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर निर्देशक व वरिष्ठ चिकित्सक प्रवीण यादव ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में हृदय रोगियों की तादाद में तेजी से इजाफा हुआ है। सिर्फ फिट दिखने या जिम जाने वाले लोगों की दिल की सेहत भी दुरुस्त हो, ऐसा जरूरी नही है। जीवन शैली जनित विकार, शारीरिक गतिविधियों का अभाव, तनावपूर्ण जीवन, नींद की कमी, शराब का सेवन, धूम्रपान और ज्यादा सपलीमेंट का सेवन हार्ट अटैक का कारण बन सकता है। इसके अलावा मधुमेह, कस्टेरोल, मोटापा, बीपी का ज्यादा होना हार्ट अटैक का कारण बनता है।

### मानव अधिकार आयोग शाखा कार्यालय खोलने की मांग

**सोहना :** वार्ड-4 से नगरपार्षद नितिन यादव बालूदिया ने हरियाणा मानव अधिकार आयोग के चेयरमैन तथा राजस्थान उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश से मांग की है कि हरियाणा मानव अधिकार आयोग की तरफ से आयोग की एक शाखा सोहना में खोलकर यहां उपकार्यालय बनाया जाए ताकि जरूरतमंद लोगों को घर बैठे लाभ मिले और उन्हे अपनी शिकायतों के निवारण के लिए दूरदराज आने-जाने में होने वाले भाड़ा, खर्चा और समय की बर्बादी से बचा जा सके। नगरपार्षद वेदकला शर्मा, नगरपार्षद राखी बागड़ी, नगरपार्षद निर्मला सैनी, नगरपार्षद पहलवान ओमप्रकाश नून्ने, पूर्व नगरपार्षद ओमप्रकाश सैनी, विनायक गुप्ता एडवोकेट, संजीव गुप्ता सर्राफ, गौरव गुप्ता, देवकीनंदन सिंगला, रंगमंच कलाकार देशराज गोयल, भगत जी सतीश कुमार, राजीव गर्ग सर्राफ, दीपक गोयल एडवोकेट, श्री शिव पब्लिक स्कूल प्रबंधन कमेटी चेयरमैन मुकेश बंसल समेत जागरूक लोगों ने नगरपार्षद नितिन यादव बालूदिया द्वारा हरियाणा मानव अधिकार आयोग का एक शाखा उपकार्यालय सोहना में खोले जाने बाबत उठाई गई मांग का समर्थन किया है और कहा है कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए यह मांग की है।

# अवैध पीजी कानून को दिखा रहे ठेंगा

**एक अधिकारी ने कहा : उन्हें इस बात की जानकारी ही नहीं है कि कितने पीजी चल रहे हैं और उनमें पीजी वैध हैं और कितने अवैध**



उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना।शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में जगह-जगह आबादी क्षेत्र में घरों में अवैध पीजी चल रहे हैं। प्रशासन अवैध रूप में गैर कानूनी तरीके से चल रहे इन पीजी पर रोक लगाने की बजाय बौना साबित हो रहा है। जब इस बारे में संबंधित विभाग के एक अधिकारी से जानकारी चाही तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी ही नहीं है कि क्षेत्र में कहां-कहां पर कितने पीजी चल रहे हैं और उनमें कौन-कौन से पीजी वैध है और कौन-कौन से अवैध।

सूत्रों का कहना है कि सोहना शहर और आसपास के गांवों में घरों में गैर कानूनी तरीके से पीजी खोलने व चलाने वालों की तादाद दिनोंदिन बढ़ रही है। अधिकांश पीजी नियमों को ताक पर रखकर चलाए जा रहे हैं। कई लोगों ने तो बिना नक्शा पास कराए ही बहुमंजिला इमारत बनाकर पीजी खोला हुआ है।उनकी तरफ शासन-प्रशासन की निगाह ना जाने क्यो नहीं पड़ रही है?

मालूम हो कि पीजी चलाने के लिए शासन-प्रशासन की तरफ से नियम निर्धारित किए गए हैं, लेकिन शायद ही किसी पीजी में निर्धारित नियमों की ईमानदारी से पालना हो रही है। पहले भी झारखंड के माफिया डॉन अखिलेश सिंह के पुलिस के साथ रात सवा 2 बजे हुई मुठभेड़ के बाद एक घर में चल रहे गेस्टहाउस से पकड़े जाने पर जाहिर हो गया कि पीजी हाउस अपराधियों के पनाहगार बन रहे हैं। ऐसा पहली बार नहीं हुआ, जब पीजी अपराधियों के लिए पनाहगार बने। इससे पहले भी पश्चिमबंगाल के दार्जिलिंग पुलिस साइबरसिटी के सेक्टर-56 स्थित एक घर में चल रहे गेस्टहाउस से शातिर बदमाशों को पकड़ कर ले गई। उससे पहले साइबरसिटी में एक फाइनेंस कंपनी में डकैती डालकर सोना लूटने वाली बदमाश फर्जी आईडी के आधार पर एक पीजी में ही ठहरे थे। लूटे गए सोने को भी वह पीजी में ही रखे हुए थे। बदमाशों के पकड़ में आने पर वह सोना पीजी से बरामद किया गया था।

समय-समय पर गेस्टहाउसों से अपराधियों को पकड़े जाने से साफ जाहिर है कि गेस्टहाउस अपराधियों के लिए पनाहगार साबित हो रहे हैं। अपराधी फर्जी आईडी के जरिए होटल व गेस्टहाउसों में आराम से रुक जाते है। पुलिस रोजाना ना तो होटलों की जांच करती है और ना ही गेस्टहाउसों की कि उनके क्षेत्र के किस होटल अथवा गेस्टहाउस में कौन आकर रह रहा है।

पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा का कहना है कि पुलिस की तरफ से सभी होटल संचालकों और पीजी हाउस संचालकों को अपने यहां आने-जाने वालों से आईडी लेकर पूरी जानकारी 24 घंटे में पुलिस को देने के निर्देश हैं ताकि पुलिस होटल और पीजी में ठहरने वालों की जांच कर सके। पीजी हाउस में रहने वाले व्यक्ति की सही पहचान कर उसकी आईडी जमा करने के साथ-साथ रजिस्टर में उसका नाम, पता, आने-जाने का समय, कार्य आदि लिखना अनिवार्य है। पीजी हाउस में पार्किंग की व्यवस्था होनी जरूरी है।

पीजी में प्रयोग होने वाले बिजली-पानी आदि का कमर्शियल टैक्स भरा होना चाहिए और संपत्ति कर भी नगरपरिषद में कमर्शियल आधार पर भरा होना चाहिए। मालूम हो कि सरकार द्वारा निर्धारित कायदे-कानूनों के मुताबिक रिहायशी क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के व्यावसायिक कार्य पूर्णतः प्रतिबंध है।

सूत्रों का कहना है कि बावजूद शहर में आज भी यहां पर जगह-जगह पेइंग गेस्टहाउस चल रहे हैं, जिनमें व्यावसायिक की जगह घरेलू बिजली प्रयोग में लाई जा रही है और पानी भी घरेलू ही प्रयोग में लाया जा रहा है। ऐसी भी जानकारी मिली है कि पेइंग गेस्ट हाउस संचालक यहां ठहरने वाले लोगों की आईडी तक पूरी जमा नहीं कर रहे हैं।

इसके अलावा बिजली जाने पर पीजी संचालक जरनेटर आदि चलाकर वायु प्रदूषण को बढ़ावा दे रहे हैं। पीजी के बाहर अनियमित तरीके से वाहनों की पार्किंग की जाती है। जिस कारण आसपास क्षेत्र में रहने वाले परिवारों को दिक्कतें आती है।

**थाना प्रभारी बताते हैं**

शहर थाना प्रभारी देविन्द्र मान का कहना है कि जल्द ही पीजी हाउसों में जांच अभियान चलाया जाएगा। उन्होंनेकहा कि अपराधी पीजी अथवा किसी गेस्टहाउस में छद्म नामों से छुपकर पुलिस के लिए सिरदर्दी बन जाते है।

### अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग पर 26 को होगी विराट रैली : यादव

**सोहना :** नगरपरिषद के वार्ड-चार से नगरपार्षद नितिन यादव बालूदिया, वार्ड-एक के तहत गांव रायसीना में रहने वाले युवा समाजसेवी इंजीनियर महेश यादव, सुशीलनगर कॉलोनी में रहने वाले युवा समाजसेवी मोहित यादव, पूर्व पार्षद बिंदू यादव के प्रतिनिधि ओमबीर यादव, इंजीनियर मोनी यादव, कृष्णपाल यादव, प्रेमपाल यादव, दिनेश लांबा, नीरज बामडि ा, गांधी यादव, पोलू यादव, आनंद यादव, साहिल यादव की अगुवाई में बुधवार को युवाओं की टोलियां घर-घर जाकर लोगों को अपने साथ 26 नवंबर को रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली विशाल रैली में चलने का न्यौता दिया।

उन्होंने सर्वजातीय समाज के लोगों का समर्थन मांगते हुए बताया कि अहीर रेजिमेंट संघर्ष समिति ने भारतीय सेना में अहीर रेजिमेंट बनाए जाने के समर्थन में 26 नवंबर को रामलीला मैदान में विराट रैली करने का निर्णय लिया है। इस दौरान उन्होंने दावा जताया कि 26 नवंबर को रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली विशाल रैली को लेकर यादव समाज के साथ-साथ सर्वजातीय समाज में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है।

## शहर में फैला जुकाम,खांसी-फीवर,गिरफ्त में हैं बच्चे व जवान

**तेजी से बदला मौसम : दिन में पड़ती है गर्मी और रात में तापमान गिर जाता है**

**एक अस्पताल में जांच कराने आए करीब 50 प्रतिशत बच्चों में वायरल फीवर की शिकायत मिली, दो से तीन सप्ताह में बीमार बच्चों की संख्या में इजाफा हुआ**



उमेश गुप्ता,भरोसा मित्र

**सोहना:** सोहना शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में सुबह व रात के वक्त मौसम में बदलाव तथा दिन में तेज गर्मी के बीच बुखार, खासी, जुकाम तेजी से फैल रहा है। बच्चे हो या जवान, बूढ़े हो या महिला, सभी बुखार, खांसी जुकाम की चपेट में आ रहे है तो लोगों के गले भी संक्रमण के चलते खराब हो रहे है।

राहत की बात है कि इसके पीड़ित पांच-सात दिन में ठीक हो रहे है लेकिन जिस तरह से यहां रात के वक्त ठंड और दिन में तेज गर्मी पड़ रही है, ये वक्त बच्चों व बुजुर्गो के विशेष ख्याल रखने का है। यहां पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे विभिन्न निजी अस्पतालों में इलाज के लिए पहुंच रहे ज्यादातर रोगियों में बुखार व जुकाम तथा खांसी और गले के रोगी सबसे ज्यादा नजर आ रहे हैं।

शहर में वरदान अस्पताल एवं ट्रामासेंटर के निर्देशक डाक्टर प्रवीण यादव का कहना है कि यह बुखार मौसम में बदलाव के चलते फैल रहा है। बुखार से तप रहे मरीजों का बदन टूट रहा है। सबसे ज्यादा संख्या बुखार, खांसी, जुकाम, नाक, कान, गले, आंखों और त्वचा के रोगियों की आ रही है। मौसम में बदलाव और लापरवाही के कारण बच्चे तेजी से बुखार, खांसी-जुकाम की चपेट में आ रहे हैं।

बाल रोग विशेषज्ञ डाक्टर बलराज यादव ने बताया कि उनके अस्पताल की ओपीडी में करीब रोजाना 50 बच्चे इलाज के लिए आ रहे है। इनमें करीब 50 प्रतिशत बच्चों में वायरल फीवर की शिकायत मिल रही है। उन्होंने बताया कि दो से तीन सप्ताह में बीमार बच्चों की संख्या में इजाफा हुआ है। बच्चों में खांसी-जुकाम कम है, लेकिन बुखार ज्यादा है।

स्थानीय पुराने बसअडडा स्थित सूरज स्वास्थ्य केन्द्र के निर्देशक डाक्टर राशिद खान ने बताया कि उनके पास आने वाले रोगियों में 80 फीसदी रोगी जुकाम, खांसी है और वे गले में खराश से पीड़ित हैं। यह वायरल इन्फेक्शन होता है। मरीज को ठीक होने में 5 दिन का समय लग जाता है। ऐसे में घबराने की जरूरत नही है। उन्होंने बताया कि मौसम में बदलाव के कारण बच्चे बीमार हो जाते है। इस समय रोजाना करीब 50-60 बच्चों को जुकाम, खांसी, गले में खराश, फीवर होने पर इलाज के लिए लाया जा रहा है। देखने में आ रहा है कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में बुखार, जुकाम के फैलते ही झोलाछाप डाक्टरों की मौज बन आई है।

गांवों और गली-कूचों में डाक्टरी की दुकान खोलकर बैठे नीम-हकीमों और झोलाछाप डाक्टर दवाई देने के नाम पर मुंहमांगी फीस वसूल कर जमकर चांदी कूट रहे है और खांसी-जुकाम, बुखार की दवा देने के नाम पर ना केवल झोलाछाप डाक्टर अनाप-शनाप जांच लिख रहे हैं बल्कि दवा देने के नाम पर मुंहमांगे पैसे लेकर रोगियों की जेब ढीली करते हुए अपनी जेबें भर रहे है। यहां पर स्थानीय स्वास्थ्य विभाग की टीम ना तो मौसमी बीमारियों पर काबू पाने के लिए जागरूकता अभियान चला रही है और ना ही झोलाछाप डाक्टरों व नीम-हकीमों पर रोक लगा पा रही है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के स्थानीय व जिलास्तर के अधिकारियों की कार्यप्रणाली यहां पर आम जनमानस के बीच संदेह के घेरे में आ रही है।

## तिरंगा मेरी शान यात्रा में शामिल होने का निमंत्रण

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** शिवनगरी सोहना से 7 अक्टूबर को झिरकाफिरोजपुर तक निकाली जाने वाली तिरंगा मेरी शान यात्रा को कामयाब बनाने के लिए जाट युवा महासभा के जिलाध्यक्ष व समाजसेवी चौधरी रामजीत पंवार इंडरिया, सेवानिवृत्त मुख्य शिक्षक विजय कुमार, व्यापारमंडल संघ के चीफएडवाइजर उमेश अग्रवाल, गुरूचरण सिंह, रूपचंद सैनी, डाक्टर राशिद खान, युवा समाजसेवी प्रिंस पंवार, विनीत रतड़ा, दिनेश सैनी फोटोग्राफर, लोकेश अग्रवाल, कर्मपाल बोकन आदि की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने बाजार में दुकान-दुकान आकर तिरंगा यात्रा में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

उन्होंने बताया कि हरियाणा पुलिस के पूर्व महानिदेशक और आईपीएस अधिकारी शील मधुर ने जय तिरंगा-हर दिल तिरंगा और तिरंगा मेरी शान का उदघोष करते हुए राष्ट्रीय ध्वज सम्मान अभियान के तहत शिवनगरी सोहना से 7 अक्टूबर को झिरका फिरोजपुर तक तिरंगा मेरी शान यात्रा निकाले जाने का निर्णय लिया है।

इस मौके पर उपरोक्त लोगों ने केन्द्र सरकार से मांग की कि 22 जुलाई को राष्ट्रीय ध्वज घोषित किया जाए और प्रत्येक भारतीय को चाहिए कि वह तिरंगे के सम्मान और देशप्रेम की भावना को बढ़ाने में योगदान देने के लिए तिरंगा सम्मान सेना का सदस्य बने। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति के लिए राष्ट्र सर्वोपरि होना चाहिए। तिरंगा हमारे के लिए आन-बान-शान का प्रतीक है।

हरियाणा पुलिस के पूर्व महानिदेशक और आईपीएस अधिकारी शील मधुर ने बताया कि विश्व के सभी शक्तिशाली देशों में अपने राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में राष्ट्रीय ध्वज दिवस मनाए जाते है लेकिन हैरानी की बात है कि हमारे देश में आजादी के 75 वर्ष बाद भी आज तक राष्ट्रीय ध्वज दिवस की घोषणा सरकार द्वारा नहीं की गई और वह 28 फरवरी, 2021 से लालकिले से तिरंगे के सम्मान में 22 जुलाई को ाष्ट्रीय ध्वज दिवस मनाए जाने की ऐलान किए जाने की मांग जोरशोर से उठा रहे पर केन्द्र सरकार अनदेखी बरत रही है। उन्होने आम जनमानस से आग्रह किया कि प्रत्येक भारतीय प्रति वर्ष 22 जुलाई को अपने स्तर पर तिरंगा लहराते हुए तिरंगा जन्मदिवस मनाए।

## रेड अलर्ट से चौकस हो गई सोहना पुलिस

**डीसीपी सिद्धांत जैन ने अपने क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों और पुलिस को अलर्ट रहने के निर्देश दिए**




उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना ।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में फरीदाबाद के सीमावर्ती क्षेत्र जैतपुर से दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम द्वारा आईएसआईएस के 3 संदिग्ध आतंकवादियों की गिरफ्तारी और त्यौहारों के दृष्टिगत सुरक्षा एजेंसी आईबी के एनसीआर में रेड अलर्ट घोषित करने पर मेवात का प्रवेश द्वार कहे जाने वाले और साइबर सिटी से सटे सोहना में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

इलाका डीसीपी सिद्धांत जैन ने अपने क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों और पुलिस को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। पुलिस जगह-जगह नाके लगाकर वाहनों की जांच-पड़ताल कर रही है। साथ ही हर संदिग्ध व्यक्ति पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

मालूम हो कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आईएसआईएस के 3 संदिग्ध आतंकवादियों शहानावाज उर्फ सैफी, उज्जमा, मोहम्मद रिजवान और मोहम्मद अरशद वारसी की गिरफ्तारी के बाद केन्द्रीय सुरक्षा एजेंसियों समेत सभी पुलिस थानों को अलर्ट रहने की हिदायत दी गई है।

जांच में सामने आया कि शहानावाज पुणे टेरर माडयूल से जुड़ा हुआ है। वही पुलिस की स्पेशल सैल का दावा है कि तीनों आतंकी आईएसआईएस माडयूल से जुड़े है, जो किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। जैसे ही पुलिस की स्पेशल सैल को इस बारे में इनपुट मिला, पुलिस ने भोर सवेरे छापेमारी कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। इन तीनों आतंकवादियों पर पिछले महीने ही राष्ट्रीय सुरक्षा जांच एजेंसी ने 3-3 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। आईबी ने आशंका जताई है कि पाकिस्तानी फौज आतंकवादियों के जरिए भारत विशेषकर दिल्ली से सटे एनसीआर क्षेत्र में भीड़भाड़ वाले स्थानों जैसे बस अड्डों, शापिंग काम्पलेक्स, बड़े बाजारों आदि पर हमला करा सकती है।

हमले की आशंका के बाद दिल्ली व गुरूग्राम से सटे सभी रास्तों पर सघन तलाशी ली जा रही है ताकि किसी अनहोनी को होने से पहले रोका जा सके। जानकारी लेने पर पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने बताया कि गुरूग्राम पुलिस हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। सभी डीसीपी, एसीपी व थाना प्रभारियों को सचेत रहने को कहा गया है।

## हर महीने श्री खाटूश्याम धाम जाएगी बस,श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल

**यात्रा का कोई किराया लिया जाएगा और भोजन भी रहेगा निःशुल्क**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** शिवनगरी सोहना से श्री खाटूश्याम निशुल्क बस सेवा मंडल के तत्वाधान में हर महीने श्री खाटूश्याम धाम एक बस श्रद्धालुओं को लेकर जाएगी। हर महीने के आखिरी रविवार को जाने वाली बस में मौजूद श्रद्धालुओं से ना तो आवाजाही का कोई किराया लिया जाएगा बल्कि श्री खाटूश्याम निःशुल्क बस सेवा मंडल की तरफ से भोजन आदि की व्यवस्था भी निःशुल्क रूप में उपलब्ध कराई जाएगी। बाबा खाटूश्याम के परम भक्त विजय खटाना दमदमिया, डाक्टर महेश गोयल, बलराज सिंगला, युवा समाजसेवी अजय जांगिड, शिक्षा समिति उपचेयरमैन तथा व्यापारमंडल संघ चीफएडवाइजर उमेश अग्रवाल, सरदार गुरूचरण सिंह बागड़ी, पूर्व नगरपार्षद ओमप्रकाश सैनी, नगरपार्षद नितिन यादव बालूदिया, लायंसक्लब के रिजन चेयरमैन रहे लायन रवि मदान आदि का कहना है कि राजस्थान के सीकर स्थित शीश के दानी बाबा खाटूश्याम धाम के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था दिनोंदिन बढ़ रही है। सोहना से श्री खाटूश्याम निःशुल्क बस सेवा मंडल के तत्वावधान में पहली बार हर महीने के आखिरी रविवार को खाटूश्याम धाम तक के लिए बस सेवा उपलब्ध कराई गई है। इसकी सर्वत्र सराहना हो रही है।

### निशांत रोहिल्ला के निधन पर सर्वजातीय समाज ने जताया शोक

**सोहना :** स्थानीय मार्किटकमेटी में कार्यरत रहे कैलाश कुमार रोहिल्ला के पुत्र निशांत कुमार रोहिल्ला के निधन पर सर्वजातीय समाज के लोगों ने गहरा शोक जताया है। लोगों का कहना है कि निशांत रोहिल्ला बहुत ही सहनशील, मृदुभाषी प्रवृति वाले इंसान रहे। निशांत कुमार रोहिल्ला के निधन पर प्रदेश के पूर्व परिवहनमंत्री राव नरबीर सिंह, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज, भिवानी से लोकसभा सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह, इनेलो के जिलाप्रधान चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी, सोहना हलका से भाजपा विधायक संजय सिंह छोकर, व्यापारमंडल संघ के प्रधान मनोज बजरंगी, पंजाबी महासंघ के प्रधान व नगरपार्षद हरीश नंदा, अग्रवालसभा के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश अग्रवाल आदि ने शोक जताया।

**नाराजगी** कहा : महंगाई डायन खाए जात है

# सब्जियों के आसमान छूते दामों ने गृहणियों को रुलाया

**रसोई गैस, डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस, आटा, दाल के दामों में बढ़ोतरी के बाद सब्जियों के दामों ने उनका बजट बिगाड़ दिया है**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** शहर में सब्जियों के दाम आसमान छूने से आम आदमी का सब्जी खरीदना दुश्वार हो गया है। सब्जियों के भाव गृहणियों को रुलाने लगे हैं। आपको यह जानकर ताज्जुब होगा, लेकिन यह सच्चाई है कि सोहना में कभी पांच रुपये प्रति किलो बिकने वाला टमाटर यहां पर 25 से 30 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। हरी सब्जियों के भाव भी अब यहां आसमान छूने लगे हैं।

यहां पर तोरी 60 रुपए प्रति किलो, खीरा 60 रुपए प्रति किलो, मूली 40 से 50 रुपए प्रति किलो, भिंडी 40 से 50 रुपए प्रति किलो, गोभी 70 से 80 रुपए प्रति किलो, मटर 220 से 250 रुपए प्रति किलो, बैंगन 40 से 50 रुपए किलो, घीया 35 से 40 रुपए प्रति किलो, शिमला मिर्च 120 से 140 रुपए किलो, अरबी 60 रुपए किलो, धनिया 30 रुपए का 100 ग्राम, पौदीना 30 रुपए की एक गड्डी तथा प्याज 35 से 40 रुपए प्रति किलो, गाजर 70 से 80 रुपए किलो बिक रही है।

इसके साथ ही करेला 60 से 80 रुपए प्रति किलो, आलू 40 से 42 रुपए प्रति किलो के भाव पर बिक रहा है। नींबू 180 से 200 रुपए प्रति किलो बिक रहा है तो हरी मिर्च के दाम भी लोगों को रुला रहे हैं। हरी मिर्च 140 से 160 रुपए प्रति किलो, आमी 180 से 200 रुपए प्रति किलो, बींस 120 रुपए प्रति किलो, पेठा 40 रुपए प्रति किलो, अदरक 280 से 300 रुपए किलो, लहसुन 180 रुपए से 200 रुपए किलो, पत्ता गोभी 80 रुपए प्रति किलो, पालक 40 रुपए किलो, ग्वारफली 80 रुपए किलो बिक रही है।

इसके अलावा चोला फली 60 रुपए किलो, मशरूम 40 रुपए में 200 ग्राम वाला एक पैकिट बिक रहा है। इससे गृहणियां परेशान हैं कि क्या करे, मोदी राज में चटनी से रोटी खाना भी दुश्वार हो गया है तो सब्जियों के भाव दिनोंदिन आसमान छू रहे हैं।



चौतरफा महंगाई से परेशान गृहणियों गांव रायसीना की रहने वाली निर्मला यादव, किरण यादव, शहर के वार्ड-14 में रहने वाली मनीषा गुप्ता, गांव रायसीना में रहने वाली कैलाश देवी यादव, नमिता गुप्ता, भारती लोहिया, सुशीलनगर कॉलोनी में रहने वाली शिवानी यादव, शहर में कच्चे बेरका रास्ते पर रहने वाली घरेलू महिला उषा सैनी, पूनम सैनी, कविता सैनी, अलकेश भारद्वाज, श्यामवती सैनी, दीपा सिंगला, कांता सैनी, रजनी शर्मा, आरती सैनी, शारदा रानी, शिखा गुप्ता, रेखा सैनी, सरला देवी, रेखा रानी, बृजेश गुर्जरी, रितेश सैनी, आशु देवी, पूजा सैनी, सोहनाढाणी गांव में रहने वाली नंबरदारनी कविता सैनी आदि महिलाओं व लोगों का कहना है कि रसोई गैस, डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस, आटा, दाल के दामों में बढ़ोतरी के बाद आसमान छूते सब्जियों के दामों ने उनका बजट बिगाड़ दिया है। सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी के कारण नानी याद आने लगी है। दालों के दाम भी काफी बढ़ गए हैं। ऐसे में रसोई चलाने में दिक्कतें आ रही है। घर का सारा बजट बिगड़ गया है। सब्जीमंडी थोक व्यापारी एसोसिएशन के प्रधान उमेश जुनेजा कोकी तथा थोक सब्जी विक्रेता नरेन्द्र पाहूजा, गीला सैनी आदि की माने तो शिमला मिर्च की पैदावार कम हो गई है। शिमला मिर्च की आमद कम और खपत ज्यादा होने से रेट कुछ बढ़े है। उन्होने बताया कि कुछ सब्जियां मौसम के हिसाब से अब ना के बराबर आ रही है तो कुछ सब्जियां बरसात से खराब हो गई है। उनकी कीमतों में उछाल आ रहा है।

## खबर फटाफट

### निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी 8 को गुरुग्राम में



**गुरुग्राम।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज का गुरुग्राम की धरा पर 8 अक्तूबर रविवार को आगमन होने जा रहा है। उस दिन एक विशाल निरंकारी संत समागम द्वारका एक्सप्रेस वे पर सैक्टर 91 में आयोजित होने जा रहा है। गुरुग्राम की संयोजक निर्मल मंचचंदा ने बताया कि सेक्टर 91 के विशाल मैदान में संत निरंकारी मिशन का सेवादल एवं साध संगत के सदस्य श्रद्धा और उत्साह के साथ समागम की तैयारी में अपनी सेवाओं में लगे हुए है। उन्होंने आगे बताया कि संत निरंकारी मिशन एक आध्यात्मिक विचारधारा है। निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज का यह संदेश है कि मानव जीवन का असली उद्देश्य निरंकार प्रभु परमात्मा की जानकारी प्राप्त कर जाति पाति, ऊंच नीच के भेदभाव को मिटाकर मानवता की सेवा करना है।

### 15 दिवसीय सहयोग प्रशिक्षण शिविर आज से



**गुरुग्राम।** भारत स्वाभिमान ट्रस्ट व पतंजलि योग समिति की ओर से गुरुवार से 15 दिवसीय सह योग प्रशिक्षण शिविर लगाया गया जा रहा है। यह शिविर 5 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2023 तक चलेगा। प्रशिक्षण के बाद योग प्रशिक्षकों की परीक्षा भी ली जाएगी। शिविर के शुभारंभ अवसर पर कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल, पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल मुख्य अतिथि होंगे। मुख्य योग शिक्षक व सह प्रभारी भारत स्वाभिमान ट्रस्ट जिला गुरुग्राम साहब सिंह सोलंकी ने बताया कि सेक्टर-10ए के राव तुलाराम पार्क में यह सह शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में पतंजलि के मुख्य योग शिक्षकों द्वारा योगिक क्रियाओं, एक्यूप्रेशर, पंच कर्म, षट कर्म, ध्यान, मेडिटेशन, यज्ञ विज्ञान, आयुर्वेदिक आदि विषयों का ज्ञान दिया जाएगा। शिविर के अंतिम दिन योग प्रशिक्षकों को पतंजलि योग समिति द्वारा योग प्रशिक्षक प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

### 13वीं राष्ट्रीय कांफ्रेंस का हुआ आयोजन



**गुरुग्राम।** नेत्रदान जागरुकता अभियान के तहत ईबीएआई द्वारा कॉर्निया व आई बैंकिंग पर 13वीं राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें नेत्र उपचार से जुड़ी संस्थाएं शामिल हुई। गुरुग्राम में नर सेवा नारायण सेवा के तहत नेत्रदान के प्रति आमजन को जागरुक करने में जुटी निरामया चैरिटेबल ट्रस्ट व आई बैंक द्वारा नेत्रदान पखवाड़ा मनाया गया। संस्था के निदेशक डा. टीएन आहूजा व डा. हितेंद्र आहूजा ने बताया कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में संस्था न केवल निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित करती है, बल्कि लोगों को नेत्रदान के प्रति भी जागरुक करती है। शिविर में आने वाले रोगियों के नेत्रों की जांच कर उन्हें समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाता है। गत वर्ष भी संस्था ने एमिटी यूनिवर्सिटी में नेत्रदान पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नेत्र विशेषज्ञ व संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इस बार यह आयोजन एक अक्तूबर को वाराणसी में आयोजित किया गया।

### पीट-पीटकर युवक की हत्या करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** पीट-पीटकर युवक की हत्या कर देने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से लोहे की पाईप भी बरामद हुए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 2 अक्तूबर को एक व्यक्ति ने थाना सदर सोहना में एक सूचना गाँव खेडला में 2 पक्षों ले बीच झगडा होने के सम्बन्ध में प्राप्त हुई। पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुँची जहां पर पुलिस टीम को ज्ञात हुआ कि झगडे में घायल हुए व्यक्ति मुनेश को ईलाज के लिए सरकारी अस्पताल सैक्टर-10 ले जाया गया है। इसी दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि झगडे में घायल हुए व्यक्ति मुनेश मृत्यु हो गई है। आगामी कार्यवाही के लिए पुलिस टीम अस्पताल पहुँची जहां पर मृतक व्यक्ति के भाई रमेश ने पुलिस टीम को एक लिखित शिकायत के माध्यम से बताया कि गांव खेडला में गांव के ही कुछ व्यक्तियों द्वारा लाठी डंडों से मुनेश की पीटकर उसको गम्भीर चोटें मारी, जिन चोटों के कारण इसके भाई की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी भानू को गांव खेडला से काबू कर लिया।

## आवश्यकता है

गुरुग्राम नगर निगम के हर वार्ड में

दैनिक भरोसा मित्र हिंदी दैनिक

के लिए रिपोर्टर / अंशकालिक संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि।

इच्छुक साथी संपर्क करें।

8222001000, 9958469846

केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने की गुरुग्राम सिविल अस्पताल, बस स्टैंड योजनाओं पर अधिकारियों से रिपोर्ट तलब

# परियोजनाओं को धरातल पर साकार करें अधिकारी : इंद्रजीत

**अधिकारियों को विकास योजना की समय सीमा निर्धारित करने के दिए निर्देश**

**मुख्य सचिव संजीव कौशल व विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक में हुए शामिल**

**गुरुग्राम, नूंह व रेवाड़ी के साथ-साथ महेंद्रगढ़ जिला के अधिकारी भी रहे बैठक में उपस्थित**

### डीसी निशांत कुमार यादव ने केंद्रीय राज्य मंत्री का लघु सचिवालय पहुंचने पर स्वागत किया

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

**गुरुग्राम।** केंद्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र में विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी चण्डीगढ़ से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। डीसी निशांत कुमार यादव ने केंद्रीय राज्य मंत्री का लघु सचिवालय पहुंचने पर स्वागत किया।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने गुरुग्राम जिला में बनने वाले नए सिविल अस्पताल, बस स्टेंड को शिफ्ट करने, नगर निगम गुरुग्राम के लिए सुपर सकर मशीनें व अन्य परियोजनाएं, रेवाड़ी जिला गांव माजरा में एम्स, रेवाड़ी शहर में बस स्टेंड, धारूहेड़ा बस स्टेंड, सिविल अस्पताल, झज्जर बाइपास आदि, नूंह जिला के इंडरी में आरएएफ सेंटर, गुरुग्राम-अलवर मार्ग, नगीना-तिजारा मार्ग व विभिन्न सडक् परियोजनाएं तथा महेंद्रगढ़ जिला के गांव नसीबपुर में बनने वाले शहीद स्मारक से जुड़े प्रशासनिक कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं में अनेक मुख्यमंत्री मनोहर लाल की घोषणाएं है ऐसे में परियोजनाओं को धरातल पर साकार करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी की जाए ताकि इन परियोजनाओं पर काम शीघ्रता से शुरू हो सके। मुख्य सचिव संजीव कौशल ने केंद्रीय राज्य मंत्री को विभिन्न परियोजनाओं की मुख्यालय स्तर पर जारी कार्यवाही से अवगत कराया। वहीं विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इन परियोजनाओं से जुड़ी आवश्यक कार्यवाही की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं सूचना, जनसंपर्क, भाषा तथा संस्कृतिक विभाग, हरियाणा के महानिदेशक डा. अमित अग्रवाल ने महेंद्रगढ़ जिला के नसीबपुर में बनने




वाले शहीदी स्मारक की प्रगति के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने स्वतंत्रता सेनानी राव तुलाराम की स्मृति में इस स्मारक के निर्माण की घोषणा की थी। इस स्मारक के लिए जमीन चिन्हित कर ली गई है शीघ्र ही लोक निर्माण विभाग के माध्यम से कंसल्टेंट नियुक्त किया जाएगा। जिसके उपरांत स्मारक के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया आरंभ की जाएगी। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि रेवाड़ी जिला के गांव माजरा में प्रस्तावित एम्स के लिए टेंडर प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस संस्थान की आधारशिला रखने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसी तरह उन्होंने नूंह जिला के गांव इंडरी में आरएएफ सेंटर के लिए प्रस्तावित स्थल पर सुविधाएं उपलब्ध कराने के बारे में जानकारी ली। संबंधित अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि इंडरी में सीआरपीएफ के आरएएफ सेंटर के लिए बिजली की लाइन स्वीकृत हो चुकी है और पीने के पानी के लिए नई लाइन भी बिछाई जाएगी और केएमपी से कनेक्टिविटी को लेकर सभी विकल्पों पर विचार किया जा रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने एचएसआईआईडीसी द्वारा गांव फाजलवास, कुकड़ोला, सहरावण, मानेसर, नाहरपुर, नखड़ौला, नौरंगपुर व नवादा आदि में जमीन अधिग्रहण से जुड़े विषय को भी मुख्य सचिव के समक्ष रखा। संबंधित विभाग के अधिकारियों ने विषय को लेकर विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों व विभागीय नियमों से केंद्रीय राज्य मंत्री को अवगत कराया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने गुरुग्राम व रेवाड़ी के बस स्टेंड और नागरिक अस्पतालों को लेकर संबंधित अधिकारियों को एक समयसीमा निर्धारित करने के निर्देश दिए ताकि एक तय समय के भीतर इन परियोजनाओं का काम शुरू हो सके। मुख्य सचिव ने बताया कि गुरुग्राम शहर में जीएमडीए के माध्यम से मोबिलिटी प्लान तैयार किया जा रहा है। साथ ही मिलेनियम सिटी सेंटर के समीप बसों के लिए इंटरचेंज व रेवाड़ी शहर में भी मुख्य बस स्टेंड के साथ-साथ सिटी के लिए भी बस स्टेंड की योजना प्रस्तावित है। इस बैठक में रेवाड़ी, नूंह तथा महेंद्रगढ़ जिला के अधिकारी भी वीडियो कांफ्रेंस से शामिल हुए। वहीं गुरुग्राम में एसडीएम रविंद्र यादव, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता प्रवीण चौधरी, सिविल सर्जन डा. वीरेंद्र यादव, जीएम रोडवेज प्रदीप कुमार सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### 119 करोड़ की लागत से तैयार वाटिका अंडरपास पास 10 दिन होगा शुरू

गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड एसपीआर से दिल्ली - जयपुर नेशनल हाईवे की ओर जाने वाले वाहन चालकों का सफर आने वाले दिनों में सुगम होने जा रहा है। इस अंडरपास के जरिए दिल्ली - जयपुर नेशनल हाईवे से फरीदाबाद रोड की ओर जाने वाले वाहन चालकों को भी लाभ होगा।

119 करोड़ की लागत से बनने वाले वाटिका चौक के निर्माण को देखने के लिए बुधवार को केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत ने एनएचएआई अधिकारियों के साथ दौरा कर कार्य की समीक्षा की। इस अवसर पर उनके साथ जिला उपयुक्त निशांत यादव भी उनके साथ थे। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी प्रोजेक्ट डायरेक्टर धीरज सिंह ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि वाटिका चौक अंडरपास का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि करीब 10 दिन बाद अंडरपास को खोलने पर विचार किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए की वे जल्द से जल्द कार्य को पूरा करें ताकि लोगों का सफर सुगम हो सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राजीव चौक से सोहना तक करीब 2 हजार करोड़ की लागत से एलिवेटेड रोड बनने के बाद सोहना की दूरी 15 मिनट में सिमट गई। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के लोगों को गुजरात में मुंबई जाने के लिए अब सोहना के अलीपुर से दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे का इंटरचेंज कल भी मिल रहा है।

## विधायक सुधीर सिंगला ने चकरपुर व राजेंद्रा पार्क में किया विकास कार्यों का शुभारंभ

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र



**गुरुग्राम।** विधायक सुधीर सिंगला ने बुधवार को शहर में दो स्थानों पर सडक व गली निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया। उन्होंने तय समय में यह कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण सामग्री की गुणवत्ता में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं करने के भी आदेश दिए। चकरपुर गांव में 1.08 करोड़ रुपये में सडक का निर्माण कार्य होगा। लोगों को विकास के कार्य में सहयोग करने के लिए प्रेरित करते हुए विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि किसी भी विकास के काम में आमजन को सहयोग करना चाहिए। सरकार द्वारा आमजन की सुविधाओं के लिए सदा कार्य किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की किसी भी क्षेत्र में कोई कमी नहीं है। शहर के हर कोने में विकास के कार्य जारी हैं। चकरपुर के कार्यक्रम में सरस्वती मंडल के अध्यक्ष अभिषेक गुलाटी, राव रणधीर सिंह, जिला सिंह, जयभगवान, महेश यादव (टिन्नी) जेके शर्मा, रामनिवास, अश्वनी, वीर सिंह, दीपक यादव, हरविंदर यादव, प्रवीण यादव, जयपाल नंबरदार, सुनील नंबरदार, मान सिंह यादव, रोहतास यादव, विजय गुप्ता, दीपक शर्मा, पीतांबर शर्मा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। विधायक सुधीर सिंगला ने बताया कि राजेंद्रा पार्क में एकता वाली गली में 68 लाख रूपये में गली बनकर तैयार होगी। जनता की समस्या को देखते हुए इस गली का प्रमुखता से निर्माण कराया जा रहा है। इस दौरान निवर्तमान पार्षद योगेन्द्र सारवान, यशवंत शेखावत, मनीष यादव, मुकेश, ललित कुमार, राजेश कुमार, चंदा देवी, विद्या देवी, योगेश मित्तल, रामपाल जांघू, चमेली देवी व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### भूतेश्वर मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का बना है केंद्र

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम जहां हरियाणा का आधुनिक व औद्योगिक शहर है, वहीं प्राचीन शीतला माता मंदिर, सिद्धेश्वर मंदिर, भूतेश्वर मङ्क्षदर, घंटेश्वर मंदिर, गीता भवन आदि मंदिर भी स्थित हैं। इन मंदिरों के प्रति लोगों की आस्था है। गुरुग्राम के बसई खांडसा रोड स्थित सिद्ध भूतेश्वर मंदिर 100 वर्ष अधिक पुराना है। जहां भगवान शिव के अलावा अन्य आराध्य देवों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। यहां एक चौक भी स्थित है, जिसे भूतेश्वर चौक के नाम से जाना जाता है। मंदिर के पुजारी नंदकिशोर शर्मा आचार्य का कहना है कि मंगलवार को हनुमान जी तथा शनिवार को भगवान शनि की पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु मंदिर पहुंचते हैं। शहर ही नहीं, अपितु अन्य आस-पास के क्षेत्रों के श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मंदिर परिसर में ऑटोमैटिक घडिय़ाल (घंटा) लगाया हुआ है, जो आरती के समय बजता रहता है। ऐसा घंटा शहर के किसी अन्य मंदिर में नहीं है। उन्होंने बताया कि मंदिर में लक्ष्मण प्रसाद, प्रेमचंद शर्मा व टिकेंद्र शर्मा प्रतिदिन सेवा देते हैं और प्रात~ व सायं 2-2 आरती होती हैं।

## कांग्रेसी नेता पंकज डावर ने कर्मचारियों की मांगों का किया समर्थन

### सफाई कर्मियों ने आज विधायक के घर का किया घेराव

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र



**गुरुग्राम।** बीते 15 दिनों से सफाई कर्मचारियों का शहर में प्रदर्शन जारी है। अब सफाई कर्मचारियों की सुनवाई नहीं होने पर बुधवार को सैकड़ो की संख्या में सफाई कर्मचारी गुडग़ांव विधायक सुधीर सिंगला के बर्फखाना स्थित मकान पर पहुंचे, जहां विधायक के नहीं मिलने के कारण सभी कर्मचारियों ने विधायक निवास का घेराव करते हुए प्रदर्शन के लिए वहीं पर टेंट लगा दिया और जब तक विधायक नहीं मिलेंगे तब तक के लिए धरने पर बैठे रहने की बातें की। इस मौके पर कर्मचारियों का समर्थन करने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर पहुंचे उनके साथ कांग्रेसी नेता अधिवक्ता सूबे सिंह यादव, सुनील प्रकाश, विपिन तनेजा, मनोज आहूजा, रमन वर्मा समेत अनेक कांग्रेस नेता मौजूद रहे। पंकज डावर ने कहा कि भाजपा सरकार में कर्मचारियों की कोई भी सुनवाई नहीं है। किसान व्यापारी मजदूर सभी वर्ग के लोग परेशान हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगामी 2024 में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनते ही कर्मचारियों की सभी मांगे पूरी की जाएगी। निगम के सभी कर्मचारी अपनी जायज मांग निगम प्रशासन के सामने रख रहे हैं लेकिन सरकार सुनने को तैयार नहीं है। इससे पहले भी कई बार निगम कर्मचारी धरने पर बैठ चुके हैं लेकिन कर्मचारियों को हर बार झूठा आश्वासन देकर शांत कर दिया जाता है। पंकज डावर ने कहा कि अब इस सरकार का झूठ हर जगह पकड़ में आ रहा है , झूठे वादों पर बनी सरकार अब ज्यादा दिन चलने वाली नहीं है।

## धर्म-कर्म

हनुमान चालीसा पाठ की मुहिम ने पार किया 3 लाख 66 हजार का आंकड़ा

# परमात्मा से जोड़ता है हनुमान चालीसा का पाठ : सीकरी

### हनुमान चालिसा पाठ में 400 से अधिक साधकों ने पहुंचकर अपना योगदान दिया

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र



**गुरुग्राम।** पंजाबी बिरादरी महासंगठन के अध्यक्ष व सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी की हनुमान चालीसा पाठ मुहिम के तहत सैक्टर 40 क्षेत्र स्थित श्री शक्ति पीठ मंदिर में औषध उद्योग निर्माता जगदीश बंसल द्वारा हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन कराया गया। जिसमें 400 से अधिक साधकों ने पहुंचकर अपना योगदान दिया। यह क्रम गत 7 माह 12 दिन से निरंतर प्रत्येक मंगलवार को चलता आ रहा है। अभी तक 25860 साधकों द्वारा 130 स्थानों पर 3 लाख 57 हजार 823 पाठ किए जा चुके हैं।

मंगलवार के साधकों की संख्या को जोडक़र अब तक 26 हजार पार कर गई है। गजेंद्र गोसाई ने मदन दीवान के सहयोग से संगीतमय शैली में 21 बार पाठ कराया। बोधराज सीकरी ने युवा पीढी को बताया कि पितृ पक्ष चल रहा है। पितृ पक्ष को श्राद्ध पक्ष भी कहते हैं। उन्होंने युवाओं को बताया कि यह कोई गलत परिपाटी नहीं है। प्रश्न यह उठता है कि आप इसको किस तरीके से मनाते हो। ये 15 दिन ऋषि मुनियों, विप्र गणों ने हमारे पूर्वजों को याद करने के लिए, उनके द्वारा किये गए अच्छे कर्मों की चर्चा करने के लिए बनाए हैं। क्योंकि जो युवा अपने भूतकाल को भूल जाता है उसका भविष्य कभी भी उज्वल नहीं हो सकता। उन्होंने बताया कि श्राद्ध का मतलब श्रद्धा से है। जो भी आप काम करें, चाहे यज्ञ करें, चाहे अनुष्ठान करें, चाहे ब्राह्मण को बुलाकर कर्मकांड द्वारा कुछ भी करें दल, लेकिन करें अवश्य ताकि हम अपने पूर्वजों श्रद्धासुमन अर्पित कर पाएं। इसके बाद बोधराज सीकरी ने जो हनुमान चालीसा का पहला शब्द है श्री गुरु उसके ऊपर बडी विस्तारपूर्वक चर्चा की और वहां बैठे युवाओं को इसका अभिप्राय भी बताया। हनुमान चालीसा पाठ के कई रहस्यों को उजागर किया और तुलसी कृत रामायण श्री रामचरितमानस उसका नाम मानस क्यों रखा, उसकी भी चर्चा की और बल दिया कि हमें हनुमान चालीसा बोलने की बजाय पढऩा चाहिए। गोसाई ने जो आखिरी हनुमान चालीसा की चौपाई का पाठ था, उसको नृत्य के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया। सीकरी ने घोषणा की कि 17 अक्तूबर मंगलवार को पालम विहार जे ब्लॉक में शेखर तनेजा और उनके सहयोगियों द्वारा भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें हनुमान चालीसा पाठ के साथ-साथ डा. सुधा यादव के जन्मदिन का आयोजन भी किया जाएगा। 131 वें स्थान शक्ति पीठ मंदिर में हुए पाठ को मिलाकर 366223 पाठ 26260 साधकों द्वारा हुए हैं।

इसके अतिरिक्त जामपुर शिव मंदिर ईस्ट ऑफ कैलाश में कल शाम को बोधराज सीकरी की अगुवाई में 50 लोगों ने 5-5 बार हनुमान चालीसा पाठ किए। इस प्रकार मुहिम के तहत अब तक कुल 366473 हो चुके हैं। यह पाठ कुल 26310 साधकों द्वारा किया गया है। आयोजन को सफल बनाने में तिलक मेहता, डा. सुधा यादव की पुत्री सौम्या जैन, दामाद अतीक जैन, पूनम जुनेजा, राम लाल ग्रोवर, धर्मेंद्र बजाज , सुभाष अरोड़ा, संजय टन्डन, युधिष्ठिर अलमादी, रमेश मुंजाल, राजीव छाबडा, अजय भार्गव, विनय वर्मा, चांद आहूजा, जसवंत चौहान, मोहित वत्स, रमेश चुटानी, सुभाष नागपाल, सुभाष गांधी, रमेश कुमार, रमेश कामरा, पॉवेल गर्ग, संजय खुराना, रवि मनोचा, पीएन सिंह, राजपाल आहूजा, राजेश गाबा, सुखदेव, भावेश गर्ग, सुनील आहूजा, राजेश मदान, शेखर तनेजा, सुभाष अरोडा, संजय पुलाना, गिरीश सरदाना, सुरेश सीकरी, ज्योत्सना बजाज, मीनू छाबडा, नीलिमा मिश्रा, ऊष्मा सचदेवा, मोनिका स्वामी, निशा मोंगिया, विजय अरोडा, रीटा रानी, सीमा कपूर, कविता शर्मा, सुषमा अरोड़ा आदि मौजूद रहीं।

अब एसवाईएल नहर में देर ना करे पंजाब

## सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी स्वागत योग्य : अरविंद

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र



**गुरुग्राम।** एसवाईएल के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा पंजाब सरकार को फटकार लगाए जाने के बाद हरियाणा भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने भी पंजाब सरकार से जल्द से जल्द एसवाईएल का निर्माण करवाकर हरियाणा को पानी देने की मांग की है। भाजपा हरियाणा के प्रदेश सह मीडिया प्रमुख अरविंद सैनी ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी स्वागत योग्य है, अब पंजाब सरकार को भी माननीय सर्वोच्च अदालत के फैसले का सम्मान करते हुए पानी के चैनल का निर्माण शीघ्र शुरू कर देना चाहिए। भाजपा नेता अरविंद सैनी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से इस मामले में राजनीति ना करने की भी सलाह दी है।

उन्होंने कहा कि अदालत का आदेश मानते हुए मान सरकार जल्द से जल्द नहर बनाने की प्रक्रिया को लेकर सर्वे शुरू करवाएं और केंद्र सरकार के सर्वे करने की प्रक्रिया में मदद करें, जिससे हरियाणा को उसके हक का पानी मिल सके। अरविंद सैनी ने आम आदमी पार्टी के एसवाईएल पर दोहरे रवैये की आलोचना करते हुए कहा कि दिल्ली के सीएम केजरीवाल हरियाणा में तो बोलते हैं कि एसवाईएल का पानी मिलना चाहिए, पर पंजाब सरकार को हरियाणा का पानी देने से इंकार करते हैं। उन्होंनें कहा कि आम आदमी पार्टी के पंजाब के मुख्यमंत्री अब खुद का स्टैंड लेते हुए सुप्रीम कोर्ट का आदर करें और जल्द से जल्द एसवाईएल का पानी हरियाणा को देने के लिए इस नहर का निर्माण करवाएं।

### रोहतक में 15 से 24 तक होगा सांझी उत्सव का आयोजन

**गुरुग्राम।** कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा व हरियाणा लोक कला संघ रोहतक के संयुक्त तत्वाधान में सूचना, लोक संपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग हरियाणा के महानिदेशक डा. अमित कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक रोहतक स्थित एंडी स्टूडियो में सांझी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सांझी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें राज्य की महिला कलाकार भाग ले सकेंगी।

## खबर फटाफट

### मनीता गर्ग बनी भाजपा महिला मोर्चा गुरूग्राम अध्यक्ष

तावडू। नगरपालिका पूर्व चेयरपर्सन एवं जिला गुरूग्राम महिला मोर्चा उपाध्यक्ष मनीता गर्ग को भाजपा महिला मोर्चा गुरुग्राम की जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाईयां दी। इस अवसर पर भाजपा से जुडी महिलाओं में भारी उत्साह देखने को मिला। मनीता गर्ग के निवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। वहीं नवनियुक्त भाजपा महिला मोर्चा गुरूग्राम जिला अध्यक्ष मनीता गर्ग ने शीर्ष नेताओं सहित गार्गी कक्कड़ का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जता कर जो दायित्व दिया है वह उसे कर्तव्य निष्ठा एवं समर्पण भावना से पूरा करने की पूर्णतया कोशिश करेंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो जिम्मेवारी उन्हें दी है, वह उसे पूरी निष्ठा से निभाएंगी। उन्होंने कहा कि वह भाजपा की नीति, भाजपा का प्रचार-प्रसार तथा सरकार द्वारा चलाई योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में अपनी टीम के साथ पूरा सहयोग करेंगे।

### तावडू में नाबालिक लडकी ने लगाए विभिन्न आरोप, मामला दर्ज।

तावडू। उपमंडल के एक गांव निवासी एक 14 वर्षीय लडकी ने गांव के ही 10 लडकों के खिलाफ छेडछाड करने, अशील ईशारे करने, जान से मारने की धमकी देने, परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट करने सहित विभिन्न आरोप लगाए हैं। पुलिस ने पीडित लडकी की शिकायत पर नामजद लडकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

उपमंडल के एक गांव निवासी 14 वर्षीय लडकी ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसका परिवार मजदूरी करता है और पापा डयूटी चले जाते हैं। गांव के कुछ लडके उसे परेशान करते हैं। वह कभी अपना नम्बर दे जाते हैं और गन्दे गन्दे अश्लील इशारे करते है। दूसरी कालोनी की छतों से उसके घर कि छत पर चढ़ कर उसके कमरे तक आ जाते हैं और उससे दोस्ती के लिए बोलते हैं। वह कई दिनों से परेशान थी। यह बात उसने परिवार वालों को बताई। तो उसके घर वाले उनसे बात करने गए तो उन्होंने उसके भाई को पीटा और माता-पिता से बदसलूकी की और मारपीट की। इन लडकों को वह नहीं जानती। लेकिन सामने आए तो वह पहचान सकती है। उसका भाई इन में कुछ लडकों के नाम जानता है तो आकाश, कपिल, विरेन्द्र, रोहित, प्रियांशु, नरेन्द्र किराना स्टोर का भाई अनूप, विनोद, मनजीत, पप्पू के दोनों लडके तथा अन्य लडके जिन्हें शकल से पहचान सकती है। इन सब लडको की गैंग है और उसे दो माह से परेशान कर रहे हैं। उक्त ने धमकी दी अगर पुलिस में दरखास्त दी तो उसे जान से मार देंगे और धमकी देकर गए हैं दोनो भाई बहन को यहां से उठा लेंगे पता भी नहीं चलेगा। ये सब दबंग किस्म के लोग है। पुलिस ने लडकी की शिकायत पर नामजद लडकों के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### तावडू में भागवत कथा के मुखारविंद से राजा प्रशिक्षित एवं सुखदेव महाराज का मिलन हुआ।

तावडू। शहर की पंजाबी धर्मशाला में चल रही श्रीमद भागवत कथा के दौरान बुधवार को चौथे दिन कथावाचक शिखा दीदी ने भागवत कथा के मुखारविंद से राजा प्रशिक्षित एवं सुखदेव महाराज का मिलन हुआ और जिसमें कलयुग के आगमन का वृत्तांत सुनाया गया। उन्होंने कहा कि कलयुग ने कहा कि विधि का विधान है राजा प्रशिक्षित मुझे तो इस पृथ्वी पर आना ही है। त्रेता द्वापर सतयुग और कलयुग आगमन तो निश्चित है। इसलिए जहां पर आप कहोगे मैं वहीं पर विराजमान हूंगा राजा प्रशिक्षित ने कलयुग से कहा कि आप केवल जहां पर जुआ सट्टा वेश्यावृति होती हो जहां पर झूठ कपट हेरा फेरी के सिवा कुछ ना हो वहां पर तुम्हारा तुम्हारा वास हो स्थापित रहो।

### मच्छरों को न पनपने दें, नहीं तो बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं, डाक्टर चौधरी।

**तावडू।** क्षेत्र के मौसम में आए बदलाव से हर क्षेत्रवासी बुखार से पीडित हो रहा है। क्षेत्र में दिन के समय गर्मी और रात के समय ठंड होने के कारण लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। क्षेत्र में सफाई की व्यवस्था भी सुचारू न होने के कारण मच्छर-मक्खियों का साम्राज्य बना हुआ है। जिससे हर घर में कोई न कोई व्यक्ति बीमारी का शिकार है। इस समय डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि होने की दहशत से भी लोग सहमे हुए हैं। क्षेत्र के प्रख्यात समाजसेवी डाक्टर राम अवतार चौधरी बताते हैं कि आयुर्वेद के अनुसार ज्वर एक आमाषोत्पन्न व्याधि है, यानी बुखार आमामय पेट से उत्पन्न होता है। आयुर्वेद के अनुसार बुखार, वातज, पित्तज, कफज, सन्नीपाताज का होता है। मौसम परिवर्तनशील होने से शरीर को अपने आप को उसी अनुसार एडजस्ट करने के कारण अधिक ऊर्जा खर्च करनी पडती है। इसलिए इस समय हम जल्दी-जल्दी बुखार कि चपेट में आ जाते है। ज्वर होने कि वजह से इस यस शरीर में वेदना अधिक होता है, क्योंकी समय यह बुखार वातन के सम्मिश्रण से होता है। इसलिए मन को भी सन्तप्त करता है, तो रोगी का मन उदास अधिक होता है। अधिक गर्म पद्धार्थो का सेवन न करें साफ-सफाई का ध्यान रखें। मच्छरों को न पनपने दें।

### अज्ञात लोगों ने सांड पर कुल्हाड़ी से किया वार, ग्रामीणों में रोष

**नारनौल।** सदर थाना अंतर्गत आने वाले गांव बदखोदा में अज्ञात लोगों ने एक सांड के कुल्हाड़ी मार दी कुल्हाड़ी सांड के अंदर ही धंस गई। सांड के कुल्हाड़ी लगने की सूचना मिलने के बाद ग्रामीणों में रोष है। वहीं मामले की जानकारी नारनौल के गौ रक्षा दल के सदस्यों को मिली तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर सांड को उपचार के गौ माता उपचारशाला पहुंचाया। जहां पर घायल सांड का इलाज किया गया। गांव बडकोदा में एक सांड के अज्ञात लोगों ने कुल्हाड़ी मार दी। कुल्हाड़ी लगने से सांड लहु लोहान हो गया। इसकी जानकारी जब ग्रामीणों को लगी तो उन्होंने इसकी सूचना गौ रक्षक दल को दी। इसके बाद मोहल्ला महल मिश्रवाड़ा के मोनू पहलवान के अलावा राजू सैनी, राजीव वह कुछ अन्य लोग गौ माता उपचारशाला की एंबुलेंस लेकर गांव में पहुंचे। गांव में पहुंचने के बाद उन्होंने सांड का रेस्क्यू कर उसको काबू किया। इसके बाद घायल सांड को गौ माता उपचार शाला लेकर आए। जहां पर पशु चिकित्सकों की देखरेख में सांड के लगी कुल्हाड़ी को निकाला गया। वहीं इस बारे में मोनू पहलवान ने बताया कि इसकी सूचना वे पुलिस में भी देंगे तथा दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करने के बारे में लिखेंगे। दूसरी ओर सेंड के कुल्हाड़ी लगने की घटना के बाद गौरक्षकों और ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार सांड के कुल्हाड़ी मारना बहुत ही गलत है। यह

# अनाजमंडी में फसल खरीद का निरीक्षण करने पहुंचे अशोक खेमका

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र



नूंह। अतिरिक्त मुख्य सचिव, अभिलेखागार विभाग हरियाणा अशोक खेमका ने बुधवार को नूंह जिला में नूंह व फिरोजपुर झिरका अनाजमंडियों का दौरा किया तथा मंडियों में किसानों के लिए जरूरी सुविधाओं व खरीद कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने किसानों से भी बातचीत की तथा खरीद कार्य संबंधी जानकारी प्राप्त की। अशोक खेमका ने मंडियों में दौरे के दौरान खरीद कार्य से जुड़े अधिकारियों व संबंधित खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में धान व खरीफ सीजन की फसलों की आवक, खरीद व उठान के संबंध में सभी तैयारियां पूर्ण रहनी चाहिएं। मंडियों में किसानों को गेट पास सहित अन्य सुविधाएं जैसे पीने का पानी, शौचालय, लाइट का प्रबंध, साफ-सफाई आदि की समूचित व्यवस्था हो। जिला की सभी अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों पर बारदाने का उचित प्रबंध हो। मंडियों से फसल के उठान के लिए ट्रांसपोर्टेशन की पूरी व्यवस्था रहनी चाहिए तथा संबंधित खरीद एजेंसी इसके लिए संबंधित ठेकेदार को कड़े निर्देश दें तथा उठान प्रक्रिया सुचारू रूप से निरंतर चलनी चाहिए, ताकि किसानों को फसल लाने व बेचने में कोई दिक्कत न हो। एसीएस ने इस मौके पर किसानों का भी आह्वान किया कि वे अनाजमंडी में अपनी जो भी फसल बेचने के लिए लाएं, उसे सुखाकर अवश्य लाएं, ताकि संबंधित खरीद एजेंसी द्वारा उनकी फसल की बिक्री आसानी से की जा सके। एसीएस अशोक खेमका ने तावडू अनाज मंडी में किसानों से फसल खरीद बारे जानकारी ली, जिस पर किसानों ने बताया कि ई-खरीद पोर्टल बंद होने के कारण उन्हें गेट पास बनवाने में परेशानी आ रही। उन्होंने मौके पर तुरंत संबंधित अधिकारियों को फोन करके किसानों की समस्य का समाधान करवाया। उन्होंने मंडी में बिजली-पानी शौचालय आदि की जानकारी भी ली, जोकि ठीक पाई गई। उन्होंने नूंह अनाजमंडी में अधिकारियों को निर्देश दिए कि अब तक मंडी में जो भी फसल की खरीद की जा चुकी है, उसका उठान तुरंत करवाएं। इसके अलावा किसानों की फसलों का भुगतान भी समयबद्ध किया जाए। उन्होंने नूंह अनाज मंडी में धान की फसल के अलावा बाजरा, कपास आदि की खरीद बारे भी जानकारी ली। अधिकारियों ने उन्हें बताया कि नूंह अनाज मंडी में अब तक 3 हजार 367 क्विंटल बाजरा व 11 हजार 608 क्विंटल धान तथा दो हजार 267 क्विंटल कपास की खरीद हो चुकी है।

### मंडियों में किसानों के लिए जरूरी सुविधाओं व खरीद कार्यों का जायजा लिया

**तावडू।** शहर की नई अनाजमंडी का बुधवार को अतिरिक्त मुख्य सचिव अभिलेखागार विभाग हरियाणा अशोक खेमका ने दौरा किया तथा मंडियों में किसानों के लिए जरूरी सुविधाओं व खरीद कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने किसानों से भी बातचीत की तथा खरीद कार्य संबंधी जानकारी प्राप्त की। अशोक खेमका ने मंडियों में दौरे के दौरान खरीद कार्य से जुड़े अधिकारियों व संबंधित खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में धान व खरीफ सीजन की फसलों की आवक, खरीद व उठान के संबंध में सभी तैयारियां पूर्ण रहनी चाहिएं। मंडियों में किसानों को गेट पास सहित अन्य सुविधाएं जैसे पीने का पानी, शौचालय, लाइट का प्रबंध, साफ. सफाई आदि की समूचित व्यवस्था हो। जिला की सभी अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों पर बारदाने का उचित प्रबंध हो। मंडियों से फसल के उठान के लिए ट्रांसपोर्टेशन की पूरी व्यवस्था रहनी चाहिए तथा संबंधित खरीद एजेंसी इसके लिए संबंधित ठेकेदार को कड़े निर्देश दें तथा उठान प्रक्रिया सुचारू रूप से निरंतर चलनी चाहिए।

# ट्रैफिक रूल नहीं मानने वाले 276 वाहन चालकों के चालान किए



आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। बुधवार को नूंह पुलिस द्वारा बिना नम्बर प्लेट, ब्लैक फिल्म व अन्य यातायात नियमों की उल्लघंना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया । मोटर वाहन अधिनियम के तहत बिना नम्बर प्लेट, ब्लैक फिल्म व अन्य यातायात नियमों की उल्लघंना करने पर कुल 276 वाहन चालको के चालान किये गए । जिसमे ब्लैक फिल्म लगाकर यातायात नियमों की उल्लघंना करने पर 3 व बिना नम्बर प्लेट के नियमो की उल्लघंना करने वाले 81 वाहन व अन्य यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 192 वाहन चालको के चालन किये गए तथा वाहन चालको को यातायात नियमो के बारे मे भी जागरुक किया गया । आपको बता दें कि नूंह पुलिस द्वारा वाहन चालको को यातायात नियमो की जानकारी दी जा रही हैं । अलग-2 स्थानों पर पुलिसकर्मी आमजन के बीच रहकर यातायात नियमो की जानकारी दे रहे हैं तथा बस स्टैण्ड, आटो स्टैण्ड, ट्रक युनियन व शैक्षणिक संस्थानों मे जाकर भी यातायात के नियमो के बारे आमजन व बच्चों को जागरुक कर रहे हैं । फिर भी यदि कोई वाहन चालक यातायात के नियमों की अवेहलना करता है तो उसके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही हैं । इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेगें ।

# सांझी उत्सव का आयोजन 15 से 24 अक्टूबर तक रोहतक में: उपायुक्त

**उत्सव में सांझी के गीत व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी**

**विजेताओं को दिए जाएंगे इनाम**

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र



नूंह। कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा व हरियाणा लोक कला संघ, रोहतक के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2023 तक रोहतक के एंडी स्टूडियो में सांझी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सांझी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राज्य की महिला कलाकार भाग लेंगी। विजेता महिला कलाकारों को प्रथम पुरस्कार के रूप में 51,000 रुपए, द्वितीय को 31,000 रुपए, तृतीय को 21,000 रुपए तथा दो कलाकारों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 11,000 रुपए दिए जाएंगे। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि इस नौ दिवसीय कार्यक्रम में सांझी के गीत व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी करवाई जाएंगी। सांझी हरियाणा की लोक पारंपरिक कला का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो महिलाओं द्वारा दीवार पर नवरात्रों के दौरान बनाई जाती है। वर्तमान में यह कला गांव से लुप्त होती जा रही है। इस कला को बचाने के लिए विभाग द्वारा हर साल सांझी उत्सव व प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाता है, जिसमें महिलाएं बढ़-चढ़कर भाग लेती है तथा पुरस्कार भी जीतती हैं। इस वर्ष भी सांझी प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिसकी अंतिम तिथि 10 अक्टूबर 2023 है।

# नूंह पुलिस ने सभी हों साइबर स्मार्ट मिशन के अंतर्गत किया साईबर राहगिरी का आयोजन

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र



नूंह। साइबर अपराध के बढते मामलों को लेकर बुधवार को जिला नूंह पुलिस द्वारा नूंह शहर के यासीन मेव डिग्री कॉलेज के बाहर साईबर राहगिरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें स्कूली बच्चों व आम लोगों को साईबर अपराधों के बारे में जागरूक किया गया । इस दौरान स्कूली बच्चों व लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने व नशे से दूर रहने के बारे में भी जागरूक किया गया । जिला नूंह पुलिस पिछले दिनों जिले के काफी स्कूल , कॉलेजों व गांवों में इस तरह के जागरूकता अभियान चला चुकी हैं । निरीक्षक विमल राय प्रबंधक थाना साइबर क्राइम नूंह ने स्कूली बच्चों व लोगों को जागरुक करते हुये कहा कि आज के समय में साइबर अपराध चरम पर है । आए दिन नए-नए तरीकों से लोगों को ठगा जा रहा है । इन्हें रोकने के लिए जागरूक होने की जरूरत है । सभी को समझना होगा कि साइबर अपराध करने वाले लोग बडे ही चालाक किस्म के होते हैं, जिनसे सभी को बचना होगा । वैसे जिला नूंह में साइबर क्राईम थाना और साइबर हेल्प डेस्क गठित है, जो काम कर रही है । इसके लिए बड़े सोशल प्लेटफॉर्म को सावधानी और सतर्कता के साथ प्रयोग करना जरूरी है । आज जिस तरह से अपराधियों के द्वारा साइबर अपराध को अपराध का एक सशक्त माध्यम बनाकर प्रयोग किया जा रहा है । उससे बचने के लिए लोगों को स्वयं जागरूक होकर दूसरों को भी जागरूक करना होगा । इंटरनेट बैंकिंग, ऑनलाइन फ्राड, वालेट/ और यूपीआई संबंधित धोखाधड़ी से बचना चाहिए। उन्होंने सभी को फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, व्हाट्सएप हैकिंग से बचाव, ओटीपी व फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्रॉड के संबंध में सावधानियां बरतने की सलाह दी । फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, व्हाट्सएप आदि सोशल साइट्स से हनी ट्रैप के संबंध में लोगों को जागरूक रहने के लिए कहा गया । सिम कार्ड के माध्यम से, एटीएम कार्ड बदलकर, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड के माध्यम से, बायोमैट्रिक, क्यूआर कोड स्कैन, सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्ति से दोस्ती, फर्जी कॉल, अनजान व्हाट्सएप वीडियो कॉल, ऑनलाइन लोन देने वाले ऐप, सोशल मीडिया पर रुपयों की मांग करने वालों से, गूगल से कस्टमर केयर नंबर सर्च करने बारे व यूपीआई संबंधी फ्राड के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया ।

# लोक संस्कृति संरक्षण प्रकोष्ठ ने स्वच्छता संगोष्ठी का आयोजन किया

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



नारनौल। सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत लोक संस्कृति संरक्षण प्रकोष्ठ द्वारा मोती नगर में स्वच्छता संगोष्ठी का आयोजन किया गया और प्रकोष्ठ द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का समापन किया गया। प्रकोष्ठ अध्यक्ष डा. कृष्णा आर्या ने स्वच्छता श्रमदान में योगदान देने वाले स्वयंसेवकों, महिलाओं व बच्चों की सराहना की और उपस्थित बच्चों एवं मातृशक्ति को स्वच्छता शपथ दिलाई। श्रीमती आर्या ने बताया कि सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में लोक संस्कृति संरक्षण प्रकोष्ठ सदस्यों द्वारा निरंतर सामुदायिक स्थान जैसे सुभाष पार्क, पटेल पार्क, मोड़ा वाला मंदिर पार्क आदि स्थानों पर स्वच्छता श्रमदान किया गया और साथ ही महिलाओं, बच्चों एवं लोगों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई और विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया गया। जिसमें अनेक लोगों की भागीदारी रही। प्रकोष्ठ प्रभारी सुषमा रानी ने बताया कि हमारी संस्था लोक संस्कृति संरक्षण प्रकोष्ठ सामाजिक विकास के हर मिशन व जिला प्रशासन द्वारा चलाये जाने वाले हर अभियान में बढ़-चढकर भाग लेती है और इसी कड़ी में हमने स्वच्छता का बीड़ा उठाया और अपने आसपास के क्षेत्र को साफ सुथरा बनाने में योगदान दिया एवं घरों में जाकर भी कामकाजी महिलाओं को स्वच्छता शपथ दिलाई एवं आम रास्तों पर साफ सफाई की गई। इस अभियान में स्वच्छता श्रमदान एवं स्वच्छता शपथ लेने वालों में डा. कृष्णा आर्या के साथ सुषमा रानी, परमानन्द दीवान,शारदा सैन, यामिनी, यश, काजल, विशाल, ऋषि, सुनील, रियान, अर्जुनसिंह, मुकेश, आशा, सुमित्रा, आरती, ज्योति, सौम्या, संगीता, मनीषा, सुशीला, अनीता, परमजीत, रोशनी, मंजू, सरिता आदि शामिल थे।

# नूँह में जन संवाद कार्यक्रम 7 को

**परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा होंगे मुख्य अतिथि**

**भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने दी जानकारी, जनसंवाद में होगा मौके पर ही निवारण**

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के निर्देश पर आगामी 7 अक्तूबर को नूँह विधानसभा में जन संवाद कार्यक्रम रखा गया है जिसमें मुख्य अतिथि हरियाणा सरकार में परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा रहेंगे। 7 अक्तूबर को माननीय परिवहन मंत्री जी नूँह विधानसभा में गाँव आकेड़ा, रानीका, देवला नंगली, बैंसी व गांगोली में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनकर उनका निवारण करेंगे। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार प्रदेश व मेवात क्षेत्र के विकास को लेकर बहुत गंभीर व सदैव प्रयत्नशील हैं, इसके लिए उनका तहेदिल धन्यवाद व आभार। चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने सभी विधानसभा वासियों से अपील करते हुए कहा कि अपने गांव व नूंह क़स्बे की किसी भी तरह की जनसमस्या जैसे पीने के पानी, नहरी पानी, बिजली, सड़कें, शिक्षा व स्वास्थ्य से संबधित समस्या, आदि तथा विकास कार्य करवाने बारे गांव/क़स्बे की तरफ से ऐप्लीकेशन व पंचायत का प्रस्ताव जिला उपायुक्त, नूँह के नाम लिखकर 5 अक्तूबर, बृहस्पतिवार शाम तक उनके कार्यालय या जिला भाजपा कार्यालय, नूंह पहुंचाएँ। जहां प्रस्ताव संभव ना हो वहाँ सिर्फ़ एप्लीकेशन दे दें तथा उसकी एक कॉपी पैरवी के लिए उनके नूँह कार्यालय पर भी पहुंचाने का कष्ट करें।

**बैठक** | अंत्योदय मेलों में आए आवेदनों को जल्द निपटाने के निर्देश

# मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना को लेकर एडीसी वैशाली सिंह ने ली बैठक

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



नारनौल। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना गरीब परिवारों को आर्थिक उन्नति देने के लिए शुरू की गई है। ऐसे में सभी बैंकर्स तथा अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जिला में लगाए गए अंत्योदय मेलों में आए आवेदनों को जल्द से जल्द निपटाएं। यह निर्देश अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने आज अपने कार्यालय में बुलाई विभिन्न बैंकर्स व अधिकारियों की बैठक में दिए।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त ने लंबित आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए एक-एक विभाग के अधिकारियों और बैंक अधिकारियों से इस बारे विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने सभी बैंक डीसीओ को आदेश दिए गए कि जिन आवेदनों में कागजात की कोई कमी है तो वह उन सभी आवेदनों की सूची बनाकर के 9 अक्टूबर तक विभाग को उपलब्ध करवाएं। एडीसी ने विभागों को यह भी आदेश दिए कि उन सभी आवेदनों पर जो लंबित है उन में पूर्ण कार्रवाई करवाकर के 12 अक्टूबर तक संबंधित बैंक ब्रांच को वह उपलब्ध करवाएंगे। सिंह ने ये भी आदेश दिए कि जिन बैंकों की ब्रांच के आवेदन अधिक मात्रा में लंबित हैं उनको बारी बारी से ब्रांचों मैनेजर को बुलाकर समीक्षा करेंगी। उन्होंने बैंक डीसीओ को आदेश दिए कि जिन बैंक ने लोन दे दिया है तो तुरंत प्रभाव से उसको अपडेट करें। इस बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा, एलडीएम विजय सिंह, सीएमजीजीए दिवाकर कुमार के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

# 15 दिन का सडक़ का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ तो देंगे धरना: बलवान

**महेंद्रगढ़-सेहलंग मार्ग पर बचे एक किलोमीटर हिस्से को बनाए की मांग को लेकर धरने की चेतावनी दी**

इंद्रजीत सिंह भरोसा मित्र

महेंद्रगढ़। समाज सेवी बलवान फौजी के महेंद्रगढ़-सेहलंग मार्ग पर बचे हुए एक किलोमीटर के टुकड़े को बनाए जाने की मांग को लेकर धरने की चेतावनी के बाद पीडब्लूडी विभाग की ओर से बुधवार की सुबह सडक़ का निर्माण कार्य शुरू कर दिया हैं। बलवान फौजी ने बताया कि अगर 15 दिन के अंदर सडक़ का निर्माण कार्य पूरा नहीं होता है तो ग्रामीण आंदोलन करेंगे। उन्होंने बताया कि पीडब्लूडी विभाग की ओर से महेंद्रगढ़ से सेहलंग तक सडक़ निर्माण किया गया था। लेकिन माजरा चुंगी से एक किलोमीटर के हिस्से में सडक़ का निर्माण नहीं किया गया। सडक़ का निर्माण कार्य अधूरा छोडे जाने के कारण करीब 50 हजार लोगों को परेशानी उठानी पड़ रहीं हैं। इस मार्ग पर प्रतिदिन एक दर्जन गांवों का प्रतिदिन आवागमन होता हैं। कई माह से विभाग की ओर से एक किलोमीटर के हिस्से को छोड़ दिया गया हैं। जिससे वाहन चालकों व अनेक गांवों के ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रहीं हैं। सडक़ का निर्माण कार्य शुरू होने के बाद बलवान फौजी मौके पर पहुंचे तथा अधिकारियों से निर्माण कार्य को लेकर बातचीत की। उन्होंने अधिकारियों से जल्द से जल्द सडक़ का निर्माण कार्य पूरा करने की बात कहीं। बलवान फौजी ने बताया कि मौके पर मौजूद विभाग के अधिकारियों का कहना है कि एक दो दिन में विभाग के अधिकारी चंडीगढ़ में जाकर उच्च अधिकारियों से अधूरे सडक़ निर्माण को लेकर पूरा करने के लिए बजट की स्वीकृति लेकर आएंगे। अगर 15 दिन इस मार्ग पर सडक़ का निर्माण कार्य नहीं हुआ तो ग्रामीणों के साथ मिलकर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने धरना-प्रदर्शन के लिए इस मार्ग पर आने वाले सभी गांवों में जनसंपर्क भी कर लिया हैं।

## खबर फटाफट

### जातिगत जनगणना कराएं पीएम

**रेवाड़ी।** बिहार में जातिगत जनगणना के आंकडे सार्वजनिक होने के बाद स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण भारत के अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग की कि वे गरीबी व जातिगत जनगणना पर जुमलेबाजी करके आमजनों को ठगने की बजाय 2024 के बाद होने वाली जनगणना 2021 में जातिगत जनगणना करवाके देश में किस जाति की कितनी आबादी है, इस पर स्थिति स्पष्ट करने जातिगत जनगणना के आदेश दे। विद्रोही ने कहा कि बिहार में कांग्रेस-जेडीयू-राजद महागठबंधन सरकार द्वारा कराई गई जातिगत जनगणना में पिछडे वर्ग, ओबीसी की बिहार में आबादी 63.22 प्रतिशत व अनुसूचित जाति की जनसंख्या 19.65 प्रतिशत पाई गई है। वहीं सामान्य वर्ग की आबादी मात्र 15.52 प्रतिशत है। अभी तक यह अनुमान था कि देशभर में पिछडे-ओबीसी की जनसंख्या 52 प्रतिशत के आसपास है लेकिन बिहार की जनगणना के बाद यह साफ दिख रहा है कि देशभर में ओबीसी की जनसंख्या 55 से 60 प्रतिशत के बीच हो सकती है। सवाल उठता है कि सामान्य वर्ग की 15 प्रतिशत आबादी के लिए सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण होना, वहीं देशभर की 55 से 60 प्रतिशत ओबीसी वर्ग के लिए केवल 27 प्रतिशत आरक्षण होना अपने आप में प्रमाण है कि आज ओबीसी वर्ग के साथ आरक्षण मामले में न केवल अन्याय हो रहा है अपितु उन्हे उनकी आबादी के अनुसार प्रशासन, न्यायपालिका, शैक्षणिक संस्थानों, उच्च सरकारी प्रतिष्ठानों में उचित हिस्सेदारी नही मिल रही।

### किसानों को मसालों की खेती के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए सरकार दे रही 50 प्रतिशत अनुदान

**रेवाड़ी।** किसानों की आय में वृद्धि करने व फसल विविधीकरण के तहत लगाई गई बागवानी फसलों को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा मसालों की खेती पर अनुदान दिया जा रहा है।

डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि किसानों को सब्जियों व फलों के भाव से जोखिम मुक्त कर उन्हें फसल का उचित दाम दिलाने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा अनुदान व भावन्तर भरपाई योजना चलाई जा रही है। इसी क्रम में अब बागवानी के क्षेत्र में मसालों की खेती करने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा 50 प्रतिशत का अनुदान दिया जा रहा है।

डीसी ने बताया कि योजना के तहत लहसुन पर 30 हजार प्रति एकड़ तथा धनिया व मैथी पर 15 हजार प्रति एकड़ अनुदान दिया जा रहा है। वहीं सुगंधित पौधों जैसे मेंथा, लेमनग्रास, सिट्रोनेला की खेती पर 40 प्रतिशत की दर से 6 हजार 400 रुपये प्रति एकड़ अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक किसान अधिकतम 10 एकड़ तक लाभ ले सकता है। योजना के लाभ लेने के इच्छुक किसान, किसान विभाग के पोर्टल द्धशह्लठ्ठद्गह्न.द्गश1.द्बठ्ठ पर आवेदन कर सकते हैं। उत्पादन से पूर्व होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना के तहत उत्पादक किसान उपरोक्त फसलों का बीमा भी करवा सकते हैं। योजना का लाभ लेने के लिए उत्पादक का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर रजिस्ट्रेशन होने अनिवार्य है। जिला में इस योजना का लाभ उठाने के इच्छुक किसान इस विषय में और अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में जिला बागवानी अधिकारी के कार्यालय अथवा विभाग के टोल फ्री नम्बर 1800-180-2021 पर संपर्क कर सकते है।

### छठी कक्षा से दी जाएगी वोकेशनल शिक्षा

रेवाड़ी। राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में कुशल बनाने के लिए अब छठी कक्षा से ही वोकेशनल शिक्षा दी जाएगी। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद हरियाणा, गुरुग्राम के तत्वाधान में डाइट हुसैनपुर रेवाड़ी में चल रहे प्री. वोकेशनल प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे चरण का प्रारंभ 5 अक्टूबर से किया जाएगा। यह प्रशिक्षण कई चरणों में आयोजित होगा। पहले दो चरणों में जिले के 193 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। विभिन्न चरणों में 500 अध्यापकों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है। डाइट हुसैनपुर के प्राचार्य सुभाष चंद्र ने बताया कि नौनिहालों की जिस क्षेत्र में रुचि होगी, उन्हें उससे जुड़े स्किल सिखाएं जायेंगे। यह स्किल उन के भविष्य में काफी कारगर साबित होंगे। इसमें प्री. वोकेशनल शिक्षा को कैसे प्रभावी ढंग से लागू करना हैए इसको लेकर प्रशिक्षित किया जाएगा।

ट्रेनिंग इंचार्ज डॉ संगीता ने बताया कि प्रशिक्षण विभिन्न क्षेत्रों में मास्टर ट्रेनरों द्वारा विद्यार्थियों को आईटी, ब्यूटी एंड वेलनेस, हेल्थ केयर, फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स, रिटेल, ऑटोमोबाइल, बैंकिंग एंड फाइनेंस, सिक्योरिटी, कृषि, फूड प्रोसेसिंग, पेपर वर्क, परिधान, मीडिया एंटरटेनमेंट एंड एनिमेशन, प्लंबिंग, पावर, टेलीकॉम एवं कंस्ट्रक्शन आदि के बारे में बेसिक ज्ञान प्रदान किया जाएगा।

### ‘एक शाम भगवान अग्रसेन जी के नाम’



**रेवाड़ी।** भगवान अग्रसेन की 5177 वीं जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल समाज ट्रस्ट गुडियानी एवम अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रमों की श्रंखला में एक शाम भगवान अग्रसेन जी के नाम, भजन संध्या का आयोजन गुडियानी में किया गया। इस अवसर पर हैलीमंडी अग्रवाल सम्मेलन के प्रधान अजय मंगला, नगर पालिका के पूर्व प्रधान शिव कुमार गुप्ता, हरियाणा प्रदेश अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश संगठन मंत्री ओमप्रकाश लिसानिया एवम कोसली से कैलाश अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने भगवान अग्रसेन को समाजवाद का प्रवर्तक एवम अहिंसा का पुजारी बताया। इस भजन संध्या में आदमपुर से पधारी अग्रसेन भजन गायिका कुमारी प्रिंसी गोयल ने अपनी मधुरकंठी आवाज से उपस्थित समाज बंधुओं को भगवान अग्रसेन के चरित्र से रूबरू करवाया। कुमारी प्रिंसी ने सुंदर एवम मनमोहक भजनों पर अग्रसेन भक्तों को थिरकने एवम झूमने पर मजबूर कर दिया। गुडियानी के ईश्वर एवम कलाकार शिव भक्त ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। इससे पूर्व अतिथियों ने भगवान अग्रसेन के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। गुडियानी अग्रवाल समाज ट्रस्ट के पदाधिकारियों सत्कार किया। अग्रवाल समाज ट्रस्ट के प्रधान मनोज गोयल गुडियानिया ने बताया कि इस प्रकार का क्षेत्र में प्रथम एवम भगवान अग्रसेन जयंती का गांव में ये प्रथम कार्यक्रम है। अग्रवाल समाज ट्रस्ट गुडियानी के हरीश बंसल, रविंद्र बंसल, भगवान गुप्ता, हरीश बंसल, विपिन गोयल, जितेंद्र बंसल, मामन चंद गोयल, नवीन गोयल, कुणाल सिंगला समेत अनेक समाजबंधुओं ने सहयोग प्रदान दिया। इस अवसर पर अमित अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, दिनेश गर्ग, ममता गर्ग, नीरज गोयल, पूर्व पार्षद उमेश गुप्ता, विकास गर्ग, नवीन मित्तल, योगेश अग्रवाल, आशीष गर्ग, रितु बंसल, रजनी बंसल, डोली बंसल, शीनू बंसल सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

एसवाईएल पर हरियाणा का पूरा हक, पंजाब सरकार मामले पर न करें देरी : अरविंद शर्मा

# हरियाणा में बिखर चुकी है कांग्रेस : शर्मा

### कोसली व जाटूसाना रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस गाड़ी को झंडी दिखाकर किया रवाना

ब्यूरो भरोसा मित्र

**रेवाड़ी।** रोहतक लोकसभा से भाजपा सांसद डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि अब सुप्रीम कोर्ट भी कह चुका है कि हरियाणा को उसके हिस्से का एसवाईएल का पानी दिया जाएं, लेकिन पंजाब सरकार की नीयत ठीक नहीं लग रही है। सांसद ने कहा कि एसवाईएल के पानी पर हरियाणा का पूरा हक है और उसे लेकर रहेंगे। सांसद ने कहा कि प्रदेश में एसवाईएल नहर बनाने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के जो आदेश आएं हैए उससे उम्मीद है कि अब प्रदेश के किसानों को एसवाईएल का पानी मिल पाएगा। साथ ही सांसद ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि प्रदेश में कांग्रेस का कोई जनाधार नहीं है और कांग्रेस बिखर चुकी है। सांसद ने प्रधानमंत्री व रेल मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि रेलवे मंत्रालय ने प्रदेश को कई सौगात दी है।

सांसद ने कोसली व जाटूसाना रेलवे स्टेशन पर श्री माता वैष्णो देवी कटरा-अहमदाबाद व सिरसा-तिलक ब्रिज हरियाणा एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दरअसल हाल ही में सांसद अरविंद शर्मा के प्रयास से रेलवे मंत्रालय ने लोकसभा क्षेत्र में छह गाडियों के ठहराव को मंजूरी दी है। इसी कड़ी में सांसद ने दोनों एक्सप्रेस गाडियों को झंडी दिखाई। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ा है। देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है और विदेशों में भी भारत के नाम का डंका बज रहा है। कोई ऐसा क्षेत्र नहीं हैए जो विकास से अछूता हो। प्रधानमंत्री मोदी ने सबका साथ, सबका विकास के नारे को अपनाते



हुए साबित कर दिया है कि यदि व्यक्ति की नीति व नीयत ठीक हो तो देश का समान विकास किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश में आज सडक़ों का जाल बिछा हुआ है और यह कार्य जारी है। मोदी ने देश में विकास के नये आयाम स्थापित किए हैं।

इस अवसर पर कमांडेंट आइटीबीपी अशोक कुमार यादव, पूर्व कमांडेंट सुरेंद्र सिंह, पूर्व मंत्री विक्रम ठेकेदार, सरोज यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीतम चौहान, मास्टर हुकम चंद यादव, बलजीत यादव, सुरेश देवी, पार्षद शारदा यादव, मौसमी रानी, डीके यादव, रविंद्र आशावादी, दिनेश लांबा, रणधीर नंबरदार समेत अनेक कार्यकर्ता व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सांसद अरविंद शर्मा न कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए सबका साथए सबका विकास और सबका विश्वास नारा को साकार करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा की तकदीर और तस्वीर बदलने का काम किया है। बीजेपी सरकार का जहां विकास पर फोकस है वहीं भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के लिए भी कारगर और साहसिक कदम उठाए गए हैं। डिजिटल इंडिया का सपना साकार हो रहा है। अब लोगों को दफ्तरों का चक्कर और बाबुओं की जी हुजूरी नहीं करनी पड़ रही।

### कोसली व जाटूसाना स्टेशन पर दो एक्सप्रेस ट्रेनों का करवाया ठहराव

सांसद डा. अरविंद शर्मा ने कोसली क्षेत्र में आधा दर्जन से ज्यादा रेलगाडय़िों का ठहराव कराया है। बुधवार को कोसली क्षेत्र को तीन नई सौगात दी। पहली सौगात सुबह 5 बजे रेल संख्या 19416 कटरा-अहमदाबाद के बीच चलने वाली साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर अहमदाबाद की ओर रवाना किया। दूसरी सौगात क्षेत्र के जाटुसाना रेलवे स्टेशन से रेल संख्या 14086 सिरसा-तिलक ब्रिज हरियाणा एक्सप्रेस को सवा छह बजे तिलक ब्रिज के लिए रवाना किया । तीसरी सौगात में रात को भटिंडा से जयपुर के बीच चलने वाले रेल संख्या 14733 जिसका कोसली 2.54 पर आने का समय होगा का कोसली स्टेशन पर ठहराव किया गया है। सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कोसली स्टेशन के लिए 5 करोड़ का बजट पास किया गया है। अब कोसली स्टेशन की सूरत बदल जाएगी।

श्रमिक की पीट-पीटकर हत्या करने की गुत्थी को पुलिस ने सुलझाया

# दोस्त ही निकला दोस्त का हत्यारा



ब्यूरो भरोसा मित्र

**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के दिशा-निर्देश व उप पुलिस अधीक्षक संजीव बल्हारा के नेतृत्व में कार्य करते हुए अपराध शाखा-2 धारूहेड़ा इंचार्ज निरीक्षक सतेन्द्र कुमार की टीम व थाना बावल पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए करीब तीन माह पूर्व एक वेल्डिंग की वर्कशॉप पर काम करने वाले साथी युवक की पीट-पीटकर हत्या करने की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। इस मामले में सीआईए-2 तथा बावल थाना पुलिस ने संयुक्त कार्यवाह करते हुए मृतक के साथ काम करने वाले कर्मचारी को मध्य प्रदेश के जिला रायसेन के मंडी दीप बंसल इंडस्ट्रीज से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ के गांव जेवर निवासी मनोज स्वामी पुत्र केदारीलाल के रूप में हुई है। हत्या की वारदात के बाद से आरोपी फरार था और मध्य प्रदेश में एक फैक्ट्री में काम करने लग गया था। उप पुलिस अधीक्षक संजीव बल्हारा ने पत्रकारवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि करीब तीन माह पूर्व 11 जुलाई की रात्रि को बावल के नेहचाना रोड़ स्थित सक्षम इन्टरप्राइजेज में काम करने वाले युवक संतोष विश्वकर्मा पुत्र श्रीराम विश्वकर्मा निवासी गांव जेवर जिला टीकमगढ़ मध्य प्रदेश के साथ काम करने वाले एक अन्य युवक ने मारपीट कर उसके सिर में लोहे की एंगल मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने मृतक के भाई शिवलाल विश्वकर्मा की शिकायत पर थाना बावल में हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। इस मामले में अपराध शाखा-2 धारूहेड़ा इंचार्ज निरीक्षक सतेन्द्र कुमार की टीम व थाना बावल पुलिस लगातार हत्या के आरोपी की धरपकड़ में जुटी हुई थी। आखिरकार सीआईए-2 धारुहेड़ा को सूचना मिली कि हत्या का आरोपी जिला रायसेन की मंडी स्थित एक फैक्ट्री में कार्य कर रहा है।

### एक ही गांव के थे मृतक और आरोपी

डीएसपी ने बताया कि मृतक तथा आरोपी दोनों एक ही गांव के रहने वाले थे। दोनों पहले कस्बा बावल में एक किराये के मकान में रहते थे तथा दोनों ही शराब पीते रहते थे। कुछ समय पश्चात दोनों नेहचाना रोड़ स्थित सक्षम इंटरप्राइजेज में काम करने वाले स्थान पर ही रहने लगे थे। वारदात वाले दिन दोनों की शराब के नशे में झगड़ा हो गया। जिसके बाद आरोपी ने संतोष के सिर, चेहरे तथा अन्य स्थान पर लोहे की एंगल से जोरदार हमले कर हत्या कर दी थी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। वारदात के बाद से ही संतोष का मोबाइल भी गायब था तथा दुकान संचालक की मोटरसाइकिल भी गायब थी। डीएसपी ने बताया कि पुलिस द्वारा आरोपी को अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि आरोपी के पिछले अपराधिक रिकॉर्ड को लेकर भी जांच की जा रही है।

# प्रबल इच्छा शक्ति से असंभव दिखने वाला कार्य भी हो जाता है सहज

### वीर भगत सिंह युवा दल की ओर से भारतीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में मन के जीते जीत है-मन के हारे कार्यक्रम का हुआ आयोजन

ब्यूरो भरोसा मित्र

**रेवाड़ी।** वीर भगत सिंह युवा दल की ओर से मन के हारे हार है-मन के जीते जीत कार्यक्रम का आयोजन नांगल मूंदी स्थित भारतीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया गया।

कार्यक्रम में युवा दल के प्रधान दिनेश कपूर व स्कूल के निर्देशक कमल यादव ने कहा कि मनुष्य की मानसिक शक्ति वास्तव में उसकी इच्छा शक्ति पर निर्भर करती है। जिस व्यक्ति की इच्छा शक्ति जितनी प्रबल होगी, उसका मन भी उतना दृढ़ होगा। इसी संकल्प की शक्ति के सहारे मनुष्य असंभव दिखने वाला



कार्य सहज ही कर लेता है। सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद व शहीद-ए-आजम भगत सिंह जैसे वीरों ने अपने संकल्प की शक्ति से अंग्रेजों को देश से बाहर जाने के लिए मजबूर कर दिया। युवा दल के सतपाल ने विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने, पौष्टिक भोजन, प्राणायाम, उत्तम स्वास्थ्य के लिए खेलकूद की आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया।

इस दौरान विद्यार्थियों से उनके व्यक्तित्व संबंधी प्रश्न किए व मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कियें। संगठन की ओर से स्कूल को भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद व भारत माता के चित्र भेंट किए गए। इस मौके पर सुनीता देवी, मोनिका देवी, सीमा गुप्ता, मंजू बाला, रेखा देवी, पूनम कुमारी, हिमानी शर्मा, नेहा, रश्मि राठौड़, रीना ढिल्लो, रितु यादव, दिनेश कुमार व अर्चना आदि स्टॉफ सदस्य मौजूद थे।

# प्रतियोगिताओं के विजेता सम्मानित

ब्यूरो भरोसा मित्र

**रेवाड़ी।** दिल्ली रोड स्थित आरपीएस पब्लिक स्कूल में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अर्धवार्षिक पुरस्कार वितरण का आयोजन माध्यमिक विभाग के बच्चों में करवाई गई अनेक गतिविधियों के आधार पर हुआ। समारोह में पोस्टर मेकिंग, राखी मेकिंग, कार्ड मेकिंग, अंग्रेजी नाटक, हिन्दी प्रशोत्तरी, संस्कृत प्रश्नोत्तरी, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी, योगा, खेल आदि प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में स्कूल प्रधानाचार्य विक्रम यादव, शैक्षणिक डीन ईश ढींगरा, माध्यमिक विभाग अध्यक्षा सुनीता यादव व अध्यापकगण मौजूद थे। इन



गतिविधियों का उददेश्य बच्चों को शिक्षित करने के साथ ही उन्हें संस्कारों का मूल्य समझाए।

चेयर पर्सन डा. पवित्रा राव ने विजेता प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि बच्चों का शारीरिकए मानसिक और बौद्धिक विकास होना बहुत जरूरी है। इसी के साथ अन्य बच्चों को भी इस तरह की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य ने भी बच्चों को जीवन में आगे बढने् के लिए प्रोत्साहित किया।

# छात्र-छात्राओं को दी साइबर ठगी से बचाव की जानकारी

ब्यूरो भरोसा मित्र

**रेवाड़ी।** जिला पुलिस की ओर से चलाए जा रहे साइबर जागरुकता माह के तहत साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार व उनकी टीम द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयए निमोठ में साइबर जागरूकता अभियान चलाकर आमजन व स्कूल के बच्चो को साइबर अपराध और उससे बचाव के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।

साइबर थाना प्रभारी बताया कि स्वयं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक कर नागरिक साइबर ठगी से बच सकते हैं। ऑनलाइन ठगी के मामले लगातार बढते जा रहे हैं। मोबाइल एप और बैंकिंग सिस्टम में सेंधमारी कर साइबर अपराधी नागरिकों के साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं। ऐसी ठगी से नागरिकों को बचाने के लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने नेशनल साइबर क्राइम रिर्पोटिंग पोर्टल तैयार किया है। जिसका हेल्प लाइन नंबर 1930 भी जारी किया गया है। इस



नम्बर पर नागरिक साइबर क्राइम से संबंधित अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। ऑनलाइन ठगी का शिकार हुआ व्यक्ति जैसे ही इस हेल्पलाइन नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज कराएगा, तब उसके साथ हुए फ्रॉड की जानकारी के आधार पर जिस एकाउंट में पैसा पहुंचा होगा। साइबर क्राइम डेस्क द्वारा उस एकाउंट को फ्रीज कर दिया जाएगा और जिस एकाउंट में आपका पैसा गया है, उसका मालिक भी उस पैसे को निकाल नहीं पायेगा। साथ ही आपके एकाउंट से निकले गए पूरे रुपये आपके खाते में वापस आ जायेंगे। इस पोर्टल और हेल्पलाइन पर दी गई शिकायतों पर पोर्टल अमाउंट को फ्रीज करवाने के बाद ऐसी शिकायत को संबंधित थाने की साइबर डेस्क पर फारवर्ड कर देता है और इस ब्लॉक करवाई गई धनराशि को वापस पीड़ित के बैंक खाते में भिजवाने की प्रक्रिया पूरी की जाती है।

साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया कि फ्री गिफ्ट, लॉटरी लगना, बीमा पॉलिसी, वाउचर जीतने, लोन, क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने, डीलरशिप के लिए संपर्क करें जैसी कॉल और घर बैठे लाखों कमाए जैसे अन्य बैंकिंग कार्यो के लिए आये कॉल से सभी नागरिक सावधान रहें। अगर फिर भी आपके साथ किसी प्रकार का साइबर अपराध हो जाता है या आप किसी ऑनलाइन ठगी का शिकार हो जाते हैंए तो बिना किसी देरी के जल्द इसकी शिकायत नेशनल साइबर क्राइम रिपोटिंग पोर्टल या साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 व नजदीकी पुलिस थाना-चौकी में सूचना दें। 1930 पर तुरंत प्रभाव से शिकायत दे और ट्रांजेक्शन फ्रीज करवाए ताकि वित्तीय हानि से बचा जा सके। साइबर जागरूकता अभियान के दौरान करीब 200 छात्र.छात्राओं व स्कूल स्टाफ शामिल हुआ।

**नई पहल** चुनाव आयोग द्वारा 9 दिसंबर तक किया जा रहा है वोट बनाने का कार्य

# नया वोट बनवाने पर मिलेंगे आकर्षक उपहार

### 5 जनवरी 2024 को होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

ब्यूरो भरोसा मित्र

**रेवाड़ी।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने बताया कि निर्वाचन आयोग की तरफ से युवाओं एवं महिलाओं को नए वोट बनवाने पर आकर्षक उपहार देने की अनूठी पहल शुरू की है। इसके तहत पहली अक्टूबर से 9 दिसंबर तक नया वोट बनवाने वालों को 5 जनवरी 2024 को प्रकाशित मतदाता सूची से निकाले जाने वाले ड्रा में लेपटॉप, स्मार्टफोन और पैन ड्राईव दिए जाएगें। इसके अलावा इस अवधि के दौरान नए वोट बनवाने वाले मतदाताओं को टी-शर्ट प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि मतदाता बनने का शुरू हुआ त्योहार ‘आओ भाग लेकर पाएं आकर्षक उपहार’ की पहल प्रदेश के पात्र युवाओं एवं महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू की गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिनका जन्म 2 जनवरी 2004 से एक जनवरी 2006 के बीच हुआ है और उन्होंने अपना वोट नहीं बनवाया है। ऐसे व्यक्ति वोटर हेल्पलाईन पर ऑनलाईन फार्म 6 भरकर मतदाता बन सकते हैं। इसके साथ ही आकर्षक ईनाम भी जीत सकते है। उन्होंने बताया कि जिनकी आयु जनवरी, अप्रैल, जुलाई व अक्टूबर में 18 वर्ष हो जाती निवार्चन आयोग द्वारा उन्हें नए वोट बनवाने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। सभी पात्र व्यक्तियों को अपने वोट अवश्य बनवा लेने चाहिए। उन्होंने बताया कि मृत व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कि जिनकी आयु 18 वर्ष हो गई है, और अपना वोट बनवाने के लिए पात्र है। उन्हें वोट बनवाने के लिए स्थाई आवास का पता, जन्म तिथि तथा पासपोर्ट साईज का फोटो सहित तीनो की फोटो प्रतियां फार्म 6 के साथ लगानी होंगी। उन्होंने बताया कि ऑनलाईन मतदाता सेवा पोर्टल के माध्यम से तथा ऑफ लाईन बीएलओ के माध्यम से वोट बनवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि वोट बनवाने के लिए किसी भी तरह की दिक्कतें आती हैं तो वे वोटर हेल्पलाईन नम्बर 1950 तथा वोटर हेल्पलाईन एप पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

### पारदर्शी वोटर लिस्ट ही पारदर्शी चुनाव का आधार

जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष अभियान चलाकर शनिवार 4 नवंबर व रविवार 5 नवंबर तथा शनिवार 2 दिसंबर व रविवार 3 दिसंबर को पोलिंग स्टेशन पर नए वोट बनवाने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान संबंधित बीएलओ पोलिंग स्टेशन पर नए वोट बनाने के लिए फार्म-6 भरवाने का कार्य करेंगे। इसके बाद 5 जनवरी 2024 को अंतिम मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पारदर्शी वोटर लिस्ट ही पारदर्शी चुनाव का आधार है। आयोग का मुख्य ध्येय पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करना है। उन्होंने बताया कि पात्र व्यक्तियों को आयोग की ओर से एक और मौका दिया गया है। जिसके तहत एक जनवरी 2024 को क्वालिफाइंग तिथि मानकर 27 अक्टूबर से लेकर 9 दिसंबर 2023 तक सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा नई वोट बनाने का कार्य किया जाएगा।

# अनुसूचित जातियों, जनजातियों तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति की स्पोट विजिट बैठक कल

ब्यूरो भरोसा मित्र

**रेवाड़ी।** डीसी राहुल हुड्डा ने बुधवार को हरियाणा विधानसभा सचिवालय की अनुसूचित जातियों, जनजातियों तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति की 6 अक्टूबर को रेवाड़ी में आयोजित होने वाली (स्पोट विजिट) बैठक के संबंध में जिला कल्याण विभागए जिला न्यायवादी, डीडीपीओ विभाग, कृषि एवं कल्याण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों की बैठक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारी पूरी तैयारी के साथ रिपोर्ट व एफआईआरए चालान व निर्णय की प्रति सहित कमेटी के समक्ष प्रस्तुत होना सुनिश्चित करें।

डीसी ने बैठक में अधिकारियों के साथ अनुसूचित जाति वर्ग के साथ हुए अत्याचार के मामलों में पीड़ित



व्यक्तियों को मुआवजा देनेए अत्याचार के मामलों में सजा की दरए मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजनाए एससी और बीसी वर्ग के लोगों को सौ-सौ वर्ग गज के प्लाट के आवंटन बारे, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्गों से संबंधित कम्पोनेंट प्लान के बजट राशि के उपयोग बारे समीक्षा की। बैठक में एसपी दीपक सहारण, डीडीपीओ एचपी बंसल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर फटाफट

### हैफेड प्रबंध निदेशक डा. जे गणेशन ने किया मंडी में बाजरा खरीद का निरीक्षण

**नारनौल।** हैफेड के प्रबंध निदेशक डा. जे गणेशन (आईएएस) ने आज नारनौल मंडी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने किसानों द्वारा मंडी में लाए गए बाजरे की फसल का मौके पर निरीक्षण भी किया। इस मौके पर उनके साथ हैफेड के प्रशासक छोटेलाल यादव, मुख्य महाप्रबंधक रजनीश शर्मा, मंडी खाद्यान्न व्यापार एसोसिएशन के प्रधान बृजमोहन गर्ग, जिला प्रबंधक हैफेड, सचिव मार्केट कमेटी नारनौल व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

हैफेड प्रबंध निदेशक डा. जे गणेशन ने अनाज मंडी नारनौल में किसानों द्वारा लाई गई बाजरे की ढेरियों का निरीक्षण करते हुए उनकी सफाई व क्वालिटी पर संतोष जाहिर किया। उन्होंने इस अवसर पर व्यापारियों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक झरने को अपनी मौजूदगी में चलवा कर उसका भी निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी में व्यापारियों द्वारा बाजरे के भरे गए बैगों को भी खुलवाकर उनकी क्वालिटी चेक की तथा उनका वजन कांटे पर करवा करके देखा।

इस अवसर पर उन्होंने व्यापारियों व मार्केट कमेटी के सचिव को आदेश किया कि वे आई फॉर्म तुरंत हैफेड को भिजवाएं ताकि किसानों को जल्दी से जल्दी हैफेड द्वारा पेमेंट जारी की जा सके। उन्होंने व्यापारियों व किसानों से खरीद में आ रही समस्याओं के बारे में भी पूछा, परंतु सभी ने एक मत होकर हैफेड खरीद व्यवस्था पर संतोष जाहिर किया। इससे पूर्व हैफेड प्रबंध निदेशक जे गणेशन ने निजामपुर रोड स्थित हैफेड ऑयल मिल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सरसों द्वारा कोल्हू से तेल निकालने की प्रक्रिया को जाना तथा पैकिंग क्षेत्र में विभिन्न ऑयल पैकिंग के बारे में पूरी जानकारी ली।

प्रबंध निदेशक ने हैफेड के प्रांगण में एक पौधा भी लगाया। उन्होंने हैफेड ऑयल प्लांट की सफाई व्यवस्था व तेल निकालने से लेकर तेल भरने तक सारी प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी भी ली। विभिन्न पैकिंगों के वजन अपने सामने चेक किया। इसके बाद हैफेड प्रबंध निदेशक रेवाड़ी जिले में हैफेड द्वारा बाजरे की खरीद का निरीक्षण करने के लिए यहां से रवाना हो गए।

### होटल में घुसकर तोडफ़ोड़ करने और गाड़ी के शीशे तोडऩे के मामले में दो गिरफ्तार

**नारनौल।** होटल में घुसकर तोडफ़ोड़ करने और गाड़ी के शीशे तोडऩे के मामले में थाना नांगल चौधरी की पुलिस टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सतीश उर्फ सप्पू वासी नांगल नूनिया और राजबीर वासी छापड़ा बीबीपुर के रूप में हुई। पुलिस ने पूछताछ में आरोपियों से वारदात में प्रयोग की गई बाईक को बरामद किया है। शिकायतकर्ता कृष्ण कुमार वासी अकबरपुर ने थाना नांगल चौधरी में शिकायत दर्ज कराई कि वह अभिषेक होटल नांगल चौधरी में बतौर मैनेजर कार्यरत है। 4/5 जुलाई की रात करीब 12.15 बजे 3 लडक़े मोटरसाइकिल लेकर आये और होटल में घुसकर ईंट, पत्थर व डंडों से होटल के शीशे तोड़ दिए तथा होटल के पास खड़ी विनायक होटल के मालिक रमेश की गाड़ी के सभी शीशे तोड़ दिए और गाड़ी का काफी नुकसान कर दिया। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपितों ने उसे जान से मारने की धमकी दी और वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। शिकायतकर्ता ने दो नामजद व अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### खेड़ी में जोहड़ खुदाई की बेचने वाले ठेकेदार को विभाग ने भेजा नोटिस

**मंडी अटेली।** गांव खेड़ी में सिंचाई विभाग के टेंडर से जोहड़ की हो रही खुदाई की मिट्टी को खुदाई करने वाला ठेकेदार एक भट्ठा को बेचने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया था। उस पर विभाग ने लीपा पोती करते हुए विभाग ने जोहड़ से उठाई गई मिट्टी को लेकर मिट्टी चोरी का मामला दर्ज करवाने की बजाय नोटीस देकर मिट्टी वापिस डालने की बात कही है। हालांकि अभी तक ठेकेदार ने मिट्टी वापिस भी नहीं डाली है। पूर्व सरपंच ने कहा कि अगर अधिकारी इस प्रकार की लीपा पोती करते हे तो वे उच्च अधिकारियों को इसकी शिकायत करेंगे। अधिकारियों को चाहिए मिट्टी चोरी का मामला दर्ज करें। पूर्व सरपंच नरेन्द्र व अन्य ग्रामीणों ने मिलकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों को जोहड़ से मिट्टी उठाकर बेचने का अरोप ठेकेदार पर लगाया था। पूर्व सरपंच ने कहा था कि ठेकेदार एक भट्टे मालिक को जोहड़ की मिट्टी बेच रहा है जबकि नियमानुसार मिट्टी को जोहड़ से दूर डालने का प्रावधान नहीं है। पूर्व्र सरपंच ने बताया कि उनके कार्यकाल में एक जोहड़ खुदाई व माइनर से पाइप लाइन दबाने का काम जो करीब 40 लाख रुपये का टेंडर करने का प्रस्ताव दिया गया था। उनका कार्यकाल समाप्त हो गया अब इस जोहड़ की खुदाई शुरू की तो जोहड़ की मिट्टी को बेचना शुरू कर दिया। उन्होंने इसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों को की। जोहड़ लगभग 15 फूट गहरा करना है। लंबाई चौड़ाई जोहड़ की 350 व 325 है। ऐसे में इसमें से निकलने वाली मिट्टी की बिक्री की जाए तो यह खुदाई के रुपयों से भी अधिक की बनती है। सरकारी काम होने के कारण माइनिंग विभाग भी मिट्टी उठान को लेकर कोई कार्यवाही नहीं करता है। इस संबंध में सिंचाई विभाग के एसडीओ अशोक से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ठेकेदार को नोटिस दिया गया है। उठाई गई मिट्टी ठेकेदार वापिस डालेगा। आगे से स्कूल व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर मिट्टी डाल सकेगा। मिट्टी बेच नहीं सकेगा।

### राजस्थान नंबरों की गाडिय़ों नारनौल मंडी में उतार रही है बाजरा

**नारनौल।** तीन दिन से बाजरे की खरीद बंद होने के बावजूद गत रात्रि को करीब 12 से 1 बजे तक बाजरे की बोरिया मंडी में उतरने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि राजस्थान नंबरों की गाडिय़ों में बाजरा भरकर आया था, जो मंडी के अंदर उतरा गया है। वहीं इसकी वीडियो कुछ मीडिया कर्मियों ने भी अपने कैमरों में कैद कर ली। इस बारे में एसडीएम से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मंडी में खरीद नहीं हो रही है, अगर कोई रात को बाजरा मंडी में लाया है तो उसकी जांच की जाएगी तथा संबंधित अधिकारी से जवाब तलब किया जाएगा। नारनौल की अनाज मंडी में प्रशासनिक आदेशों के बाद 3 दिन से बाजरे की खरीद नहीं हो रही थी। वही इस बीच गत रात को राजस्थान नंबरों की गाडियां मंडी में आने तथा उनमें से बाजरे की बोरियां व बैग उतरने की बात सामने आई। जब यह बात मीडिया कर्मियों तक पहुंची तो कुछ मीडिया कर्मी वहां पहुंच गए। उन्होंने मंडी में राजस्थान नंबरों की कुछ गाडिय़ों को बाजरा उतारते हुए देखा। जिसकी उन्होंने वीडियो भी बनाई। मीडिया कर्मियों को देखकर कुछ गाड़ी संचालक अपनी गाड़ी को लेकर भाग भी ले गए। राजस्थान के अंदर बाजरा बहुत ही सस्ता बताया जा रहा है, जबकि हरियाणा के अंदर सरकारी खरीद 2200 रुपए प्रति क्विंटल है, जबकि किसानों के 300 रुपए भावंतर भरपाई योजना के भी मिल रहे हैं।

---

**बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान पर आयोजित कार्यक्रम में बोली डीसी मोनिका गुप्ता**

# अगर मेरे मां बाप भी यही सोचते तो एक आईएएस की हत्या हो चुकी होती: उपायुक्त

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। समाज में लडक़ा व लडक़ी में भेदभाव करना बहुत ही शर्म की बात है। किसी भी धर्म में भ्रूण हत्या करना सबसे बडा पाप होता है। अगर मेरे मां बाप भी यही सोचते तो एक आईएएस की हत्या हो चुकी होती। जो मां-बाप भ्रूण हत्या जैसा पाप करते हैं वे किसी न किसी प्रतिभा का गला घोंट रहे होते हैं। इस भेदभाव को मिटाने में अकेले सरकार कुछ नहीं कर सकती, जब तक पूरा समाज साथ ना दे। यह बात उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने आज सभागार में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में कही।

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में सबसे खराब लिंगानुपात वाले 50 गांवों के सरपंच, पंच, नंबरदार, चौकीदार, आशा वर्कर, एएनएम, आंगनबाड़ी वर्क, हेल्पर तथा सुपरवाइजर शामिल रहे। डीसी ने कहा कि जिस प्रकार देश के बॉर्डर की रक्षा जवान करता है, उसी प्रकार हमें समाज में बेटियों की रक्षा करने के लिए सबको आगे आना होगा। सरकार लिंग अनुपात को लेकर लगातार कड़े कदम उठा रही है। इस कार्य में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरुरी है। हमें इस भेदभाव को मिटाने के लिए मिशन मोड पर कार्य करना है। कार्यक्रम के दौरान विभागों के अधिकारियों ने लड़कियों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर उपायुक्त ने गांव सेका, गहली तथा कोटिया के



जनप्रतिनिधियों तथा आशा वर्कर व आंगनवाडी वर्कर को सम्मानित किया। इन गांवों में पिछले साल जनवरी से दिसंबर तक सेक्स रेश्यो क्रमश: 2500, 1500 तथा 1571 रही है। साथ ही उपायुक्त ने नागरिकों को अपनी बेटियों को समान अवसर देने की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की सांस्कृतिक मंडली ने भी अपने कार्यक्रमों के जरिए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। इस दौरान डॉक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया गया। मंच संचालन डॉ पंकज गौड़ ने किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रमेश चंद्र आर्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी संगीता यादव, जिला रेड क्रॉस के सचिव महेश गुप्ता के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में नारनौल शहर की आंगनवाडी वर्करों ने अपने नुक्कड़ नाटक के जरिए समाज में हो रहे इस भेदभाव को मिटाने का संदेश दिया। इस नाटक में एक अजन्मी बच्ची ने परिवार के सभी सदस्यों को सपने के माध्यम से झकझोरा कर रख दिया। इस मार्मिक दृश्य को देखकर सभी दर्शक भावुक हो गए। उपायुक्त ने इस अदाकारी से खुश होकर इन आंगनबाड़ी वर्करों को सम्मानित किया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश देने के लिए उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने आज सभागार भवन से जिला रेड क्रॉस समिति की ओर से आयोजित जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस जागरुकता रैली का समापन विभिन्न मार्गो से होते हुए बाल भवन में हुआ। इस दौरान सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के वाहन से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के स्लोगन चलाए गए।

**लिंग जांच की सूचना देने वाले का नाम रखा जाएगा गुप्त**

लिंग जांच पीएनडीटी एक्ट के तहत एक दंडनीय अपराध है। कोई भी व्यक्ति लिंग जांच करने वाले डॉक्टर व करवाने वाले या उकसाने वाले के बारे में उपायुक्त या सिविल सर्जन को जानकारी दे सकते हैं। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। डीसी ने बताया कि डीसी आफिस में कल से एक बाक्स लगाया जाएगा। कोई भी नागरिक इस बाक्स में सूचना रख सकते हैं। उनका नाम गुप्त रखा जाएगा।

**महिला अत्याचार व शोषण की हेल्पलाइन नंबर 181 पर करें शिकायत**

उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा सरकार ने अत्याचार और शोषण के खिलाफ महिलाओं को मनोवैज्ञानिक और यथासंभव कानूनी सहायता उपलब्ध करवाने के लिए महिला हेल्पलाइन नंबर 181 शुरू की है। इस पर कोई भी महिला अत्याचार व शोषण की शिकायत कर सकती हैं।

---

# अटेली क्षेत्र में मर्डर के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**आरोपियों ने अन्य साथियों के साथ मिलकर दिया था वारदात को अंजाम**

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। अटेली क्षेत्र में मर्डर के मामले में थाना अटेली और सीआईए नारनौल की पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए वारदात को अंजाम देने में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान सोमबीर वासी भौड़ी और संदीप वासी ढाणा पचेरी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों को कल गांव भौडी क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपितों को आज न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और रिमांड के दौरान पूछताछ में वारदात में प्रयोग की गई गाड़ी व हथियार बरामद किए जाएंगे।

एएसपी प्रबिना पि ने आज प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि शिकायतकर्ता नरेश ने थाना अटेली में नामजद के खिलाफ उसके बेटे की हत्या करने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले में जांच करते हुए पता लगाया कि शिकायतकर्ता ने एक पिकअप गाड़ी आरोपित संजीत से खरीदी थी, जिसपर आरोपित संजीत ही ड्राइवर था और एक बुलेरो कैम्पर गाड़ी आरोपित संजीत के माध्यम से किराए पर चलती थी। आरोपित संजीत ने दोनों गाडिय़ों को किसी ओर को बेच दिया था। शिकायतकर्ता के बेटे मृतक अमित को इस बात का शक हो गया था। इस बात का पता आरोपियों को लग गया और आरोपियों ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने पता लगाया कि आरोपियों ने साजिश रचकर 28 सितंबर को सतनाली के गांव नावा के पास वारदात को अंजाम दिया था।

शिकायतकर्ता नरेश कुमार वासी ढाणी हरसुख भोडी ने थाना अटेली में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह खेती बाडी का कार्य करता है। उसके पास एक गाडी पिकअप व एक बुलेरो कैम्पर है। जिनको संजीत वासी भोडी के माध्यम से किराये पर चलाता है। 28 सितंबर शाम को करीब 7/8 बजे उसके घर पर संजीत वासी भोडी, मनीष वासी सोहडी स्विफट डिजायर गाडी लेकर आए, कुछ समय शिकायतकर्ता के पास बैठकर बातचीत की।

---

## सरसों के तेल पेकिंग गोदाम पर छापेमारी कर तेल के सैंपल लिए

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। नारनौल में फूड एंड ड्रग डिपार्टमेंट की टीम ने आज निजामपुर रोड पर बाल भवन के सामने स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में एक सरसों के तेल पेकिंग गोदाम पर छापेमारी कर वहां से सरसों के तेल के सैंपल लिए। इन सैंपल को जांच के लिए लैब में भेजा गया है। गोदाम में करीब साढ़े तीन हजार सरसों का तेल मिला। जिला फूड सेफ्टी ऑफिसर डॉक्टर दीपक चौधरी ने बताया कि नारनौल के निजामपुर रोड पर स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में एक तेल कंपनी का पैकिंग गोदाम है। यहां पर 2, 5, 10 और 15 लीटर सरसों के तेल की पेकिंग होती है। उन्होंने बताया कि इस कम्पनी के तेल में मिलावट की सूचना उन्हें मिल रही थी। जिसके चलते आज शाम उन्होंने यहां पर छापेमारी की। इस दौरान उनको विभिन्न पेकिंग में सरसों का तेल पैक करते हुए लोग मिले। गोदाम में करीब साढ़े तीन हजार लीटर तेल भी मिला। जिस पर उन्होंने गोदाम के मालिक को बुलाकर तेल के सैंपल लिए हैं। उन्होंने बताया की इन सैंपल की अब लैब में जांच की जाएगी, अगर सैंपल में गड़बड़ आती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## जिला भ्रमण पर भारतीय प्रबंधन संस्थान रोहतक से आए विद्यार्थियों ने की डीसी से मुलाकात

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने कहा कि महेंद्रगढ़ एक ऐतिहासिक जिला है। यहां के लोगों का मुख्य व्यवसाय खेती-बाड़ी व पशुपालन है। ग्रामीण इकोनॉमी को समझने के लिए यह जिला विद्यार्थियों के लिए केस स्टडी के रूप में काम कर सकता है। उपायुक्त आज लघु सचिवालय के मीटिंग हाल में भारतीय प्रबंधन संस्थान रोहतक से आए विद्यार्थियों के दल को संबोधित कर रही थी। सहायक प्रोफेसर डॉ. अंकित केसरवानी के नेतृत्व में पहुंचा यह दल कृषि, स्वास्थ्य व शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों के बारे में जिला में भ्रमण करके जानकारी प्राप्त करेगा। साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की जल कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी लेंगे



तथा उनका अवलोकन करेंगे। डीसी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला महेंद्रगढ़ राजस्थान की सीमा से सटा हुआ है। यहां पर कम पानी वाली फसलें लगाई जाती हैं। कृषि क्षेत्र को लेकर सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का फायदा उठाते हुए यहां के किसान समृद्ध हो रहे हैं। उपायुक्त ने सभी विद्यार्थियों को सभागार भवन में ले जाकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में सभी का परिचय करते हुए कहा कि देश की महत्वपूर्ण शिक्षण संस्थानों में से एक आईआईएम रोहतक में 70 फ़ीसदी से अधिक सीटों पर बेटियां शिक्षा ग्रहण कर रही हैं।

## सरसों बिजाई के दौरान कृषि विभाग की सिफारिश पर अमल करें किसान: उपायुक्त

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने जिले के किसानों से आह्वान किया है कि वह सरसों की बिजाई के दौरान डीएपी के स्थान पर एसएसपी का इस्तेमाल करें। इस संबंध में कृषि विभाग के अधिकारी लगातार किसानों को जानकारी दे रहे हैं सभी किसान कृषि विभाग की सिफारिश पर अमल करें। डीसी ने बताया कि किसान सरसों की अच्छी गुणवत्ता व पैदावार के लिए बिजाई के समय डीएपी की बजाय प्रति एकड़ 75 किलोग्राम एसएसपी, 35 किलोग्राम यूरिया, 14 किलोग्राम पोटाश एमओपी तथा 10 किलो जिंक सल्फेट की बिजाई करें। इसके अलावा किसान एक बैग एनपीके 12:32:16, दो बैग जिप्सम, 15 से 20 किलो यूरिया तथा 10 किलो जिंक सल्फेट प्रति एकड़ मिलाकर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कृषि विभाग के उपनिदेशक डा. देवेंद्र सिंह ने बताया कि सरसों की बिजाई के समय आमतौर पर किसान प्रति एकड़ 50 किलो यानी एक बैग डीएपी की बिजाई करता है जबकि यह मात्रा ज्यादा होने के बावजूद भी फसल की जरूरत के अनुसार पोषक तत्वों की पूर्ति नहीं कर पाती है। ऐसे में किसान डीएपी की जगह एसएसपी यानी सिंगल सुपर फास्फेट का इस्तेमाल करें। यह फास्फोरस के साथ-साथ सल्फर की भी पूर्ति करता है। उन्होंने बताया कि एसएसपी न केवल फसल की पैदावार बढ़ता है बल्कि गुणवत्ता को भी सुधारता है।

---

# सरसों चोरी के मामले में एक और गिरफ्तार

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। सरसों चोरी करने के मामले में स्पेशल स्टाफ कनीना और थाना अटेली की पुलिस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक ओर आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान मुकेश वासी कौथल खुर्द के रूप में हुई है, पुलिस ने आरोपी को गांव कौथल खुर्द क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपित को आज न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपितों अविनाश उर्फ टिंकू वासी कौथल खुर्द और दीपक वासी भौड़ी को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि राजेंद्र वासी गुजरवास ने थाना अटेली में चोरी की शिकायत दर्ज कराई। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह खेतीङ्कबाड़ी का काम करता है, घर के पास बने एक कमरे में सरसों रखी हुई थी जो रात के समय में अज्ञात व्यक्ति पिकअप गाड़ी से सरसों चोरी कर ले गए। शिकायतकर्ता ने अज्ञात के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कारवाई शुरू कर दी।



मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चोरी करने वाले एक ओर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## ट्राला की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

नारनौल। स्थानीय महेंद्रगढ़ मार्ग स्थित गांव लहरोदा के बस स्टॉप पर खड़े एक बुजुर्ग को एक ट्राला चालक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में लगी चोटों के कारण बुजुर्ग की जयपुर इलाज के लिए ले जाते समय मौत हो गई। इस मामले में मृतक के पुत्र की शिकायत पर पुलिस ने ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर शव का नारनौल के नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। गांव लहरोदा का होल्लाश अहीर अपने गांव के बस अड्डे पर खड़ा हुआ था। इस दौरान एक रोड़ी से भरा हुआ ट्राला आया नारनौल की ओर से आया। इस ट्राला के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से ट्राला चलाते हुए बस स्टॉप पर सडक़ की साइड में खड़े होल्लाश पर ट्रक चढ़ा दिया। इसके बाद ट्राला चालक थोड़ी दूर पर अपनी ट्राले को खड़ा कर वहां से भाग गया। ग्रामीणों ने प्राइवेट साधन से घायल को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर प्राथमिक उपचार करने के बाद बुजुर्ग की गंभीर हालत को देखते हुए जयपुर के लिए रेफर कर दिया।

# खरीद कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो : उपायुक्त

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। जिला में चल रही बाजरे की सरकारी खरीद के संबंध में अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि खरीद कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। कई जगह पर उठान कार्य धीमा होने की वजह से बाजरे की खरीद में दिक्कत आ रही है। यह निर्देश उपायुक्त मोनिका गुप्ता आईएएस ने आज गुरुग्राम के आयुक्त रमेश चंद्र बिढान के साथ बाजरे की खरीद व उठान के संबंध में हुई वीडियो कांफ्रेंस के बाद अधिकारियों की बैठक में दिए।

डीसी ने कहा कि उठान कार्य धीमा होने की वजह से बाजरे की खरीद में दिक्कत आ रही है। इसलिए उठान कार्य में और तेजी लाएं ताकि मंडी में खरीद कार्य में किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो।

इस अवसर पर महेंद्रगढ़ एसडीएम हर्षित कुमार (आईएएस), नारनौल



एसडीएम मनोज कुमार, कनीना एसडीएम सुरेंद्र कुमार, खाद एवं आपूर्ति विभाग से अरुण कुमार, कृषि विभाग से उपनिदेशक डा. देवेंद्र सिंह, मार्केट कमेटी से आनंद के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

---

**जागरूकता** | **प्रत्येक माह के पहले बुधवार को मनाया जाता है साइबर जागरूकता दिवस**

# डिजीटल माध्यम से जुड़ा हर व्यक्ति साईबर ठगों के निशाने पर : पुलिस

**साइबर अपराध के प्रति लोगों को किया जागरूक**

**-जागरूकता से ही साइबर अपराध से बचाव**

**साइबर क्राइम के प्रति आमजन को सजग करने के लिए चलाया अभियान**

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



नारनौल। इंटरनेट की दुनिया से भले ही लोगों के जीवन में बड़े बदलाव आए हो लेकिन अब उतना ही खतरनाक भी साबित हो गया है। साइबर अपराधी विभिन्न तरीकों से लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। आमजन को साइबर अपराध से बचाने के लिए पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल के दिशा-निर्देशों में जिला पुलिस द्वारा आमजन को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया जा रहा है। आज जिला पुलिस की अलग-अलग टीमों ने स्कूल, कॉलेज में इसी अपराध से जुड़ी जानकारी देकर युवाओं, शिक्षकों और आमजन को जागरूक किया, ताकि आमजन किसी भी साइबर क्राइम का शिकार ना हो। पुलिस ने सूरज सीनियर सेकेंडरी स्कूल बलाना, बस स्टैंड कनीना, अटेली और नारनौल क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस की टीमों ने आमजन को साइबर अपराध से बचने के लिए अनेक उदाहरण देकर विस्तारपूर्वक समझाया। कहा कि हम किस प्रकार मोबाइल फोन, उसकी वीडियो कॉल आदि के द्वारा होने वाले अपराधों से किस प्रकार बच सकते हैं। हम किसी भी लालच में आकर ऐसे अपराधियों के शिकार हो जाते हैं। हमें अपना आधार नंबर, ओटीपी किसी को भी नहीं बताना चाहिए। सावधानी ही साइबर अपराध से बचने का उपाय है। उन्होंने छात्र-छात्राओं, युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया अच्छाई और बुराइयों का भंडार है। इस प्लेटफार्म को अच्छाई के लिए सीखना चाहिए और बुराई से बचना चाहिए।

**कई प्रकार के होते है साइबर क्राईम**

पुलिस टीमों ने बताया कि साइबर अपराध कई प्रकार के होते हैं जिसमें हैकर्स/धोखेबाज पीड़ितों की प्रतिष्ठा, वित्त, व्यवसाय आदि को प्रभावित करने वाले विभिन्न साधनों का उपयोग करते हैं। समय के साथ साइबर अपराधी साइबर क्राइम करने के तरीके बदल रहे हैं। उन्होनें बताया की आपकी सहायता करने के लिए आपको यदि कोई बैंक, बिजली निगम, टेलीफोन एक्सचेंज, आयकर या किसी भी विभाग का कर्मचारी बताकर आपसे कोई जानकारी मांगता है तो आप उसे अपनी कोई भी जानकारी ना दें। उन्होनें बताया कि साइबर ठगों के निशाने पर हर वह आदमी है, जो किसी भी डिजिटल माध्यम से जुड़ा है फिर चाहे वह इंटरनेट मीडिया हो या फिर इंटरनेट बैंकिंग। बदलते वक्त के साथ साइबर ठगों ने अपने पैंतरे भी बदले हैं। साइबर ठग इंटरनेट मीडिया के जरिए लोगों के पास किसी एप्लीकेशन के माध्यम से फ्रैंड रिक्वेस्ट भेजते हैं। वह उनसे दोस्ती करके धीरे-धीरे उनके बारे में समस्त जानकारियाँ जुटा लेते हैं। उसके बाद शातिर उनको ठगी का शिकार बनाते हैं। वो उनकी निजी फोटो/बैंक खातों से संबंधी जानकारी भी एकत्रित कर लेते हैं और अपने जाल में फंसाकर उनके खाते में जमा पूंजी को खाली कर देते हैं। ऐसे में विधार्थियों एवं आमजन को इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि वह अपने इंटरनेट मीडिया अकाउंट व बैंकिंग एप्स को सुरक्षित लॉक करके रखें तथा अपनी निजी जानकारी को किसी भी व्यक्ति से सांझा करने से बचें। कहा कि मोबाइल पर बगैर पुष्टि किए किसी को भी अपना महत्वपूर्ण डाटा शेयर न करें। मैसेज, मेल आदि के मध्यम आय अज्ञात लिंक पर क्लिक ना करें।

## खबर फटाफट

### 2 महिने पहले अपने घर से लापता हुई 28 वर्षीय महिला को पुलिस की टीम ने मथुरा से किया बरामद

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने घर से लापता हुई 28 वर्षीय महिला को बरामद करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गुमशुदा महिला 26 अगस्त को अपने घर से बिना बताए निकल गई थी। जिसको परिजनों के द्वारा काफी तलाश किया गया जिसके नहीं मिलने पर महिला के गुम होने की सूचना थाना सदर बल्लबगढ़ में दी गई जिस पर मामला दर्ज कर पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा महिला की तलाश की जा रही थी। मामले में क्राइम ब्रांच कैट के द्वारा भी कार्रवाई की जा रही थी। क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से महिला को उत्तर प्रदेश के मथुरा वृंदावन से बरामद किया है। महिला ने पूछताछ में बताया कि महिला गृह क्लेश के कारण घर से बिना बताए निकल गई थी। क्राइम ब्रांच कैट की टीम द्वारा परिजनों को सख्त हिदायत देते हुए गुमशुदा महिला को हवाले किया है। गुमशुदा महिला के परिजनों ने पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया।

### प्रदेश में कांग्रेस की लहर पुन- बनेगे भूपेन्द्र सिंह हुडडा मुख्यमंत्री - ठाकुर राजाराम

**फरीदाबाद।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ठाकुर राजाराम ने पृथला हल्के में दर्जनों गांवों का दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनी। लोगों ने उनके समक्ष भ्रष्टाचार, बिजली पानी , सडक़ों का बुरा हाल, गंदे पानी की निकासी , भ्रष्टाचार जैसी अनेक समस्याओं को उठाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में विकास की नई बयार बहेगी और लोगों की समस्याओं को भूपेन्द्र सिंह हुडडा पुन मुख्यमंत्री बन कर युद्धस्तर पर निपटाएंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुडडा की किसानों के सच्चे हितैषी नेता हैं और वह ही किसानों, मजदूर और सभी वर्गों की समस्याओं को बहेतर समझते हैं। श्री हुडडा 36 बिरादरी के नेता हैं । सत्ता में आने पर श्री हुडडा लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे।

### युवाओं में परीक्षा को लेकर की निशुल्क 20 किताबों का सेट वितरित

**फरीदाबाद।** ऑल इंडिया बार काउंसिल की परीक्षा को लेकर फरीदाबाद बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान एडवोकेट एल एन पाराशर ने उक्त परीक्षा में भाग लेने वाले युवा वकीलों में 20 किताबों के सेट निशुल्क वितरित किए। उन्होंने कहा कि युवा वकील ऑल इंडिया बार काउंसिल की परीक्षा में बैठने की तैयारी कर रहे हैं जो जल्द में ही होने वाली है, उसमें सफलता की लिए एक महत्वपूर्ण 20 सफलता की कुंजी मुफ्त में वितरण की है। ताकि युवा वकील इसे पढक़र आसानी से ऑल इंडिया बार काउंसिल की परीक्षा में सफल हो सके, यह किताबों का सेट है जिसमें 20 एक्ट है जो इस प्रकार है एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्युनल्स एक्ट 1985, थे एडवोकेट एक्ट 1961, थे बीरटेशएन और कंसोलेशन एक्ट 1996 , द कोड ऑफ़ सिविल प्रोसीजर 1908, द कोड ऑफ़ क्रिमिनल प्रोसीजर 1973 ,द कॉन्स्टिट्यूशन ऑफ़ इंडिया द कंस्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट 2019, इन वेयर मेंटल लो, फैमिली लॉ, द इंडियन कांट्रैक्ट एक्ट 1872, इंडियन एविडेंस एक्ट 1872 ,द इंडियन पेनल कोड 1860, इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी एक्ट 2000, प्रॉपर्टी ला द लिमिटेशन एक्ट 1963 , मोटर व्हीकल एक्ट 1988, द इंस्ट्रूमेंट एक्ट 1881, राइट फॉर कंपोजिशन एंड ट्रांसपेरेंसी इन लैंड रिवॉल्यूशन एंड रिटेलमेंट एक्ट 2013, रिलीफ एक्ट 1963, द प्रॉपर्टी ट्रांसफर एक्ट 1882, शामिल है इस मौके पर युवा वकील मुफ्त में यह किताबों का सेट पाकार एडवोकेट एल एन पाराशर यानी गुरु जी की सराहना करते नजर आए।

### कैंप में 32 यूनिट ब्लड एकत्रित

**फरीदाबाद।** ट्रस्ट द्वारा नंगला एनक्लेव पार्ट टू स्थित स्कूल में एक रक्तदान शिविर, नेत्र जांच शिविर व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर संतो के गुरुद्वारे, नेत्र जांच शिविर केवल प्रेम आंखों के अस्पताल द्वारा तथा स्वास्थ्य जांच शिविर एक हॉस्पिटल द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिविर का शुभारंभ भाजपा जिला महामंत्री डा. आर.एन. सिंह,पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना, अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेन्द्र शर्मा बबली, नंगला मंडल के अध्यक्ष कविंद्र चौधरी, पार्षद महेंद्र सरपंच ने किया। इस कैम्प में 155 रोगियों ने नेत्र जांच कराई, 125 रोगियों ने स्वास्थ्य जांच कराया और कैंप में 32 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। इस मौके पर भारती चेरिटेबल ट्रस्ट के सभी सदस्यों को भी सदस्यता सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया। इस मौके पर नंगला व्यापार मंडल के प्रधान एमपी भड़ाना, गुलाब ठाकुर, प्रेम भड़ाना, बबलू भड़ाना, डॉक्टर मदनपाल रावत, मदन गोपाल शर्मा, नरेश शर्मा, जितेंद्र शर्मा, डालचंद भोले आदि गणमांय लोग उपस्थित रहे ।

### सांझी उत्सव 2023 में भाग लेने के लिए आगामी 10 अक्टूबर तक करें महिला कलाकार आवेदन- डीसी विक्रम सिंह

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा तथा हरियाणा लोक कला संघ, रोहतक के संयुक्त तत्वाधान में आगामी दिनांक 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर, 2023 तक रोहतक के एंडी स्टूडियो में सांझी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि इस कार्यक्रम में सांझी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें राज्य की महिला कलाकार भाग लेगीं। विजेता महिला कलाकारों को प्रथम पुरस्कार 51,000/- रूपए, द्वितीय पुरस्कार 31,000/-, तृतीय पुरस्कार 21,000/- तथा दो सांत्वना पुरस्कार 11,000/- रुपए दिए जाएंगे। इस नौ दिवसीय कार्यक्रम में सांझी के गीत व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी करवायी जाएंगी। सांझी हरियाणा की लोक पारंपरिक कला का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो महिलाओं द्वारा दीवार पर नवरात्रों के दौरान बनाई जाती है। वर्तमान में यह कला गांव से लुप्त होती जा रही है। इस कला को बचाने के लिए विभाग द्वारा हर साल सांझी उत्सव तथा प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाता है, जिसमें महिलाएं बढ़-चढ़ कर भाग लेती है तथा पुरस्कार भी जीतती है। इस वर्ष भी सांझी प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिसकी अंतिम तिथि 10 अक्टूबर, 2023 रहेगी। उपायुक्त ने कहा कि इस महोत्सव का उद्देश्य हमारी परंपरा और त्यौहारों को पुनर्जीवित करना है ताकि युवा और भावी पीढियों के लिए एक सकारात्मक उदाहरण बनाया जा सके तथा उन्होंने जिला की महिला कलाकारों से अपील की कि वे इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सांझी उत्सव में बढ़-चढक़र भाग लें।

# बल्लबगढ़ के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी: टिपरचंद शर्मा

## परिवहन मंत्री के भाई ने विकास कार्यों का अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

### आर्य नगर और ऊंचा गांव का गली-गली जाकर निरीक्षण किया

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**



फरीदाबाद। बल्लभगढ़ विधानसभा में चल रहे विकास कार्यों की एक और कड़ी में जल्द ही प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा बल्लभगढ़ के ऊंचा गांव और आर्य नगर के लोगों को विकास कार्यों की सौगात देने जा रहे हैं, जिसके लिए आज बल्लभगढ़ के नगर निगम के कार्यकारी अभियंता ओपी कर्दम के साथ परिवहन मंत्री के बड़े भाई टिपर चंद शर्मा, पूर्व पार्षद दयाचंद यादव और बल्लभगढ़ निगरानी कमेटी के पूर्व चेयरमैन महावीर सैनी सहित गणमान्य लोगों ने आर्य नगर और ऊंचा गांव का गली-गली जाकर निरीक्षण किया। इस मौके पर भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा लगातार बल्लभगढ़ में विकास कार्यों को लेकर नजर रखे हुए हैं और बल्लभगढ़ के विकास के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के दरबार से विकास कार्यों के लिए फंड लाकर बल्लभगढ़ की जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कार्य कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ आर्य नगर और ऊंचा गांव मे आरएमसी गलियों का निर्माण कार्य जल्दी शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि यादव कॉलोनी और कुंदन कालोनी में गलियों का निर्माण कार्य जल्द ही पूरा होने वाला है। भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा ने कहा कि बल्लबगढ़ के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही आर्य नगर और ऊंचा गांव में विकास कार्य शुरू किए जायेगे। इस मौके पर योगेश शर्मा, पवन सैनी, जेई विपिन शर्मा सहित ऊंचा गांव और आर्य नगर के गणमान्य लोग मोजूद रहे।

# दूसरी मंजिल से गिरकर 4 साल के बच्चे की हुई मौत

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद। मंगलवार देर शाम घर की दूसरी मंजिल से गिरकर 4 साल के मासूम बच्चे की मौत हो गई। यह हादसा डबुआ कालोनी में घटित हुआ ,हादसे के वक्त बच्चा गली से गुजर रही अपनी बड़ी बहन को बाय कर रहा था। तभी उसका बैलेंस बिगड़ गया और वह गली में जमीन पर आ गिरा। बच्चे के गिरने के बाद आनन फानन उसे फरीदाबाद के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। लेकिन, इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक बच्चा अपनी पांच बहनों का इकलौता सबसे छोटा भाई था। वहीं, बच्चे के गिरने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। डबुआ कॉलोनी निवासी पिता बिहारी राम ने बताया कि वह मूलरूप से उत्तर परदेश के जिला फिरोजाबाद के उजावली गांव के रहने वाले हैं। पंडित जय किशन शर्मा के मकान में किराए पर रहते हैं। उनकी



पांच बेटियां इस्नेहा ,कविता, रितिका, मोहिनी और चांदनी के बाद यह सबसे छोटा बेटा सार्थक था। उन्होंने बताया कि देर शाम लगभग 7-30 बजे के करीब बड़ी बेटी इस्नेहा किसी काम के लिए गली से जा रही थी। इसी दौरान सार्थक घर की दूसरी मंजिल पर खड़ा था। उसने इस्नेहा को बाय बाय करने के लिए जब हाथ हिलाया तो दूसरी मंजिल से पैर फिसल गया और वह सीधा गली में जमीन पर आकर गिरा। घर से निकलकर गली में जा रही उसकी बड़ी बहन फोन पर बिजी थी। वह अपने भाई की बाय-बाय नहीं सुन पाई, लेकिन भाई के गिरने के बाद जैसे ही उसने पीछे मुडक़र देखा तो सार्थक जमीन पर गिरा पड़ा था। आनन-फानन उसने भाई को गोद में उठाया, जिसके बाद वह खुद, पत्नी हेमलता और उनकी अन्य बेटियां भी मौके पर पहुंच गईं। फिर सभी उसे लेकर पहले फरीदाबाद के बादशाह खान सिविल अस्पताल पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों ने उनसे कहा कि बच्चे की हालत गंभीर है, उसे दिल्ली भेजना पड़ेगा, लेकिन उनका इएसआई कार्ड था, जिसके चलते वह अपने बच्चे को इएसआइ में ले गए, लेकिन बच्चे की वहां पर इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं, बच्चे की मौत के बाद पिता बिहारी राम और उसके पड़ोसियों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया। कहा कि डॉक्टर ने उसका सही से इलाज नहीं किया, जिसके चलते उसकी जान चली गई।

### सेक्टर 10 में सूखा कचरा गीला कचरा को अलग-अलग करने की हुई शुरूआत



**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद। ब्लांक डी/2 सेक्टर 10 मे आरडब्ल्यूए ने नई पहल करते हुए डस्टबिन के दो कूड़ेदान घरों के सामने रख कर फरीदाबाद मे नई पहल की शुरुआत की।एक डस्टबिन में सुखा कचरा दूसरे डस्टबिन में गीला कचरा डालने के लिए ब्लांक के लोगों को प्रेरित किया ।इसकी शुरुआत पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह बीसला ने की उन्होंने कहा कि इससे पहले लोग अपने घरों का खाने पीने का कचरा एक ही डस्टबिन के डब्बे में डालते थे।जिसकी वजह से कूड़े ले जाने वालों को बड़ी परेशानी होती थी। इन दो डस्टबिन का सुझाव आरडब्ल्यूए के प्रधान जगजीत सिंह नैन ने देते हुए कहा भारत देश में स्वच्छता पखवाड़ा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में शुरुआत की है। देश और प्रदेश को साफ़ सुंदर बनाने की तरफ़ अच्छा कदम हैं फ़रीदाबाद में ईको ग्रीन एनर्जी को निगम ने ठेका दिया हुआ है उनकी गाड़ी आती है उसमे गीला कूड़ा और सूखे कूड़े के लिए अलग अलग केबिन बने है इसको प्रोसेस करने में बहुत आसान हो जाएगा और इससे देश जीरो वेस्ट की तरफ़ बढ़ेगा मेरे ख़्याल से फ़रीदाबाद के अंदर पहली शुरुआत है इसको पूरे देश को अपनाना चाहिए तभी हमारा देश दोबारा सोने की चिड़िया कहलायेगा। वरिष्ठ अधिवक्ता शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा कि सूका व गीला कचरे के लिए अभी 120 लिटर के कुछ डस्टबिन मँगाए गए हैं जैसे जैसे ज़रूर होगी ब्लांक के हर घर के लिए उपलब्ध करा दिए जाएंगे। हरियाणा सरकार की पहल है कि हर व्यक्ति को अपने आवास व आवास के बहार गली मोहल्लों और शहरो की स्वच्छता के लिए सामाजिक रूप से अभियान चलाने का संकल्प लेना चाहिए महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष में ये स्वछता पखवाड़ा हर देश भर में चलने के साथ साथ ब्लाकों में भी चलाया जा रहा है।ब्लांक के महासचिव इन्जीनियर अनूप वशिष्ठ एडवोकेट वशिष्ठ ने कहा की सभी लोगों को मिलकर हर एक दिन एक घंटा सुबह -10 से -11 बजे तक सभी ब्लांक व वार्डों में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन करना चाहिए इस मौक़े पर उपाध्यक्ष आर पी नागर,उपाध्यक्ष रशमी महाजन,सुभाष चौहान,कर्ण नैन,अनिल चौहान,सीमा वशिष्ठ,सुरेंद्र कुमार ,किशन सिंह,देश राज ,आदि मौजूद थे।

### 8 अक्टूबर को करनाल में होगी हरियाणा के मजदूरों की ललकार रैली

# करनाल रैली में शामिल होगी वाईएमसीए वर्कर्स यूनियन

### सरकार से अपनी मांगों को लेकर रैली में करेंगे प्रदर्शन

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**




फरीदाबाद। भाजपा सरकार की मजदूर व जन विरोधी नीतियों के खिलाफ अपने हकों और अधिकारों की रक्षा के लिए सीटू एवं खेत मजदूर यूनियन के आह्वान पर 8 अक्टूबर को करनाल में होने वाली हरियाणा के मजदूरों की ललकार रैली में वाईएमसीए वर्कर्स यूनियन ने भाग लेने का निर्णय लिया। आज बुधवार को यह फैसला विश्वविद्यालय के गेट के सामने संपन्न हुई, गेट मीटिंग में लिया गया। इसकी अध्यक्षता लेखराज प्रधान ने की। उन्होंने बताया कि रैली की पूरी तैयारी कर ली गई है। इस अवसर पर सीटू के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल उपस्थित रहे। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि केंद्र और राज्य की सरकारें श्रम कानूनों में संशोधन करके उनको मालिक प्रस्त बना रही है। यूनियनों की मांग है कि चारों लेबर कोड्स रद्द किए जाएं, ठेका प्रथा समाप्त की जाए। मजदूरों का न्यूनतम वेतन 26 हजार रूपए किया जाए। परियोजना कर्मियों और सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। मनरेगा में 200 दिन का काम और 600 की मजदूरी दी जाए। निर्माण श्रमिकों को बोर्ड के तहत पंजीकृत करके सारी सुविधाएं प्रदान की जाए। बिजली बिल 2023 को रद्द किया जाए। सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण पर रोक लगाई जाए। मजदूरों और किसानों के कर्जे माफ किए जाए। एमएसपी की गारंटी दी जाए। परिवार पहचान पत्र के नाम पर सुविधाओं को छीनना बंद किया जाए। सभी मजदूरों को गुजारे लायक पेंशन दी जाए। यूनियन के प्रधान लेखराज ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने श्रमिकों के मांग पत्र पर कार्रवाई नहीं की। अभी ईएसआई कार्ड और पहचान पत्र मेडी क्लेम का काम रुका पड़ा है। अभी तक 41 सफाई कर्मचारियों का दिसंबर 2019 से लेकर जुलाई 2020 तक कुल मिलाकर 8 महीने का वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। अभी तक वर्करों को दिन का खाना खाने के लिए कमरा नहीं मिला है। इसके अलावा स्वर्गीय नैक्क्षी लाल के बेटे को नौकरी पर लगाने का मामला लंबित पड़ा हुआ है। इन मांगों पर प्रशासन ने कोई भी कार्रवाई नहीं की है। जिसके कारण कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। इन मांगों के लिए शीघ्र ही प्रशासन को नोटिस दिया जाएगा। आगे उन्होंने बताया की 8 अक्टूबर को करनाल में होने वाली रैली ऐतिहासिक होगी। इस गेट मीटिंग में इंदर पाल, मानपाल, राजू, विश्राम, नानक, बिजेंदर, सोनू आदि भी मौजूद रहे।

### साइबर अपराध से बचाव के लिए 300 छात्राओं को किया जागरूक



**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद। साइबर राहगीरी कार्यक्रम के अंतर्गत साइबर थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेंद्र व दुर्गा शक्ति की टीम ने नेहरू कॉलेज में 300 से अधिक छात्राओं को साइबर अपराध से संबंधित जानकारियां देकर जागरूक किया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि हर महीने के पहले बुधवार को पूरे हरियाणा में साइबर राहगीरी कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जिसके अंतर्गत पुलिस द्वारा छात्रों सहित आमजन को साइबर अपराध के बारे में जानकारी देकर इससे बचाव के बारे में जागरूक किया जाता है। इसी के तहत आज साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने नेहरू कॉलेज में छात्राओं को साइबर अपराधों के बारे में जानकारी दी जिसमें उन्होंने बताया कि आजकल वीडियो कॉल के माध्यम से भी बहुत से फ्रॉड हो रहे हैं जिसमें कोई महिला आपको वीडियो कॉल करके आपके साथ अश्लील बातें करती हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के साइबर अपराधों से बचने के लिए आपको जागरूक होने की आवश्यकता है और यदि कोई भी महिला आपके साथ अश्लील बातें करती है तो समझ जाइए कि वह आपको साइबर अपराध का शिकार बनाना चाहती है। इसलिए इस प्रकार के साइबर अपराधों से खुद भी बचें और अपने साथियों का भी इससे बचाव करें। साइबर अपराध के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि आजकल साइबर अपराधियों ने ठगी के नए.नए रास्ते खोज लिए हैं जिसके तहत वह आमजन के बैंक खातों से उनकी खून पसीने की कमाई चुटकियों में उड़ा लेते हैं इसके लिए वह अलग-अलग माध्यमों का उपयोग करते हैं। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी किसी भी प्रकार से आपका बैंक अकाउंट, एटीएम कार्ड नंबर, क्रेडिट कार्ड नंबर, सीवीवी या मोबाइल ओटीपी पूछने का प्रयास करेंगे परंतु आप उनके साथ अपने बैंक अकाउंट क्रेडिट या डेबिट कार्ड से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी साझा करें। उन्होंने बताया कि जागरूक व्यक्ति साइबर अपराधियों को आसानी से पहचान सकता है और उनके झांसे में नहीं आता इसलिए आवश्यक है कि साइबर अपराध के प्रति जागरूक बने और अपने साथियों को भी इसकी जानकारी दें ताकि वह भी साइबर अपराध का शिकार होने से बच सकें।

# माता अमृतानंदमयी का 70वां जन्मदिन अमृता विश्वविद्यालय परिसर में मनाया

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद। माता अमृतानंदमयी का 70वां जन्मदिन 2 और 3 अक्टूबर 2023 को अमृता विश्वविद्यालय परिसर में मनाया गया। जिसमें दुनिया भर से श्रद्धालु और गणमान्य व्यक्ति श्रद्धेय आध्यात्मिक नेता, माता अमृतानंदमयी देवी (अम्मा) का 70वां जन्मदिन मनाने के लिए एक साथ एकत्रित हुए। इस दो दिवसीय उत्सव में लाखों लोगों ने भाग लिया। श्री माता अमृतानंदमयी देवी (अम्मा) ने जन्म दिन के संदेश पर प्रेम, निस्वार्थता और एकता के महत्व पर ध्यान केंद्रित किया। अम्मा ने कहा, हर आपदा - चाहे वह महामारी हो, प्राकृतिक आपदा हो, या जलवायु परिवर्तन हो - मानव जाति से तीन चीजों को विकसित करने का आग्रह करती हैं- सहयोग, भाईचारा, और साम्य। यानी हमें अपने साथी मनुष्यों के साथ, प्रकृति के साथ सहयोग में और ईश्वर के साथ एकता में आगे बढने की जरूरत है। ऐसा करने में थोड़ी सी भी विफलता हमारे सभी कार्यों पर नकारात्मक प्रभाव डालेगी। इसमें केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, केंद्रीय कैबिनेट मंत्री महेंद्र नाथ पांडे, केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे और वी. मुरलीधरन, विधानसभा के उपाध्यक्ष चित्तयम गोपकुमार और केरल के विपक्षी नेता वी.डी. सतीसन शामिल हुए। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो के माध्यम से संदेश देते हुए कहा, तीन दशकों से अधिक समय से मेरा अम्मा के साथ घनिष्ठ संबंध रहा है, खासकर कच्छ, गुजरात में आए भूकंप जैसे महत्वपूर्ण अवसरों पर। मैं उन पलों के लिए बहुत आभारी हूं जो मैंने अम्मा के साथ साझा किए। स्वामी अमृतस्वरूपानंद पुरी ने कहा- ÷अम्मा, हमारी प्यारी माँ, जिन्हें दुनिया के उत्थान का मिशन सौंपा गया है, प्रेरणा की किरण के रूप में खड़ी हैं। राष्टीयता, नस्ल, भाषा, धर्म, उम्र या सामाजिक प्रतिष्ठा की बाधाओं को पार करते हुए, उनके आलिंगन की कोई सीमा नहीं है।

# हत्या के मामले में दो गिरफ्तार

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

**फरीदाबाद।** खेत में भैंस गुसने पर हुए झगड़े में हुई हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को दबोच लिया है। पुलिस ने इस बाबत नामजद 12 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था जबकि अन्य आरोपियों की गिरफतारी के लिए क्राइम ब्रांच की टीम कर छापेमारी कर रही है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में मोहित और रविन्द्र उर्फ कल्लू का नाम शामिल है। दोनों आरोपी मंझावली का रहने वाले है। दोनों पक्षों का पहले भी किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई थी। खेत में भैंस गुसने पर विवाद हुआ जिसमें आरोपी पक्ष द्वारा रविवार के



दिन लाठी डंडे और रोड़ से हमला किया गया जिसमें प्रभु की रॉड़ की चोट से गंभीर रूप से घायल हो गए और जिनकी बाद मे मृत्यु हो गई। मृतक के पत्नी, बेटे और बेटियों को भी चोट लगी है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया है। मामले में क्राइम ब्रांच द्वारा आरोपी कल्लू उर्फ रविन्द्र और मोहित को काबू किया गया है। क्राइम ब्रांच टीम द्वारा मामले में जांच जारी है और मामले में शामिल अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

**योजना** | एडीसी ने बैंकों और सभी विभागों के अधिकारियों को समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना के तहत जरूरतमंद परिवार को दें योजना का लाभ : एडीसी आनन्द शर्मा

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद। एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री अन्त्योदय परिवार उत्थान योजना हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसके तहत जितने भी लोगों द्वारा विभिन्न विभागों को अलग-अलग योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन दिए गए हैं उन सभी को उस योजना का लाभ समय पर उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। एडीसी श्री शर्मा बुधवार को दोपहर बाद लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में सभी विभागों के अधिकारियों और बैंक अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना की समीक्षा कर रहे थे। एडीसी आनन्द शर्मा ने विभागवार समीक्षा करते हुए पशुपालन विभाग को सबसे बेहतरीन कार्य



के लिए बधाई दी। वहीं हरियाणा पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम के अधिकारी को बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने एक करके विभाग वार योजना की बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अन्य विभाग भी पशुपालन विभाग की तरह कार्य करें। इसके साथ ही उन्होंने जिला लीड बैंक अधिकारी को निर्देश दिए कि जिन भी विभागों को बैंकों से लोन मिलने में दिक्कत आ रही है। उन सभी को जल्द से जल्द इस कार्य को निपटाने के निर्देश दें। उन्होंने उन सभी बैंकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए जो काफी समय से लोन की फाइलें लंबित रखे हुए हैं। समीक्षा बैठक में एक लाख 80 हज़ार रुपये से कम आय के प्रत्येक व्यक्ति की आर्थिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से यह योजना शुरू की गई है। ऐसे में सभी विभाग जिन भी लोगों ने आवेदन किया है। उन्हें योजना का लाभ दें। समीक्षा बैठक में सीएमजीजीए श्रुति शर्मा, जिला बाल कल्याण अधिकारी एसएल खत्री, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उपनिदेशक सहित सभी विभागों के अधिकारी और बैंकों के अधिकारी मौजूद रहे।

### अंतिम दौर के अभ्यास में कलाकार कड़ी मेहनत करके बहा रहे पसीना: आज़ाद



**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद। श्री धार्मिक लीला कमेटी के निर्देशक हरीश चन्द्र आज़ाद ने बताया कि करीब 40 दिनों के अभ्यास के बाद अब अंतिम दौर का अभ्यास चल रहा है जिसमें कलाकर अपने अभिनय का जादू दर्शकों में दिखाने के लिये कड़ी मेहनत करके खूब पसीना बहा रहे हैं। प्रत्येक कलाकर दर्शकों की वाहवाही व तालीयाँ लूटने के लिये कोई कसर नहीं छोड़ रहा, उन्होंने बताया कि अब अभ्यास को फाईनल टच दिया जा रहा है। कल रात सभी कलाकारों ने कई प्रर्थानाओं का अभ्यास किया क्योंकि हम रोजाना रामलीला आरम्भ करने से पहले प्रार्थन करते हैं। इसी तरह कल कैकई व भरत के संवादों का अभ्यास किया।

## खबर फटाफट

### गलत प्रमाण पत्र देने पर आयुक्त कार्यालय का बेलदार बर्खास्त

**कैथल :** जिला पालिका आयुक्त कार्यालय के बेलदार को गलत प्रमाण पत्र लगा नौकरी लेने के मामले में बर्खास्त कर दिया गया है। जांच के बाद की गई कार्रवाई की पुष्टि नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी सुशील कुमार ने की है। उन्होंने बताया कि रिंकू की ड्यूटी बेलदार के पद पर कार्यरत रिंकू की ड्यूटी जिला पालिका आयुक्त कार्यालय में थी। उन्होंने दिव्यांगता का गलत प्रमाण पत्र लगाते हुए यह नौकरी हासिल की। उच्चाधिकारियों के आदेशों के बाद उनकी सेवाएं समाप्त कर दी हैं।सुशील कुमार ने बताया कि रिंकू शर्मा ने विज्ञापन संख्या 4-2018 में आवेदन किया था। इसमें दिव्यांग पात्रता 40 प्रतिशत होनी चाहिए थी, लेकिन इसके पास केवल 30 प्रतिशत का प्रमाण पत्र था। उसने नियमों को अनदेखा कर आवेदन कर दिया।

### रोडवेज कर्मचारियों ने बस अड्डे के मुख्य गेट पर जड़ा ताला

**हिसार :** रोडवेज कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को पूरा नहीं करने के विरोध में बुधवार को मुख्य बस अड्डे के दोनों गेट बंद कर ताले लगा दिए। उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रोषपूर्ण प्रदर्शन भी किया। उनके किए गए दो घंटे तक बसों का चक्का जाम करने से हजारों यात्रियों को परेशानी हुई। स्थिति पर नियंत्रण के लिए मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि पिछले काफी समय से मांगें लंबित चल रही हैं। कई बार रोडवेज महाप्रबंधक से मिल चुके है। मगर मांगों को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को कंफर्म नहीं करना, कर्मचारियों का टीए और डीए नहीं देना, 2016 के चालकों को समय पर वेतन नहीं देना आदि मांगें शामिल हैं।

### गोगामेड़ी जा रहे दो दोस्तों की सड़क हादसे में मौत

**हिसार :** गांव आर्य नगर के पास मंगलवार देर रात सड़क हादसे में दो दोस्तों की मौत हो गई और दो घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। मरने वाला निवासी सुनील और संदीप मुकलान गांव का रहने वाले थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दोनों शवों का नागरिक अस्पताल के शवगृह में पोस्टमार्टम करवाया गया। गंगवा गांव के सुनील और नरेश ने बताया कि सुनील मंगलवार रात को अपने दोस्त संदीप के साथ कार में सवार होकर शहर आए थे। यहां से चारों गंगवा गांव से गोगामेड़ी जाने के लिए निकले।जब आर्यनगर के पास ड्रेन के नजदीक पहुंचे तो अचानक अचानक कार का संतुलन बिगड़ने से कार पलट गई। लोगों ने घायलों को कार से बाहर निकाला और उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लेकर आए।

### भिवानी की पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से दो बच्चों की मौत

**भिवानी:** गांव बड़सी में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस व एंबुलेंस टीम मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद बम स्क्वायड हरियाणा की टीम ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का जायजा लिया।टीम के अधिकारी मौके पर रखे हुए पटाखों का जायजा लिया। बम स्क्वायड टीम के लगभग 8 से 10 कर्मचारी पहुंच गए। थाना बवानीखेड़ा से एसएचओ पवन कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर तैनात रहे। मृतकों का भिवानी के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। मामले की जांच की जा रही है।

### कॉलेज में झगड़े के दौरान चाकू लगने से छात्र ने दम तोड़ा

**कुरुक्षेत्र :** भगवान परशुराम कॉलेज में झगड़े के दौरान चाकू लगने से छात्र की मौत हो गई । युवक की पहचान शिवम के रूप में हुई है। युवक सीएसओ ग्रुप का बताया जा रहा है। उसकी रंजिश बीएसओ ग्रुप के साथ चल रही थी। बताया जाता है कि घायलावस्था में छात्र को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया और यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वह भगवान परशुराम कॉलेज में बीए द्वितीय वर्ष का छात्र था। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### सोनीपत के माइनर में मिला बच्चे का शव

**सोनीपत :** यहां गोपालपुर मार्ग से होकर गुजरने वाली पाई माइनर में बुधवार की सुबह एक बच्चे का शव मिला। बहकर आए शव को माइनर से बाहर निकालकर निकाला गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त नहीं होने पर उसे नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया गया। बताया जाता है कि सुबह दो ग्रामीण टहलते हुए गांव से खरखौदा की तरफ आ रहे थे। वह बीच रास्ते में मार्ग को क्रॉस करने वाली पाई माइनर की पुलिया पर बैठ गए। तभी उन्होंने देखा कि माइनर में एक बच्चे का शव बहकर आ रहा है। उन्होंने उसे बाहर निकाला औा पुलिस को सूचित किया। कहा जा रहा है कि किसी ने बच्चे को मारकर माइनर में फेंक दिया। पुलिस का कहना है कि शिनाख्त के प्रयास जारी हैं।

### चंडीगढ़ में बूथ ढहने से एक मजदूर की मौत, दो गंभीर

**चंडीगढ़: यहां** सेक्टर-33 में एक बूथ ढहने एक मजदूर की मौत हो गई और दो की हालत गंभीर बनी हुई है। बूथ नंबर 9-10 में एक कैफे शॉप है। यहां रेनोवेशन हो रहा था। बुधवार की शाम 5.00 बजे अचानक लेंटर गिरने से उसके नीचे कुछ मजदूर दब बए। इनमें एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई है। दो की हालत गंभीर बनी हुई है। समाचार लिखे जाने तक चौथे मजदूर को निकालने की कोशिश जारी है। बतायार गया कि हादसा उस समय हुआ जब ठेकेदार अपने मजदूरों के साथ प्लंबिंग और टाइल्स लगाने का काम कर रहा था। प्रशासन ने आधिकारिक रूप से किसी भी मजदूर की मौत की पुष्टि नहीं की है।

### दिल्ली-बठिंडा इंटरसिटी एक्सप्रेस की बहादुरगढ़ स्टेशन पर ठहराव की मांग

**बहादुरगढ़ :** दैनिक रेल यात्री समिति की ओर से दिल्ली-रोहतक-जींद सवारी गाड़ी के पुनःसंचालन करने और दिल्ली-बठिंडा इंटरसिटी एक्सप्रेस का बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन पर ठहराव कराने की मांग की गई है। प्रतिदिन इस स्टेशनों से हजारों की संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है। आरटीआई में उत्तर रेलवे विभाग ने सवारी गाड़ी को 23 सितंबर को चलाने की बात कही थी,जो नहीं हुई।

# कक्षा 9वीं से 12वीं के लिए एनरोलमेंट रिटर्न भरने की तिथियां निर्धारित

## भिवानी स्थित हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने शैक्षिक सत्र 2023-24 के लिए की व्यवस्था

भरोसा मित्र

**चंडीगढ़।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से संबंद्ध शैक्षिक सत्र 2023-24 में कक्षा 9वीं से 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए एनरोलमेंट रिटर्न भरने की तिथियां निर्धारित कर दी गई है। सभी राजकीय, अराजकीय स्थाई मान्यता प्राप्त एवं बोर्ड से स्थायी सम्बद्धता प्राप्त विद्यालय व गुरूकुल/विद्यापीठ बोर्ड की इसके लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।




इस बारे में शिक्षा बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि सभी विद्यालय मुखिया बिना विलम्ब शुल्क 9 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक, 100 रूपये विलम्ब शुल्क सहित 24 से 30 अक्टूबर तक, 200 रुपये विलम्ब शुल्क सहित 31 अक्तूबर से 06 नवम्बर तक, 300 रुपये विलम्ब शुल्क सहित 07 से 13 नवम्बर तक तथा 1000 रुपये विलम्ब शुल्क सहित 14 से 20 नवम्बर, 2023 तक ऑनलाइन आवेदन तथा छात्रों के विवरणों में 21 से 27 नवम्बर, 2023 तक ऑनलाइन शुद्धि कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य के विद्यार्थियों के लिए 150 रुपये प्रति विद्यार्थी एवं अन्य राज्यों के प्रवासी विद्यार्थियों के लिए 200 रुपये प्रति विद्यार्थी एनरोलमेंट शुल्क भरा जाना है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि सभी विद्यालय अपने यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों की एनरोलमेंट रिटर्न/शुल्क एक बार में (एकमुश्त) ऑनलाइन भरेंगे। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी विद्यार्थी का आवेदन फार्म ऑनलाइन स्वीकार नहीं किया जाएगा। विद्यालय द्वारा दाखिला खारिज रजिस्टर में अन्तिम विद्यार्थी के प्रवेश पृष्ठ की सत्यापित छायाप्रति अपलोड करवाई जानी अनिवार्य है। यह भी कहा गया है कि इसके अतिरिक्त कक्षा 9वीं व 11वीं के छात्रों का 50 रुपये प्रति छात्र प्रश्न पत्र शुल्क भी निर्धारित तिथियों में ऑनलाइन जमा करवाना होगा। एनरोलमेंट की अन्तिम तिथि के बाद प्रश्न-पत्र शुल्क 1000 रुपये अथवा सक्षम अधिकारी के आदेशानुसार शुल्क जुर्माना सहित भरना होगा अन्यथा प्रश्न-पत्र प्राप्त न होने की अवस्था में विद्यालय स्वयं जिम्मेवार होगा।

**रजिस्ट्रेशन किया गया अनिवार्य**

बोर्ड के अनुसार जिन विद्यार्थियों का 9वीं कक्षा में एनरोलमेंट पूर्व में हो चुका है और उन द्वारा कक्षा 10वीं की परीक्षा इसी बोर्ड से नियमित/मुक्त विद्यालय के तौर पर न देकर अन्य समकक्ष मान्यता प्राप्त बोर्ड से परीक्षा पास की है तो ऐसे विद्यार्थियों को कक्षा 11वीं में एनरोलमेंट करवाने की आवश्यकता नहीं है। कक्षा 11वीं में जिन विद्यार्थियों का एनरोलमेंट पहले ही हो चुका है ऐसे विद्यार्थी का विद्यालयों द्वारा पुनः रजिस्ट्रेशन भी करवाना अनिवार्य होगा, जिसके लिए 100 रुपये प्रति विद्यार्थी शुल्क भी ऑनलाइन जमा करवाना होगा। इसके अतिरिक्त कक्षा 9वीं, 10वीं व 12वीं में अध्ययनरत जिन विद्यार्थियों का पहले ही एनरोलमेंट हो चुका है और वे परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए हैं या दोबारा उसी कक्षा में दाखिला लिया है उनके एनरोलमेंट फॉर्म दोबारा भेजने की जरूरत नहीं है केवल रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होगा, जिसके लिए 100 रुपये प्रति विद्यार्थी शुल्क भी ऑनलाइन जमा करवाना होगा।

# डीएफओ तीन लाख की रिश्वत लेते पकड़ा गया



### ठेकेदार को अपने सरकारी आवास पर ले गया अधिकारी और एसीबी व सीएम फ्लाइंग का छापा मारकर उससे रुपये किए बरामद

भरोसा मित्र

**चरखी दादरी।** डीएफओ (डिविजन फोरेस्ट अधिकारी) दलीप सिंह को एंटी करप्शन ब्यूरो और मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की संयुक्त टीम ने तीन लाख की रिश्वत लेते पकड़ा है। टीम ने उनके कार्यालय से महज 10 कदम दूर सरकारी आवास से घूस राशि बरामद की। एंटी करप्शन ब्यूरो डीएसपी सुमित कुमार और मुख्यमंत्री उड़नदस्ता डीएसपी संदीप कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि डीएफओ दलीप सिंह ने ठेकेदार संदीप से बकाया राशि का भुगतान करने और उसकी एजेंसी को ब्लैक लिस्ट से हटाने की एवज में तीन लाख रुपये की डिमांड की थी।

इसके बाद ठेकेदार संदीप ने इसकी लिखित शिकायत उन्हें सौंपी। इस बारे में डीएसपी सुमित कुमार और संदीप कुमार ने बताया कि पूर मामले की जांच करने के बाद योजना के अनुसार बुधवार को ठेकेदार संदीप कुमार तीन लाख रुपये लेकर वन विभाग कार्यालय पहुंचा। उसके आने के बाद इसके बाद डीएफओ दलीप सिंह उसे अपने सरकारी आवास पर ले गए और वहां उनसे घूस राशि ले ली। इधर, ठेकेदार से इशारा मिलते ही संयुक्त टीम डीएफओ के सरकारी आवास पर पहुंच गई और वहां से रंगे हाथों गिरफ्तार करके उसके कब्जे से रिश्वत राशि बरामद कर ली।

# सिरसा : भाजपा मंडल अध्यक्ष व किसानों में हुई हाथापाई

### अभद्र भाषा का प्रयोग करने क ा लगाया आरोप,आंदोलन करने की चेतावनी दी

भरोसा मित्र



**सिरसा।** ऐलनाबाद में नरमे की तुलाई व रेट को लेकर बुधवार को मिल संचालकों, मार्केट कमेटी के सदस्यों व किसान यूनियन के पदाधिकारी में मीटिंग के दौरान किसानों व भाजपा मंडल अध्यक्ष के बीच में हाथापाई हो गई। आरोप लगाया गया कि भाजपा के मंडल अध्यक्ष द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। ।

इस पर यूनियन द्वारा आक्रोश जाहिर करते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाकर प्रदर्शन करने की बात दोहराई गई।

बताया जाता है कि किसान यूनियन प्रधान प्रकाश ममेरा, मार्केट कमेटी और मिल संचालकों की विगत दिवस मूसली गांव के किसान की 17 क्विंटल नरमे की तुलाई को लेकर वार्ता जारी थी। किसान यूनियन ने आक्रोश जाहिर करते हुए बुधवार को प्रदर्शन कर मामले को सुलझाने की बात रखी थी। इसी मुद्दे पर बैठक चल रही थी।

आरोप है कि जसवीर सिंह चहल ने आकर आकर मीटिंग की बात को बिना सुने ही अन्य प्रकार की विवादित बातें करनी शुरू कर दीं। आपत्ति करते हुए किसान नेता ने उन्हें मुद्दे से हटकर अन्य बात न करने को कहा। आक्रोशित होते हुए जसवीर सिंह चहल फिजूल की बातें करते हुए अभद्र भाषा पर आतुर हो गए। इससे किसानों व जसवीर सिंह चहल में हाथापाई शुरू हो गई।

प्रधान प्रकाश ममेरा ने बताया कि जसवीर सिंह चहल द्वारा की गई अभद्र भाषा का किसान यूनियन कड़े शब्दों में निदा करती है। जहां किसानों की बात की जानी थी, वहीं मुद्दे से हटकर बात करना अशोभनीय है। उन्होंने कहा कि जसवीर सिंह चहल हमेशा विवादों में रहा है। कहा गया कि जसवीर सिंह चहल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई जाएगी। चहल द्वारा कहे गए एक-एक शब्द का हिसाब किसान व मजदूर लेकर रहेगा। इसके लिए चाहे बड़ा आंदोलन क्यों न करना पड़े।

### टीकाकरण के रिकॉर्ड के साथ वैक्सीन का भी डाटा रहेगा पोर्टल पर

**चंडीगढ़:** नई व्यवस्था के अनुसार बच्चों व गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण के रिकार्ड के लिए बनाए गए यू विन पोर्टल से अब वैक्सीन मैनेजमेंट सप्लाई सिस्टम के ई-विन पोर्टल को जोड़ने की तैयारी है। इससे अब वैक्सीन का भी पूरा रिकार्ड पोर्टल पर होगा।

इसके बाद स्वास्थ्य विभाग को मैनुअली रिकार्ड एकत्र नहीं करना होगा। अभी हर सेंटर व कोल्ड चेन प्वाइंट से वैक्सीन की डिटेल ली जाती है। जिससे पता लगता है कि विभाग को कितनी और वैक्सीन की जरूरत है और कितनी वैक्सीन प्रयोग में आ चुकी है। इससे मानिटरिंग आसान रहेगी।

विशेष बात यह है कि ई-विन पोर्टल शुरू होने से भी विभाग का काफी काम आसान हुआ है, क्योंकि वैक्सीन को दो से आठ डिग्री सेल्सियस के तापमान के बीच रखना होता है। यह आइस लाइन रेफ्रिजरेटर में रखी जाती है। तापमान की निगरानी के लिए कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाती थी लेकिन ई विन पोर्टल शुरू होने से अब ऑनलाइन ही तापमान का पता लग जाता है। यह नेशनल व स्टेट से भी जुड़ा है। इससे सभी कोल्ड चेन प्वाइंट भी जुड़े हुए हैं।

# एसडीएम ने किया स्कूलों का निरीक्षण, तीन शिक्षक मिले गैरहाजिर

### इन शिक्षकों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए लिखा गया,कार्यालय मुखियाओं को जरूरी निर्देश भी दिए

भरोसा मित्र



**झज्जर।** सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए एसडीएम रविंद्र मलिक ने बुधवार को गांव दूबलधन स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ ही गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और राजकीय कन्या उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें निरीक्षण के दौरान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में तीन शिक्षक गैर हाजिर मिले, जिनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए लिखा गया है। उन्होंने कार्यालय मुखियाओं को जरूरी निर्देश भी दिए।

गौरतलब है कि बुधवार की सुबह एसडीएम बेरी सर्वप्रथम गांव दूबलधन स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पहुंचे और निरीक्षण किया, जिनमें तीन शिक्षक गैर हाजिर पाए गए। साथ ही विद्यालय में सफाई व्यवस्था को लेकर जरूरी निर्देश दिए। इसके बाद एसडीएम राजकीय कन्या उच्च विद्यालय पहुंचे और हाजिरी रजिस्टर जांचा। इसमें सभी स्टाफ सदस्य मौजूद पाए गए।

उन्होंने राजकीय कन्या विद्यालय का निरीक्षण करते हुए हाजिरी रजिस्टर चेक किया और स्कूल मुखिया से विद्यालय की साफ-सफाई और दैनिक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत चल रही गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति को ध्यान में रखते हुए किताबी ज्ञान के अलावा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित किया। विद्यालयों में बिजली, पानी, लैब आदि जरूरी सुविधाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एसडीएम गांव के ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने पीएचसी में स्टाफ की जानकारी लेते हुए आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएचसी का निरीक्षण करते हुए केंद्र प्रभारी से स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित नियमित गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट ली।

# राहत : तृतीय श्रेणी पदों की प्राथमिकता भरने में त्रुटियां सुधारने को मिलेंगे दो दिन

### जो अभ्यर्थी हस्ताक्षर नहीं कर पाए थे, वह भी प्रिंट लेकर दोबारा पेपर को अपलोड कर सकेंगे

भरोसा मित्र

**चंडीगढ़।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) ने राहत देते हुए तृतीय श्रेणी के 32 हजार पदों के लिए कैटेगरी की प्राथमिकता भरने में चूक करने वाले अभ्यर्थियों दो दिन का समय देगा ताकि वे अपनी गलतियों को सुधार लें। इस राहत के अनुसार अभ्यर्थी एचएसएससी की साइट पर लॉग इन कर प्रिंट ले सकेंगे। साइट पर लाग्म इन करने के बाद उन्हें अपनी शैक्षणिक योग्यता पूरी दिखाई देगी। वह प्रिंट लेकर उस पर हस्ताक्षर कर इसे दोबारा अपलोड कर सकेंगे। इससे पहले जो अभ्यर्थी हस्ताक्षर नहीं कर पाए थे, वह भी प्रिंट लेकर दोबारा पेपर को अपलोड कर सकेंगे।खास बात यह रहेगी कि उम्मीदवारों ने जो प्राथमिकता भरी है, उसमें कोई छेड़छाड़ की अनुमति नहीं दी जाएगी। केवल प्रिंट लेकर हस्ताक्षर ही अपलोड हो पाएंगे। बता दें कि प्रेफरेंस भरने की प्रक्रिया का लिंक एचएसएससी ने दो अक्टूबर को बंद कर दिया था।

स दौरान सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) पास करने वाले तीन लाख 20 हजार अभ्यर्थियों में से एक लाख 54 हजार 944 अभ्यर्थी ही प्रेफरेंस भर पाए थे।

पाया गया कि इनमें भी 7978 अभ्यर्थियों ने अपना पूरा फार्म नहीं भरा। कुछ युवाओं ने पुराने आवेदन के समय का प्रिंट लेकर अपलोड कर दिया था तो कुछ ने बिना हस्ताक्षर के ही पेपर अपलोड कर दिया। एचएसएससी ने इन युवाओं को गलती सुधारने का मौका देते हुए दो दिन पोर्टल खोलने का निर्णय लिया है। बताया गया कि पोर्टल पर फिलहाल पहले से भरी गई प्रेफ्रेंस में ही सुधार किया जा सकेगा। किसी को नई प्रेफ्रेंस भरने की इजाजत नहीं होगी। हालांकि प्रेफ्रेंस नहीं भर पाए डेढ़ लाख से अधिक युवाओं को भी जल्द ही आयोग राहत दे सकता है जिससे वे अपनी प्रेफ्रेंस भर सकेंगे। एक बात और प्रेफरेंस भरते समय आवेदक को कैटेगरी के सामने रोमन में 1, 2, 3 या अन्य नंबर लिखना होगा। आवेदक को अगर लगता है कि वह कैटेगरी नंबर पांच को पहली प्राथमिकता पर रखना चाहता है तो उसको उसके सामने रोमन में 1 नंबर लिखना होगा। इसी तरह अन्य कैटेगरी में भी आवेदकों को यही प्रक्रिया अपनानी होगी। इसके बाद इसे सबमिट करना होगा।

Haryana Staff Selection Commission (HSSC)

# पिता-पुत्र पर तेजधार हथियारों से किया हमला, पिता की मौत, बेटा गंभीर

भरोसा मित्र

**फतेहाबाद।** मंगलवार देर रात कुछ युवकों ने मामूली कहासुनी के बाद शहर के एक तूड़ी व्यापारी की तेजधार हथियारों से हत्या कर दी।इस हमले में मृतक का बेटा भी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मृतक के घायल बेटे की शिकायत पर तीन नामजद सहित चार युवकों पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपितों की पहचान फतेहाबाद निवासी बंटी, कुलदीप, मताना निवासी प्रिंस के रूप में की गई है। पुलिस ने इस मामले में कुछ युवकों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ जारी है।

लोगों ने उसे उपचार के लिए दोनों को नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां से उसे अग्रोहा मेडिकल रेफर किया गया है। घटना की एक सीसीटीवी वीडियो भी सामने आई है। फुटेज में कुछ युवक पिता-बेटे पर तेजधार हथियार से हमला करते हुए नजर आ रहे हैं।इस फुटेज में नजर आ रहा है कि मृतक कृष्ण के जमीन पर गिरने के बाद भी तीन-चार बार तेजधार हथियार से वार किए गए।

बताया गया कि शहर के गुरुनानकपुरा निवासी कृष्ण कुमार (48) अपने बेटे दीपक के साथ मिलकर तूड़ी बेचने व खरीदने का काम करते है। रात को वे भट्टू क्षेत्र में काम खत्म कर फतेहाबाद वापस आ रहे थे।कृष्ण कुमार बाइक पर तो दीपक किसी की कार लेकर आ रहा था। कि ढिंगसरा के पास जब दीपक ने कुछ दूर जाकर देखा कि स्कार्पियो सवार तीन चार युवक उसके पिता से झगड़ना शुरू कर दिया और मारपीट कर रहे थे, उसके पहुंचने पर फतेहाबाद की तरफ आरोपित फरार हो गए। फिर उन्होंने चाकुओं से उन पर हमला कर दिया। जिससे पिता कृष्ण कुमार को काफी घाव लगे।

सुविधा | चंडीगढ़ से आई टीम ने दी मंजूरी

# सूरजकुंड मेले में पहली बार लगेगा दीवाली मेला

### दिवाली त्योहार की थीम पर इस बार मेले बिखरेंगी सांस्कृतिक छटाएं

भरोसा मित्र

**चंडीगढ़।**विश्व प्रसिद्ध सूरजकुंड मेला परिसर में हरियाणा सरकार पहली बार दीवाली मेले का आयोजन करने जा रही है, जिसकी थीम दीवाली त्योहार रहेगी, इसी वजह से मेले में हैंडीक्राफ्ट के बजाए दीवाली शॉपिंग पर ज्यादा फोकस किया जाएगा। हालांकि पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए बड़ी चौपाल पर लोक कलाकार सांस्कृतिक छटाएं बिखेरेंगे।

हरियाणा पर्यटन विभाग निगम के एमडी नीरज कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद स्थित विश्व प्रसिद्ध सूरजकुंड मेला परिसर में हरियाणा सरकार ने पहला दीवाली मेला आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह मेला तीन नवंबर से शुरू होगा और दस नवंबर तक चलेगा। हालांकि मेले का स्वरूप अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले से छोटा रहेगा, लेकिन इसके बावजूद पर्यटकों के उत्साह को देखते हुए हरियाणा पर्यटन विकास निगम इस मेले को भी भव्य व आकर्षक बनाने की तैयारियों में जुट गया है। उन्होंने बताया कि अरावली की पहाड़ियों की मनोरम छठा के बीच मौजूद सूरजकुंड मेला परिसर अपने अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले को लेकर देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी प्रसिद्ध है। उन्होंने बताया कि फरवरी माह में लगने वाले अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले में हर साल लाखों पर्यटक देश-विदेश की कला-संस्कृति, खान-पान, हैंडीक्राफ्ट का आनंद लेने व खरीदारी के लिए आते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार पर्यटकों की मांग को देखते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस मेला परिसर मे पहली बार दीवाली मेला आयोजित करने का तोहफा दिया है। ऐसे में पहले दीवाली मेले को लेकर हरियाणा पर्यटन विकास निगम ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं।

### मेले की तैयारी में जुटा निगम

उन्होंने बताया कि प्राचीन सूरजकुंड को दीपों से सजाकर दीपोत्सव करने के लिए आर्केलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया से अनुमति लेने के लिए पत्र भी लिखा गया है। जल्द ही यह अनुमति मिलने की भी उम्मीद है। उन्होंने बताया कि मेले में खान-पान के लिए विशेष तौर पर फूड कोर्ट सजाई जा रही है। दीवाली मेले में आने वाले पर्यटक अच्छे खान-पान का आनंद ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि मेले का उद्देश्य पर्यटकों के त्योहारी सीजन को खास बनाना है और इसके लिए हरियाणा पर्यटन विकास निगम तैयारियों को बेहतरीन बनाने में जुटा है।



### इस बार किन उत्पादों पर रहेगा पर फोकस

उन्होंने बताया कि दीवाली मेले का स्वरूप अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले से छोटा रहेगा। सूरजकुंड मेला परिसर में पहली बार लगने वाले दीवाली मेले के लिए परिसर के एक तिहाई क्षेत्र को ही प्रयोग किया जाएगा। शुरुआत में पहले साल करीब 300 स्टाल ही तैयार किए जाएंगे। चूंकि अंतराष्ट्रीय मेले का फोकस हैंडीक्राफ्ट होता है इसलिए इस मेले को हैंडीक्राफ्ट की बजाए दीवाली के सामान व त्यौहार से जुड़ी खरीददारी पर केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेले में बड़ी चौपाल पर लगातार सांस्कृतिक कार्यक्रम चलेंगे, जिसमें पूरी तरह से भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं की झलक दिखाई देगी। इसके साथ ही दीपोत्सव खास आकर्षण रहने वाला है।

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।